SUNDAY
बिलासपुर, रविवार, 18 मई 2025
वर्ष - 35 | अंक - 18 | पृष्ठ - 12 |
मूल्य - 4.00 रु.
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
संपर्क करें :-bilaspurdeshbandhu@gmail.com
35 YEARS
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु

मड़ई
शब्दभेदी बाण पृष्ठ 4

नीरज चोपड़ा ने पहली बार 90 मीटर की बाधा का तोड़ा
तेंदुलकर के सम्मान में बीसीसीआई ऑफिस में बना बोर्ड रूम, किया उद्घाटन पृष्ठ 10

देश विदेश
गाजा में जारी युद्ध को लेकर मैं नेतन्याहू से निराश नहीं : ट्रंप
पुतिन ने अरब लीग के नेताओं को पहले रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में किया आमंत्रित
भुखमरी से दुनिया भर में 29.5 करोड़ लोग प्रभावित : संयुक्त राष्ट्र पृष्ठ 9

# आबकारी घोटाला मामले में एसीबी-ईओडब्ल्यू का छापा
## राज्य के 5 शहरों में दर्जन भर ठिकानों पर दबिश

**रायपुर/सुकमा**, 17 मई (देशबन्धु)। शराब घोटाले मामले में जेल में कैद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके करीबियों के ठिकानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू ने दबिश दी है। सूत्रों के मुताबिक, बस्तर संभाग के सुकमा, तोंगपाल, जगदलपुर और दंतेवाड़ा में 13 और रायपुर में 2 ठिकानों को मिलाकर कुल पंद्रह ठिकानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू की छापेमारी जारी है।



जानकारी के अनुसार, जगदलपुर स्थित प्रेम मिघलानी और रायपुर के संतोषी नगर स्थित नहाटा परिवार के अलावा अम्बिकापुर के बड़े कपड़ा व्यापारी व सरकारी विभागों में सप्लायर धजाराम इंटरप्राजेज के मालिक अशोक अग्रवाल और मुकेश अग्रवाल के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। सुबह तकरीबन 6 बजे एंटी करप्शन के अधिकारी व कर्मचारियों ने दबिश दी। बता दें कि इससे पहले ईडी ने 28 दिसंबर को पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, उनके बेटे हरीश कवासी के घर छापा मारा था। 15 जनवरी को लखमा को गिरफ्तार किया गया था। 21 जनवरी से लखमा रायपुर की सेंट्रल जेल में बंद हैं। कवासी लखमा के करीबी प्रेम मिगलानी के जगदलपुर धरमपुरा हाउसिंग बोर्ड स्थित निवास पर एसीबी-ईओडब्ल्यू की ज्वाइंट टीम की छापेमारी जारी है।

**लखमा को थी शराब घोटाले की पूरी जानकारी**

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में श्रेष्ठ ने कवासी लखमा के खिलाफ 3773 पन्नों का चालान पेश कर चुकी है। चालान में बताया गया है कि पूर्व आबकारी मंत्री लखमा को इस घोटाले की पूरी जानकारी थी। यही नहीं वे शराब घोटाले को अंजाम देने वाले सिंडिकेट के प्रमुख थे। इसके साथ ही कवासी लखमा की शराब नीति में बदलाव करने में भी भूमिका अहम थी। इसके अलावा चालान में शराब दुकान में निरीक्षण करने से पहले आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी से अनुमति लेने का भी जिक्र है।

**शराब घोटाले में ये हैं आरोपी-** ईडी के चालान में बताया गया है कि शराब घोटाले में अब तक कुल 21 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इसमें कवासी लखमा, अनवर ढेबर, अनिल टूटेजा, त्रिलोक सिंह ढिल्लन, छत्तीसगढ़ डिस्टलर, वेलकम डिस्टलर, टॉप सिक्योरिटी, ओम सांई ब्रेवरेज, दिशिता वेंचर, नेस्ट जेन पावर, भाटिया वाइन मर्चेंट और सिद्धार्थ सिंघानिया सहित अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।

### जो भी दोषी होंगे, उन्हें मिलेगी सजा : साय



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि एजेंसियां जाँच कर रही है। जो भी दोषी होंगे, उन्हें सजा मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए रायपुर से रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा में कहा कि तिरंगा यात्रा का आयोजन हो रहा है। 14 को रायपुर में किया गया था, आज पंचायतों में आयोजन है। सेना को धन्यवाद देने हम अपने विधानसभा क्षेत्र जा रहे हैं।

# दुनिया को भारत का संदेश देंगे सात प्रतिनिधिमंडल
## आतंकवाद के खिलाफ देश के मजबूत संदेश को दुनिया के सामने रखेंगे

**नई दिल्ली**, 17 मई (एजेंसियां)। विभिन्न दलों के सांसदों के नेतृत्व में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया को आतंकवाद को बिल्कुल भी बर्दाश्त न करने का भारत का भारत का कड़ा संदेश देने के लिए विभिन्न देशों में जाएंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरण किरेन रिजिजू ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इन सात प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व शशि थरूर, कांग्रेस, रविशंकर प्रसाद, भाजपा, संजय कुमार झा, जदयू, बैजयंत पांडा, भाजपा, कनिमोझी करुणानिधि, डीएमके, सुप्रिया सुले, एनसीपी और श्रीकांत एकनाथ शिंदे, शिव सेना करेंगे।

श्री रिजीजू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की निरंतर लड़ाई के संदर्भ में, सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### प्रतिनिधिमंडल पर राजनीति कर रही है सरकार : कांग्रेस पार्टी ने जिन नामों की सिफारिश की उन्हें नहीं भेज रही

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को विदेश तक पहुंचाने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के नाम पर राजनीति कर रही है और सर्वदलीय में शामिल होने के लिए जिन नामों की सिफारिश की जा रही है उन्हें नहीं भेज रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल के विदेशी दौरे करने की योजना सरकार ने तब बनाई जब उसे एहसास हो गया कि उसकी कूटनीति असफल हो चुकी है। उनका कहना था कि पार्टी सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का स्वागत करती है, लेकिन इसमें राजनीति को बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

**कांग्रेस ने भेजे थे ये नाम=** रिजिजू के अनुरोध पर पार्टी ने पूर्व विदेश मंत्री आनंद शर्मा, लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई, राज्यसभा सदस्य सैयद नासिर हुसैन और लोकसभा सदस्य अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के नाम सरकार को भेजे, लेकिन आश्चर्यचकित करने वाली बात यह है कि जो नाम पार्टी ने भेजा ही नहीं है उन्हें प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया गया है।

## सार संक्षेप

### मणिपुर पुलिस ने केएसओ अध्यक्ष पर की प्राथमिकी दर्ज

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने शनिवार को कुकी छात्र संगठन (केएसओ) दिल्ली के अध्यक्ष पाओजाखुप गुइते के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। मणिपुर पुलिस ने एक बयान में कहा कि गुइते ने उस वीडियो में मैतेई को धमकियां दीं जो उखरुल में शिरुई महोत्सव में हिस्सा लेंगे। वीडियो में, गुइते ने लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करते हुए कुकी को सभी मैतेई को मारने के लिए कहा।

### पोप लियो चौदहवे के अधिष्ठापन समारोह में भाग लेगा भारतीय प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** भारत सरकार का एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल वेटिकन सिटी में 18 मई को होने वाले पोप लियो चौदहवे के अधिष्ठापन समारोह में भाग लेगा। इसमे राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश और नागालैंड के उपमुख्यमंत्री यंथुंगो पैटन शामिल हैं।

### नूंह पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 23 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नूंह।** हरियाणा के नूंह जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 23 बांग्लादेशी नागरिकों को ईंट-भट्टे से गिरफ्तार किया है, जो अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। सभी एक स्थानीय गांव बाजड़का में स्थित ईंट-भट्टे पर मजदूरी का काम कर रहे थे।

### जासूसी करने के आरोप में यूट्यूबर ज्योति गिरफ्तार

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्तार किया गया है। हिसार पुलिस ने शनिवार को ज्योति को न्यायालय में पेश किया, जहां उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया। खुफिया ब्यूरो की टीम ज्योति से पूछताछ कर रही है। हिसार पुलिस के मुताबिक, ज्योति पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के संपर्क में थी।

# चप्पल से निकला 3.86 करोड़ का सोना

**मुंबई**, 17 मई (एजेंसियां)। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अदीस अबाबा से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे चाड के एक नागरिक को गिरफ्तार किया। इसके पास से 3.86 करोड़ रुपए मूल्य का 4,015 ग्राम सोना जब्त किया गया, जिसे उसने अपनी चप्पलों की एड़ी में छिपाकर रखा था। विशेष खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, डीआरआई के अधिकारियों ने मुंबई पहुंचने के तुरंत बाद ही चाड के नागरिक को पकड़ा।



उसने बेहद चतुराई से चप्पल की एड़ी में सोने के कई 'बार' छुपा रखे थे। अधिकारियों ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि चाड के नागरिक ने सीमा शुल्क जांच और कानूनी पहचान से बचने के लिए असामान्य तरीके से सोना छिपाया था। सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत सोने को जब्त कर लिया गया और यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया।

# सचिन पायलट का आगमन आज कई कार्यक्रमो में होंगे शामिल

**रायपुर**, 17 मई (देशबन्धु)। आईसीसी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट 18 मई रविवार को इंडिगो के नियमित विमान सेवा द्वारा शाम 5.30 बजे मुंबई से रायपुर पहुंचेंगे। शाम 6 बजे समता कालोनी में पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत हुये कारोबारी स्व. दिनेश मीरानिया के परिवार से मुलाकात करेंगे। शाम 6:30 बजे रायपुर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे एवं रात्रि विश्राम बिलासपुर में करेंगे। 19 मई सोमवार को दोपहर 2 बजे बिलासपुर से जांजगीर-चांपा के लिये रवाना होंगे। दोपहर 3 बजे जांजगीर-चांपा में आयोजित मेजर ध्यान चंद हॉकी स्टेडियम में संविधान बचाओ रैली के कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 5.30 बजे जांजगीर-चांपा से रायपुर के लिये रवाना होंगे। रात 8:30 बजे रायपुर से नियमित विमान सेवा द्वारा नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।



# नक्सली डायरेक्ट बात करेंगे तो सरकार चर्चा को है तैयार : विजय शर्मा

**सुकमा**, 17 मई (देशबन्धु)। गृहमंत्री विजय शर्मा ने आज सुकमा के चिंगावरम पहुंचकर 15 साल पहले नक्सल हमले में शहीद हुए 32 लोगों को विनम्र श्रद्धांजली दी। साल 2010 में आज ही की तारीख (17 मई) को नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में 32 लोगों की जान चली गई थी। आज इस घटना को पूरे 15 साल पूरे हो गए। अपने एक दिवसीय दौरे पर चिंगावरम पहुंचे गृहमंत्री शर्मा ने यहां उन सभी शहीदों को नमन करते हुए नक्सलियों द्वारा शांति वार्ता के प्रस्ताव पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि नक्सली डायरेक्ट सरकार से वार्ता करेंगे, तो हम भी बात करने को तैयार हैं। यानि अगर माओवादी संगठन सरकार से सीधे बात करने को तैयार होंगे, तो सरकार भी नक्सलियों से शांति वार्ता पर चर्चा करने को तैयार है।



**2026 तक नक्सवाद खत्म करने का है लक्ष्य-** आपको बता दें, केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा प्रदेश में ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### ट्रम्प ने फिर किया बड़ा दावा
# युद्ध विराम कराने से अधिक बड़ी भूमिका थी मेरी

**वाशिंगटन**, 17 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया है कि भारत और पाकिस्तान को युद्ध के कगार से निकालने में उन्हें सफलता मिली है और साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि भारत अमेरिका के लिए अपने आयात शुल्क में शत-प्रतिशत कटौती करने को तैयार है। फॉक्स न्यूज को दिए गए एक साक्षात्कार में, अमेरिकी राष्ट्रपति से जब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम कराने में उनकी भूमिका के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि युद्ध विराम में मध्यस्थता करने में अमेरिका की भूमिका उससे कहीं अधिक बड़ी है, जिसका श्रेय उन्हें कभी नहीं मिलेगा।



अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ी सफलता है, जिसका श्रेय मुझे कभी नहीं दिया जाएगा। इस बीच भारत ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ ने 10 मई को सीधे एक-दूसरे से बात की।

➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### दिल्ली में 'आप' को बड़ा झटका
# 15 पार्षदों ने दिया इस्तीफा
## नई पार्टी बनाने का किया ऐलान

**नई दिल्ली**, 17 मई (देशबन्धु)। देश की राजधानी दिल्ली की सियासत में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। आम आदमी पार्टी (आप) को उस वक्त करारा झटका लगा जब पार्टी के 15 निगम पार्षदों ने सामूहिक रूप से पार्टी से इस्तीफा दे दिया। हेमचंद, हिमानी जैन, रुनाक्षी शर्मा, उषा शर्मा, राखी यादव, साहिब कुमार, राजेश कुमार, मनीषा, सुमन समेत 15 पार्षदों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने वाले पार्षदों ने अब एक नया तीसरा मोर्चा (थर्ड फ्रंट) बनाने का ऐलान किया है, जिसका नाम 'इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी' रखा गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इन पार्षदों ने अपने फैसले की जानकारी दी। इस दौरान हेमचंद गोयल को नए फ्रंट का नेता घोषित किया गया। उनके नेतृत्व में यह नया राजनीतिक संगठन आगे की रणनीति बनाएगा और काम करेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुकेश गोयल, हिमानी जैन, देवेंद्र कुमार, राजेश कुमार लाडी, सुमन, अनिल राणा, दिनेश भारद्वाज सहित कई पूर्व निगम पार्षद मौजूद रहे।

### अब फग्गन सिंह की फिसली जुबान
# पाकिस्तान आतंकियों को कहा हमारे अपने

**डिंडोरी**, 17 मई (एजेंसियां)। मंत्री विजय शाह का कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिया बयान का मामला थमा भी नहीं है कि मंडला के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते विवादित बयान दे दिया। पाकिस्तान आतंकवादियों को लेकर उनकी जुबान फिसल गई और उन्होंने आतंकवादियों को अपना कह डाला। उन्होंने कहा, पाकिस्तान के जो हमारे आतंकवादी लोग हैं उनको सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया है। सांसद का पूरा बयान सुनेंगे तो आप भी हैरत में पड़ जाएंगे, कि आखिर सांसद देश के दुश्मन पाकिस्तान के आतंकवादियों को हमारे आतंकवादी जैसे शब्दों से क्यों संबोधित कर रहे हैं।

दरअसल, फग्गन सिंह कुलस्ते एक दिन पहले डिंडोरी के अमरपुर ब्लॉक में मीडिया को बयान देते हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि, 'भारत की सेना ने पाकिस्तान के हमारे आतंकवादियों लोगों को मुंह तोड़ जवाब दिया है। सांसद के बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# इसरो के 101वें मिशन की उल्टी गिनती शुरू
## भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी को बढ़ावा देगा

**चेन्नई**, 17 मई (एजेंसियां) पीएसएलवी-सी61/ईओएस-09 मिशन के रविवार को होने वाले प्रक्षेपण के लिए 22 घंटे की उल्टी गिनती शनिवार सुबह शुरू हो गई। यह मिशन पृथ्वी अवलोकन क्षमताओं को बढ़ाएगा और विशेष रूप से भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों की उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाली रडार इमेजरी प्रदान करेगा। भारतीय अंतरिक्ष संस्थान (इसरो) ने कहा कि उल्टी गिनती शविार सुबह 07.59 बजे शुरू हुई और सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है। गौरतलब है कि यह इसरो का 101वां मिशन है। तीन सौ इक्कीस टन भार उठाने वाला चार चरणों वाला 44.5 मीटर लंबा पीएसएलवी-सी61 अपनी 63वीं उड़ान में कल सुबह 05.59 बजे श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रथम लॉन्च पैड से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-09 (जिसका वजन 1,692.24 किलोग्राम है) लेकर उड़ान भरेगा। उल्टी गिनती के दौरान इसरो के चार-चरणीय और विश्वसनीय वाहन में प्रणोदक भरने का काम किया गया। यह मिशन इसलिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी को बढ़ावा देगा।

इसरो ने कहा, भारत अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम के 101वें मिशन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने के लिए तैयार है। मिशन पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को लगभग 549 किलोमीटर की ऊंचाई पर सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा (एसएसपीओ) में स्थापित करेगा। यह छह स्ट्रैप-ऑन मोटर्स के साथ पीएसएलवी-एक्सएल कॉन्फ़िगरेशन का 27वां संस्करण है और यह मिशन पेलोड और कक्षाओं की एक विस्तृत श्रृंखला में विश्वसनीय प्रदर्शन देने के पीएसएलवी के रिकॉर्ड को जारी रखता है। ईवीओएस -09 के तैनात होने के बाद पीएस4 चरण की ऊंचाई को कम करने के लिए ऑर्बिट चेंज थ्रस्टर्स (ओसीटी) का उपयोग किया जाएगा। इसके बाद इसके कक्षीय जीवन को सीमित करने के लिए निष्क्रियता की जाएगी, जो जिम्मेदार अंतरिक्ष संचालन के साथ संरेखित है।

➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

SHOBHIT DEEMED TO BE UNIVERSITY
Shobhit Institute of Engineering & Technology
NAAC A
UGC 12B Status Granted
36 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

Unleash Your Potential with Transformative Education

Admission Notice 2025-26

ENGINEERING
B.Tech. 26th Batch | AICTE Approved
Computer Science & Engg | Biomedical Engg
Biotechnology | Agriculture Engg
M.Tech. 19th Batch | AICTE Approved
Computer Science & Engg | Biomedical Engg
Biotechnology | Agriculture Engg
MANAGEMENT
BBA 30th Batch | AICTE Approved
Digital Marketing | Banking, Finance & Insurance
Global Business Management | General
MBA Plus 31st Batch | AICTE Approved
Digital Business & AI | Marketing & E commerce
Fintech, Banking & Insurance | People Mgmt & HR Analytics | Global Trade & Logistics Mgmt
Agri-business & Rural Entrepreneurship
Pharmaceutical & Healthcare Mgmt
AGRICULTURE
B.Sc. - Agriculture (Honors) 4 Yrs.
PSYCHOLOGY
BA - Psychology (Honors) 4 Yrs.
EDUCATION
B.Ed. 11th Batch | NCTE Approved
COMMERCE
B.Com. (Honors) | M.Com.
GOVT & ADMINISTRATION
BA - Govt. & Admin (Honors) 4 Yrs.
PG Diploma - 1 Yr.
Counseling Psychology | Yoga
Lateral Entry available in B.Tech. Programs

COMPUTER APPLICATIONS
BCA 30th Batch | AICTE Approved
AI & Machine Learning | Cyber Security
Internet of Things | Data Sc. | General
MCA 28th Batch | AICTE Approved
Advance Computing | Cloud Computing
Data Sc. & Machine Learning | IoT
Network & Info Security
LAW
12th Batch | BCI Approved
BA LLB | BBA LLB (Honors)
B.Com. LLB (Honors) | LL.B.
LL.M. (2 Yrs.) | LL.M. (1 Yr.)
APPLIED SCIENCES
B.Sc. (Honors)
Nutrition & Dietetics | Microbiology
Biomedical Sciences | Biotechnology
M.Sc.
Artificial Intelligence | Bio Informatics
Biomedical Sciences | Biotechnology
Clinical Research | Cyber Security
Data Science | Food Science & Tech
Maths | Medical Physics | Microbiology

The University offers a rigorous and research-oriented Ph.D. program aimed at fostering innovation and advancing knowledge across diverse disciplines.

PROUDLY RANKED 6 IN INDIA
Amongst Top Indian applicant for filing highest number of Patents by a SIRO Including IITs in 2023-24

Our Alumni Lead Globally in Technology, Research, Consulting & Engineering

APPLY NOW:
Limited Seats
Scholarships Available

India's first RRTS (RapidX)
Upto University Campus
(60 min. from Delhi to Campus)



SHOBHIT INSTITUTE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY
(NAAC 'A' Grade Accredited Deemed-to-be University) Campus: NH 58, Modipuram, Meerut, Delhi NCR
www.shobhituniversity.ac.in | 9870265521 / 7617505016
Delhi Office: Shobhit University Tower, Pocket B, Mayur Vihar Phase 2, New Delhi | +91-11-35205500
Programs Offered in Distance Mode
BBA | MBA | B.Com | M.Com
www.shobhitodl.in
Programs Offered in Online Mode
MBA | MCA
www.shobhit.online

# समाधान शिविर में पीछे बैठे किसानों को मंच के सामने बुला विधायक ने सुनी समस्याएं

## कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कुड़कई में आयोजित समाधान शिविर में 3792 आवेदनों के निराकरण की दी गई जानकारी

### संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने दिए निर्देश







**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 17 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तृतीय चरण में शुक्रवार को जनपद पंचायत पेण्ड्रा के कलस्टर ग्राम पंचायत कुड़कई में आयोजित समाधान शिविर में विधायक प्रणव कुमार मरपची ने कहा कि शिविर किसानों और ग्रामीणों से मिलने का एक अच्छा मंच है, यहां आमने-सामने बात करने का मौका मिलता है। उन्होंने शिविर में पीछे बैठे किसानों एवं ग्रामीणों को मंच के सामने बुलाकर बैठाया और माइक पकड़वाकर उनकी समस्याएं सुनी। ग्राम कुड़कई के ग्रामीणों ने विधायक से शुद्ध पेयजल, बेजा कब्जा हटाने, मवेशियों के लिए चारागाह, आवास, शौचालय, महतारी वंदन की राशि दिलाने, राशन कार्ड, धान खरीदी केन्द्र की स्थापना आदि की मांग रखी। इस पर विधायक ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर त्वरित निराकृत करने निर्देश दिए। विधायक ने समाधान शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने और सरकार की योजनाओं की जानकारी लेने और उसका लाभ उठाने ग्रामीणों से आग्रह किया।

कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने कहा कि सुशासन तिहार के तृतीय चरण में 5 से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलस्टर पंचायत कुड़कई में आयोजित समाधान शिविर में लटकोनी, नवागांव, बारीउमराव, टंगियामार, गिरारी, पनकोटा, अड़भार, कुड़कई, बचरवार, बंधी, सेवरा, अमरपुर, पतगंवा एवं झाबर पंचायत के ग्रामीणों से मांगों एवं शिकायतों से संबंधित कुल 4848 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 3792 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष 56 आवेदनों का निराकरण नियम-प्रक्रिया का पालन करते हुए किया जा रहा है। जो आवेदक शिविर में नहीं आए हैं, वे अपने आवेदन के निराकरण की जानकारी संबंधित पंचायत में प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी आवेदकों को उनके आवेदन के निराकरण की व्यक्तिगत सूचना भी दी जा रही है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में 13 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाओं का सिकलिंग एवं एनिमिया जांच सभी स्वास्थ्य केंद्रों में किया जा रहा है। जिले में 20 हजार किशोरी बालिकाओं के जांच का लक्ष्य है। अब तक 1052 बालिकाओं का जांच किया जा चुका है। जिन किशोरियों में कमी पाई गई हैं, उन्हें आयरन की गोली, सिरप दिया जा रहा है। उन्होंने सभी किशोरी बालिकाओं का निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में अनिवार्य रूप से जांच कराने अभिभावकों से अपील की। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की वय वंदना योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड बनवाने और स्कूली बच्चों की तरह आंगनबाड़ी केन्द्र के संभी बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनवाने में सहयोग करने कहा।

जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री समीरा पैकरा एवं उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह और जनपद अध्यक्ष पेण्ड्रा श्रीमती हेमकुंवर श्याम ने भी लोगों को संबोधित किया और उन्हें शिविर का लाभ उठाने प्रेरित किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य सहित सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित आवेदनों के निराकरण की पंचायतवार जानकारी दी। शिविर स्थल पर विभागीय स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, श्रम, स्वास्थ्य, उद्यान, कृषि, खाद्य, परिवहन, सहकारिता, समाज कल्याण और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत 60 से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

समाधान शिविर में पूर्ण पीएम आवास की चाबी, ऋण पुस्तिका एवं बी-1 खसरा-नक्शा, नोनी सुरक्षा योजना के तहत सहायता राशि, आयुष्मान कार्ड, वाकर, स्टीक, पोषण आहार किट, सब्जी बीज मिनि किट, हैंड स्प्रेयर, राशन कार्ड, लर्निंग लायसेंस, केसीसी कार्ड, व्हील चेयर एवं छड़ी और जाति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। साथ ही पांच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म और पांच नौनिहाल बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बूंदकुंवर मास्को, जनपद उपाध्यक्ष निशांत तिवारी, कलस्टर पंचायत में शामिल सभी पंचायतों के सरपंच, एसडीएम पेण्ड्रारोड ऋचा चंद्राकर, जनपद सीईओ नम्रता शर्मा, सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# अपर कलेक्टर ने की राजस्व प्रकरणों की समीक्षा

### गुणवत्तापूर्ण निराकरण के दिए निर्देश

**मुंगेली,** 17 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख गिरधारी लाल यादव द्वारा सभी राजस्व अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की गई। उन्होंने समय-सीमा से बाहर के सभी लंबित राजस्व प्रकरणों को आगामी 7 दिवस के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए। प्रत्येक न्यायालय के मदवार एक-एक प्रकरण की समीक्षा करते हुए उन्होंने कार्ययोजना बनाकर प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। अपर कलेक्टर ने सीमांकन, विवादित एवं अविवादित नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार, नक्शा, बटांकन जैसे प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही अभिलेखों की शुद्धता, खातों का डिजिटल हस्ताक्षर, मसाहती ग्रामों का सर्वेक्षण, नारंगी भूमि संबंधी कार्य तथा फॉर्मर रजिस्ट्री जैसे लंबित कार्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।



इस बैठक में सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार अपने रीडर सहित, भू-अभिलेख के अधीक्षक, सहायक अधीक्षक एवं कार्यालयीन स्टाफ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे।

# जिले में "आयुष्मान महाअभियान" 21 को

## एक लाख प्लस कार्ड बनाने का लक्ष्य, कलेक्टर ने आमजन से की सहभागिता की अपील

### स्वास्थ्य अमला घर-घर जाकर बनाएंगे आयुष्मान कार्ड




**मुंगेली,** 17 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन संकल्प को साकार करने की दिशा में जिले में 21 मई को "आयुष्मान महाअभियान" का भव्य आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर सुबह से शाम तक हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाएगी। कलेक्टर ने कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर महाअभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में कोई भी पात्र व्यक्ति आयुष्मान योजना से वंचित न रहे। अभियान के दौरान शिविरों एवं घर-घर संपर्क के माध्यम से अधिकतम लोगों तक पहुंच बनाकर शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड निर्माण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिन हितग्राहियों का नाम राशन कार्ड में नहीं जुड़ा है या जिनका आधार कार्ड अपडेट नहीं है, उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए कार्ड बनाए जाएं। उन्होंने बताया कि महाअभियान के दिन जिले में एक लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि 21 मई को आयोजित महाअभियान में अधिक से अधिक लोग भाग लें। जिनका अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, वे इस अवसर का लाभ उठाकर निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा हेतु अपना कार्ड अवश्य बनवाएं। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों में मुनादी, प्रचार-प्रसार तथा जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने के निर्देश दिए। बैठक में उप संचालक एटीआर गणेश यू. आर., जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अपर कलेक्टर मेनका प्रधान, तीनों अनुविभागीय दंडाधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

आयुष्मान कार्ड से 05 लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज आयुष्मान कार्ड, जिसे प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के रूप में भी जाना जाता है, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य बीमा योजना है। यह पात्र व्यक्तियों और परिवारों को मुफ्त चिकित्सा उपचार प्रदान करती है। इस कार्ड के माध्यम से देश के सूचीबद्ध अस्पतालों में बीपीएल परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए तक और एपीएल परिवारों को 50 हजार रुपए तक का निःशुल्क इलाज मिल सकता है। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड और राशन कार्ड में नाम होना आवश्यक है। वहीं, आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को सिर्फ आधार कार्ड के आधार पर 5 लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जाता है।

# लाश को बोरे में भरकर बाइक से पीएम के लिए अस्पताल लाए



प्रदेश में वर्तमान में कानून व्यवस्था की कैसी स्थिति है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि थाने में वाहन उपलब्ध होने के बाद ही व्यथित और शोक संतप्त परिजनों को शव को दूपहिया वाहन से ले जाने को मजबूर कर दिया गया और इधर प्रदेश की सरकार झुठी वाहवाही लुटने में लगी हुई है जबकि हकिकत यह है कि आमजन पीड़ित हो रहे है। बिहारी देवांगन अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी तखतपुर। वाहन खराब होने के कारण परिजनों को वाहन उपलब्ध नही कराया जा सका। देवेश कुमार राठौर थाना प्रभारी तखतपुर।

**तखतपुर** 17 मई (देशबन्धु)। चौकी प्रभारी जूनापारा के अमानवीय व्यवहार के कारण सड़ी हुई शव को बोरी में भरकर दूपहिया वाहन से पोस्टमार्टम के लिए 20 किलों मीटर दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर परिजन लेकर पहुंचें। परिजनों की दुर्दशा को चौकी प्रभारी ने नही समझा और उन्हें अपने हाल पर छोड़ दिया। शोक से व्यथित परिजन उस अवशेष को दूपहिया वाहन में ही लेकर स्वास्थ्य केंद्र आए जहां पर पोस्टमार्टम किया गया। इधर थाने में पेट्रोलिंग वाहन होने के बाद भी मृत शरीर के पोस्टमार्टम हेतू जानबुझकर उपलब्ध नही कराया। पुलिस के इस रवैईये से परिजन और ग्रामीण काफी आक्रोशित है। परिजन जब शव को लेकर थाने पहुंचें तो वहां पर उपस्थित चौकी प्रभारी मनोज शर्मा ने व्यथित परिजनों से कहा कि यहां पर कोई वाहन नही है इसलिए स्वयं की व्यवस्था कर उसे स्वास्थ्य केंद्र जाए जहां पर शव का पोस्टमार्टम होगा। दुख से व्याकुल परिजनों ने वाहन खोजा और जब नही मिला तो बोरी में भरकर अपने दूपहिया वाहन से लाश को पोस्टमार्टम के लिए 20 किलों मीटर दूर स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर पहुंचें।

घर के लिए सूखी लकड़ी इकठ्ठा करने गए युवक का शेर ने शिकार कर लिया। परिजनों ने जब व्यक्ति के घर नही पहुंचने पर खोजबिन किया तो उस मृत व्यक्ति का अवशेष जंगल में मिला। सकेरी निवासी उमाशंकर साहू 15 मई को शाम 5 बजे घरेलू कार्य के लिए सूखी लकड़ी लेने के लिए जंगल कि तरफ पैदल गया हुआ था और जब देर रात तक वह घर नही पहुंचा तो परिजन आसपास खोजने लगे और ज्यादा रात होने पर दूसरे दिन फिर उसकी खोजबिन किए ढुंढते ढुंढते परिजन जब जोगीपुर के लीम घाट झरना के पास पहुंचें तो उमाशंकर का मृत शरीर मिला और केवल धड़ सड़ी गली अवस्था में मिला। लाश को देखने से शेर के द्वारा उस व्यक्ति पर हमला कर उसके शरीर के अंगों को खाने से मरने की जानकारी मिली है।

घटना की जानकारी मिलते है वन विभाग और पुलिस विभाग को इसकी सूचना दी गई बिलासपुर से फोरेंसिक टीम घटना स्थल पर पहुंचीं और शव का परीक्षण के उपरांत पंचनामा कराया गया था शव को परिजनों को सौंप दिया वहीं पुत्र जोहित साहू की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। दो माह पूर्व शेर का हमलाद्व इस क्षेत्र में लगभग 2 माह पूर्व शेर ने ग्राम कठमुड़ा के किसान पर शेर ने हमला किया था और उसके बाद लगभग एक सप्ताह तक ग्रामीण दहशत में थे वहीं वन विभाग की टीम भी सतत निगरानी कर रही थी फिर धीरे-धीरे यह मामला शांत हो गया था और एक बार आज फिर से एक ग्रामीण की जंगली जानवर के हमले से मरने पर ग्रामीण क्षेत्रों में फिर से हड़कंप मच गया है।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**दुनिया को भारत का संदेश देंगे ...**

प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करने वाले हैं। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में, भारत एकजुट है। सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेंगे, जो आतंकवाद के प्रति शून्य-सहिष्णुता के हमारे साझा संदेश को लेकर जाएंगे। राजनीति से ऊपर, मतभेदों से परे राष्ट्रीय एकता का यह एक शक्तिशाली प्रतिबिंब है। विभिन्न दलों के संसद सदस्य, प्रमुख राजनीतिक हस्तियां और प्रतिष्ठित राजनयिक प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ दृष्टिकोण को प्रदर्शित करेगा। वे आतंकवाद के खिलाफ शून्य-सहिष्णुता के देश के मजबूत संदेश को दुनिया के सामने रखेंगे।

**थरूर बोले, सम्मानित महसूस कर रहा हूं**

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए नामांकन स्वीकार करते हुए थरूर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं हाल की घटनाओं पर हमारे देश का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए भारत सरकार के निमंत्रण से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। जब राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की आवश्यकता होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा। जय हिंद!

**नक्सली डायरेक्ट बात करेंगे तो ...**

नक्सलवाद को खत्म करने के लिए समय सीमा और लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत राज्यो में सुरक्षा बल के जवान लगातार सर्चिंग ऑपरेशन चलाकर नक्सलियों समेत उनके हथियार, दैनिक जीवन उपयोगी सामग्री के सोर्सेज का भी खात्मा कर रहे हैं। इससे नक्सल संगठनों पर दबाव काफी अधिक बढ़ गया है। वहीं जवानों की कार्रवाई से घबराए कई नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी कर दिया है।

**बढ़ते दबाव से परेशान नक्सलियों ने की शांति वार्ता की मांग**

हाल के दिनों में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर बड़ा एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाया गया। यहां स्थित कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर पहले नक्सलियों का कब्जा हुआ करता था, लेकिन जवानों ने इस पर भी फतेह हासिल कर तिरंगा लहरा दिया। इसी बीच बढ़ते दबाव को देखते हुए नक्सल संगठन ने पत्र जारी कर सरकार को शांति वार्ता का प्रस्ताव भेजा था और कार्रवाई रोकने की मांग की थी। हालांकि सरकार ने इससे इनकार करते हुए उन्हें केवल 2 विकल्प दिए थे। पहला- आत्म समर्पण कर मुख्यधारा से जुड़ने का और दूसरा- जवानों की कार्रवाई का सामना करने का। नक्सलवाद के खिलाफ लगातार मिल रही सफलता के बाद अब गृहमंत्री शर्मा ने शांति वार्ता के लिए कहा कि सीधी बात करने की स्थिति में सरकार भी नक्सलियों से शांति वार्ता करने को तैयार हैं।

**युद्ध विराम कराने से अधिक...**

श्री ट्रम्प ने कहा, वे प्रमुख परमाणु शक्तियां थीं, ... और वे क्रोधित थे, और अगला चरण शायद, आप देख सकते हैं कि यह जिस तरह से चल रहा था, वह एक दूसरे को जवाब देने जैसा था। उन्होंने कहा, यह संकट गहराता जा रहा था, और अधिक मिसाइलें चल रहीं थीं, हर दिन यह उग्र होता जा रहा था, विकराल होता जा रहा था, एक बिंदु तक जहां अगला चरण था, आप जानते हैं 'एन' शब्द। जिस पर साक्षात्कारकर्ता ने उत्तर दिया, 'परमाणु।'

**व्यापार का उपयोग एक चाल के रूप में किया था**

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'एन शब्द एक बहुत ही बुरा शब्द है, यह सबसे बुरी चीज हो सकती है, और मुझे लगता है कि वे परमाणु युद्ध के बहुत करीब थे। नफरत बहुत थी और मैंने कहा, हम व्यापार के बारे में बात करने जा रहे हैं, हम बहुत सारा व्यापार करने जा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं व्यापार का उपयोग हिसाब चुकता करने और शांति स्थापित करने के लिए कर रहा हूं।' उन्होंने अपना यह दावा भी दोहराया कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध को टालने में मदद की थी और उन्होंने दोनों देशों को और अधिक शत्रुता में पड़ने से रोकने के लिए व्यापार का उपयोग एक चाल के रूप में किया था।

**इसरो के 101 वें मिशन की...**

इसरो ने कहा, उपग्रह पृथक्करण के बाद कक्षा परिवर्तन थ्रस्टर्स (ओसीटी) का उपयोग पीएल-चार चरण की कक्षा की ऊंचाई को कम करने के लिए किया जाएगा, ताकि कक्ष में इसका जीवन कम हो सके, इसके बाद चरण निष्क्रियता होगी। इसरो के अनुसार ईओएस-09 (जिसका मिशन जीवन पाँच वर्ष है) को विभिन्न क्षेत्रों में परिचालन अनुप्रयोगों के लिए निरंतर और विश्वसनीय रिमोट सेंसिंग डेटा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

**हर मौसम में चित्र प्रदान करने में सक्षम**

मिशन में एक सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर ) पेलोड है, जो सभी मौसम की स्थिति के तहत विभिन्न पृथ्वी अवलोकन अनुप्रयोगों के लिए चित्र प्रदान करने में सक्षम है। सक्रिय सी-बैंड एसएआर का उपयोग करते हुए, यह सैन्य निगरानी के अलावा कृषि, वानिकी, मिट्टी की नमी, भूविज्ञान, समुद्री बर्फ, तटीय निगरानी, वस्तु पहचान और बाढ़ निगरानी जैसे अनुप्रयोगों में सभी मौसमों के साथ-साथ दिन-रात एसएआर अवलोकन क्षमता प्रदान करेगा। उपग्रह को उसके प्रभावी मिशन जीवन के बाद कक्षा से बाहर निकालने के लिए पर्याप्त मात्रा में ईंधन आरक्षित किया गया है, ताकि इसे ऐसी कक्षा में उतारा जा सके जो दो साल के भीतर इसके क्षय को सुनिश्चित करे।

# श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह आज से

**तखतपुर** 17 मई (देशबन्धु)। श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन निर्मला निकेतन पड़रिया रोड़ तखतपुर में 18 से 26 मई तक किया गया है जिसमें कथा व्यास पं राजेश पाण्डेय, मुख्य यजमान पूर्णिमा सुरेंद्र पाठक है। तैयारी में अनिल पाठक, सुनील पाठक, अजय पाठक, विष्णु सेवक, लक्ष्मी सेवक, चेतन पाठक, राजेंद्र पाठक और रामेंद्र पाठक सहित अन्य जुटे हुए है।

# केकती में निकाली गई तिरंगा यात्रा




**तखतपुर** 17 मई (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत केकती में तिरंगा यात्रा निकाली गई और सैनिकों की शौर्य को सलामी दिए। सरपंच संघ अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने अपने पंचायत केकती में ग्रामीणों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली जिसमें ग्रामीण तिरंगे के साथ भ्रमण किया। और भारत के सैनिकों के शौर्य का सलामी दिए इस अवसर पर सरपंच संघ अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे देश के सैनिकों ने पाकिस्तान को लोहे के चने चबाने पर मजबूर कर दिए। पाकिस्तान के नापाक इरादों को भारतीय सैनिकों ने कुशल रणनीति के तहत ध्वस्त कर दिए। भारत की सैनिकों की जाबांजी का पूरे विश्व ने लोहा माना है और आज पूरे विश्व में भारतीय सैनिक प्रथम पंक्ति पर खड़ा हुआ है।

# जोगीसार में आयोजित समाधान शिविर में 4885 आवेदनों के निराकरण की दी गई जानकारी

### अंतिम छोर तक पात्र हितग्राहियों को मिलना चाहिए योजनाओं का लाभ- कलेक्टर



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 17 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तृतीय चरण में गुरूवार को गौरेला विकासखण्ड के कलस्टर ग्राम पंचायत जोगीसार में समाधान शिविर आयोजित किया गया। इस कलस्टर पंचायत में 14 ग्राम पंचायत-भदौरा, ललाती, खोडरी, बढ़ावनडांड, ठेंगाडांड, गौरखेड़ा, जोगीसार, सधवानी, करगीखुर्द, उमरखोही, डुगरा, बेलपत, बनझोरका एवं नेवरी नवापारा के ग्रामीणों द्वारा सुशासन तिहार के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। शिविर में कलेक्टर, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी विभागों के अधिकारियों ने उनके विभाग से संबंधित प्राप्त आवेदनों की संख्या और प्रत्येक आवेदन के निराकरण की स्थिति से पंचायतवार आवेदकों को जानकारी दी। साथ ही स्टाल लगाकर विभागीय योजनाओं, योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्रता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी।

कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने कहा कि समाधान शिविर में सुशासन तिहार के पहले चरण में मांगों एवं शिकायतों से संबंधित प्राप्त आवेदनों पर क्या कार्रवाई की गई है, कि जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जोगीसार कलस्टर में शामिल पंचायतों से कुल 4898 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 4885 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष 13 आवेदन राजस्व विभाग से संबंधित है, जिनका प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। ईश्तहार जारी होने के बाद इनका भी निराकरण किया जाएगा और आवेदकों को निराकरण की सूचना भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिविर में आवेदनों के निराकरण की जानकारी के साथ ही विभागीय योजनाओं की भी जानकारी दी जा रही है। शिविर का उद्देश्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और अंतिम छोर तक पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री समीरा पैकरा ने कहा कि सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को दिलाने के लिए कड़ी धूप और भीषण गर्मी में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे शिविर में जाकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं। यह उनके लिए अच्छा मौका है, क्योंकि सभी विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर उपस्थित रहते हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य ने कहा कि सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों में पंचायत विभाग को अधिकांश आवेदन पीएम आवास के मिले हैं। लगभग 11 हजार आवेदन आवास से संबंधित है। जिले में लगभग 40 हजार आवास के लिए नवीन सर्वे हुआ है। आवास की स्वीकृति मिलने पर सभी आवेदनों का निराकरण हो जाएगा। उन्होंने पूर्व में स्वीकृत आवासों के निर्माण में गुणवत्ता के साथ तेजी लाने के लिए जनप्रतिनिधियों से सुझाव एवं सहयोग के लिए आग्रह भी किया।

समाधान शिविर में कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया। राजस्व विभाग द्वारा 20 हितग्राहियों को बी-1 खसरा एवं 2 हितग्राहियों को पट्टा, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, उद्यानिकी विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को सब्जी बीज एवं दवा किट, कृषि विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को स्पेयर, परिवहन विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को ड्रायविंग लायसेंस, समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को छड़ी, सहकारिता विभाग द्वारा 8 हितग्राहियों को केसीसी कार्ड, श्रम विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को श्रम कार्ड और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 18 बच्चों को जाति प्रमाण पत्र एवं 8 बच्चों को नोनी सुरक्षा बांड वितरण के साथ ही 5 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म और 3 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्री भंवर सिंह गोवास, श्री पवन पैकरा, जनपद अध्यक्ष गौरेला श्री शिवनाथ बघेल एवं सदस्य जगदेव पैकरा, गणमान्य नागरिक बृजलाल राठौर, ज्ञानेन्द्र उपाध्याय, अजय तिवारी, कलस्टर पंचायत में शामिल सभी पंचायतों के सरपंच, एसडीएम पेण्ड्रारोड ऋचा चंद्राकर, सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**एनेक्जर-ए**

**कार्य विवरण:** बिलासपुर मंडल के बिलासपुर (BSP) रेलवे स्टेशन के परिचालन क्षेत्र/स्थान पर चार पहिया वाहनों के पार्किंग कार्य के लिए लाइसेंस आबंटन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की गयी है।

1 (एक) वर्ष की अवधि के लिए बिलासपुर मंडल के बिलासपुर (BSP) रेलवे स्टेशन के सिर्कुलेटिंग क्षेत्र पर चार पहिया वाहनों के पार्किंग कार्य के लाइसेंस आबंटन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की गयी है। कैटेलॉग पहले ही दिनांक 08.05.2025. IREPS वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार है:-

**केटेलॉग क्र.:** PARK-BSP-4W-25

**श्रेणी:** पार्किंग-चार पहिया वाहन

**अनुबंध अवधि:** 365 दिनों

| नीलामी दिनांक एवं समय | लॉट क्रमांक | लॉट विवरण |
|---|---|---|
| 23.05.25 11:30:00 | PARKING-BSP-BSP-FW-25-1 | बिलासपुर मंडल के बिलासपुर (BSP) रेलवे स्टेशन परिचालन क्षेत्र पर चार पहिया वाहनों के पार्किंग के लिए लाइसेंस |

मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ बिलासपुर

सीपीआर/10/54

South East Central Railway @secrail

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं भारती यादव उम्र 36 वर्ष पति सुनील कुमार यादव जाति यादव निवासी वार्ड नं. 4 इदगाह गली सक्ती तहसील सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) यह सूचित करती हूं कि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम अंश यादव है जो उसके जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है परंतु उसके आधार कार्ड नं. 532895865006 में उसका नाम त्रुटिवश उज्जवल यादव दर्ज हो गया है। अंश यादव और उजजवल यादव दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है। अत: मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम उज्जावल यादव को सुधारकर अंश यादव दर्ज किये जावे।

**भारती यादव**
**वार्ड नं 4 इदगाह गली**
**सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.)**

# देश

उवाच

भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला कर कई आतंकवादियों को खत्म कर दिया। देश की सेना पाकिस्तान से युद्ध करने में सक्षम है। पाकिस्तान जो हमारे साथ हमेशा नापाक हरकत करता रहता है, उसका अंत करने में सेना पूरी तरह सक्षम है।

-अलका लांबा,कांग्रेस की महिला अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36` | 29` |
| मुंबई | 31` | 29` |
| कोलकाता | 34` | 27` |
| चेन्नई | 32` | 28` |

# संकट में भारत का विरोध करने वाले देशों की अर्थव्यवस्था को न बनाएं सशक्त : धनखड़

## जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के वार्षिक दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 17 मई (एजेंसियां)। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एक

- राष्ट्रहित, सुरक्षा व शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर किए विचार साझा

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रहित, सुरक्षा और शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों, शिक्षकों और गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब वह समय नहीं रहा जब हम अपने हितों के विरोधी देशों को यात्रा या आयात के माध्यम से सशक्त करते रहें। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि अब समय आ गया है जब हममें से प्रत्येक को आर्थिक



अब वह समय नहीं रहा जब हम अपने हितों के विरोधी देशों को यात्रा या आयात के माध्यम से सशक्त करते रहें : जगदीप धनखड़

राष्ट्रवाद के बारे में गहराई से सोचना चाहिए। हम अब उन देशों की अर्थव्यवस्थाओं को सुधारने के लिए यात्रा या आयात के माध्यम से अपनी भागीदारी के कारण खर्च नहीं कर सकते जो संकट के समय हमारे खिलाफ खड़े हो जाते हैं। हर व्यक्ति राष्ट्र की सुरक्षा में मदद करने के लिए सशक्त है और हम व्यापार, व्यवसाय, वाणिज्य, विशेष रूप से सुरक्षा के मुद्दों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमें हमेशा एक बात ध्यान में रखनी चाहिए, और वह है राष्ट्र प्रथम। हर चीज को राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण के आधार पर देखा जाना चाहिए।

### उप राष्ट्रपति ने की ऑपरेशन सिंदूर की सराहना

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए धनखड़ ने भारत के सशस्त्र बलों की सराहना की। मैं ऑपरेशन सिंदूर की उल्लेखनीय सफलता के लिए सभी सशस्त्र बलों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को अपना सलाम करता हूं। यह पहलगाम में हुई बर्बरता के खिलाफ एक उल्लेखनीय जवाब था। 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद हमारे नागरिकों पर यह सबसे घातक हमला था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के हृदय स्थल बिहार से पूरे विश्व बिरादरी को संदेश भेजा। वे खोखले शब्द नहीं थे। दुनिया को अब एहसास हो गया है कि जो कहा जाता है वह हकीकत है। अब कोई सबूत नहीं मांग रहा है। दुनिया ने देखा और स्वीकार किया है। हमने यह गाथा देखी है जब सशस्त्र बलों और सैन्य शक्ति और राजनीतिक शक्ति के साथ भारत द्वारा सिंदूर को उत्कृष्टता से न्याय दिलाया जाता है। धनखड़ ने कहा कि भारत के आतंकवाद विरोधी प्रयासों में एक नया मानक स्थापित हुआ है। युद्ध की कार्यप्रणाली और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक नया मानक स्थापित हुआ है। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाक की सीमा के अंदर बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद को निशाना बनाया। अंतरराष्ट्रीय सीमा से परे आतंकियों के अड्डों को निशाना बनाया गया। इसे दुनिया ने देखा और स्वीकार किया है। यह सीमापार की गई भारत की अब तक की सबसे बड़ी स्ट्राइक है। यह स्ट्राइक सावधानीपूर्वक और सटीक तरीके से की गई थी, ताकि आतंकवादियों को छोड़कर किसी को कोई नुकसान न पहुंचे। धनखड़ ने 2 मई 2011 को अमेरिकी ऑपरेशन का जिक्र करते हुए कहा कि जब एक वैश्विक आतंकवादी ने 2001 में अमेरिका के अंदर 11 सितंबर के हमले को अंजाम दिया, तब अमेरिका ने उसके साथ भी ऐसा ही किया।

## कर्नाटक ने आरक्षण सर्वेक्षण की बढ़ाई समय-सीमा

**बेंगलुरु,** 17 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक सरकार ने अनुसूचित जातियों (एससी) में आंतरिक आरक्षण को लेकर चल रहे घर-घर सर्वे की समय सीमा बढ़ा दी है। आयोग के अध्यक्ष एवं उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एच.एन. नागमोहन दास ने शनिवार को बताया कि जनगणना प्रक्रिया पांच मई को शुरू हुई थी। यह फैसला समाज के हाशिए पर मौजूद अनुसूचित जाति समुदाय के पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। अब तक 72 प्रतिशत लक्ष्य पूरा हो चुका है और तकनीकी समस्याएं भी सुलझा ली गई हैं। अब एक सौ प्रतिशत कवरेज का भरोसा है। उच्चतम न्यायालय की अनुमति के बाद कर्नाटक सरकार ने एससी आरक्षण का समान बंटवारा सुनिश्चित करने के लिए एक सर्वे शुरू किया है। नवंबर 2023 में, न्यायमूर्ति दास की अध्यक्षता में आयोग गठित किया गया था। राज्य में अनुमानित 25.72 लाख एससी परिवारों के बीच 17 प्रतिशत आरक्षण को 101 उप-जातियों में कैसे बांटा जाए, यह सर्वे उसी पर आधारित है। न्यायमूर्ति दास ने बताया कि सर्वे के दौरान कुछ लोगों की जाति बताने में हिचकिचाहट और उप-जातियों की पहचान को लेकर भ्रम जैसी चुनौतियां सामने आईं।

# सीमावर्ती लोगों के पुनर्वास के अब कदम उठाए सरकार : सज्जाद लोन

## सरकार व कॉर्पोरेट घराने से किया मदद करने का आग्रह

**श्रीनगर,** 17 मई (एजेंसियां)। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं हंदवाड़ा के विधायक सज्जाद लोन ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में हाल ही में सीमा पर हुई गोलाबारी से प्रभावित परिवारों को तत्काल और पूर्ण मुआवजा देने की मांग की और सरकार-कॉर्पोरेट घराने से मदद करने का आग्रह किया। लोन ने कॉर्पोरेट नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहलों सहित सरकारी और गैर-सरकारी दोनों स्रोतों से धन जुटाने के लिए समर्पित एक अस्थायी संस्थान की स्थापना का भी प्रस्ताव रखा। सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा करने के बाद उन्होंने स्थानीय समुदायों की स्थिति पर चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि मनोवैज्ञानिक आघात उतना ही गंभीर है, जितना कि भौतिक विनाश। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि ये नागरिक राष्ट्रीय संघर्ष के शिकार हैं, न कि व्यक्तिगत विवादों के। उन्होंने कहा कि उनके घरों पर व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण गोलाबारी नहीं की गई। उनके घरों पर सीमापार से गोलाबारी की गई। युद्ध की कीमत देश को वहन करनी पड़ती है। युद्ध की कीमत गरीब सीमावर्ती लोगों को क्यों वहन करनी चाहिए।



लोन ने सरकार की सहायता की आलोचना की और कहा कि यह सहायता अपर्याप्त है तथा नौकरशाही के लिहाज से बोझिल है। उन्होंने कहा, सरकार के पास उपलब्ध पारंपरिक उपाय मुआवज़ा देने के लिए बहुत कम हैं और अपमानजनक हैं। उन्होंने बताया कि प्रभावित परिवारों को अक्सर व्यापक कागजी कार्रवाई के बाद मानकीकृत, अपर्याप्त भुगतान मिलता है। समाधान के तौर पर उन्होंने कॉर्पोरेट सीएसआर पहलों सहित सरकारी और गैर-सरकारी दोनों स्रोतों से धन जुटाने के लिए समर्पित एक अस्थायी संस्था की स्थापना का प्रस्ताव दिया है।

### पाक गोलीबारी से घर, दुकानें व अन्य इमारतें हुईं नष्ट

लोन ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। घर, दुकानें और अन्य इमारतें नष्ट हो गई हैं। हम सभी वहां गए। वहां लोगों के दर्द और भय को महसूस किया जा सकता है। परिवार के लोग लगातार गोलाबारी में इधर से उधर भाग रहे हैं। छोटे बच्चे डरे हुए हैं क्योंकि उनकी चंचलता उनसे छीन ली गई है। उन्होंने कहा कि कई लोगों के पास अपने घरों को फिर से बनाने के लिए संसाधनों की कमी है। उन्होंने कहा कि गरीब आदमी को घर बनाने में पूरी ज़िंदगी लग जाती है। वह घर गोलाबारी में नष्ट हो गया। अब इसे कौन बनाएगा। क्या गरीब परिवार को घर बनाने में एक और ज़िंदगी लग जाएगी।

## सार संक्षेप

### सिंह व मनकोटिया, शाहिन ने की सिन्हा से मुलाकात

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के डोडा पश्चिम से विधायक शक्ति राज परिहार और चेनानी से विधायक बलवंत सिंह मनकोटिया ने शनिवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की। विधानसभा के सदस्यों ने पाकिस्तान द्वारा बिना उकसावे के की गई गोलीबारी से प्रभावित परिवारों के कल्याण, वीडीजी को मजबूत करने और अपने निर्वाचन क्षेत्रों के अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को उनके समक्ष रखा। वहीं जम्मू-कश्मीर जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के अध्यक्ष जीएम शाहीन ने सिन्हा से मुलाकात की और उन्हें पाकिस्तान द्वारा बिना उकसावे के भारी गोलाबारी के कारण प्रभावित परिवारों के कल्याण से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मामलों से अवगत कराया।

### मोहन यादव ने विश्व दूरसंचार दिवस की दीं शुभकामनाएं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को विश्व दूरसंचार दिवस की शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि नवाचार आधारित देश की समग्र विकास की यात्रा में दूरसंचार की काफी महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में डिजिटल इंडिया के संकल्प के साथ भारत ने दूरसंचार क्षेत्र में आत्म-निर्भर बनते हुए अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने प्रदेशवासियों से नवीन तकनीकों एवं नवाचारों को अधिक से अधिक अपनाकर देश-प्रदेश की विकास यात्रा में अपना योगदान देने का आहवान किया है।

### तमिलनाडु में वाहनों की टक्कर में पांच लोगों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के करूर जिले के चिन्ना वड्डुगापट्टी गांव में एक निजी बस, ट्रैक्टर व मैक्सी कैब की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और अन्य 27 घायल हो गए। यह दुर्घटना नमक्कल-करूर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई और मरने वाले लोग मैक्सी कैब में सवार थे। बेंगलुरु से नागरकोइल जा रही निजी बस ने ओवरटेक करने की कोशिश में एक ट्रैक्टर को टक्कर मार दी फिर विपरीत दिशा में जाकर कोविलपट्टी से सलेम की ओर जा रही मैक्सी कैब से टकरा गई।

### कोलकाता के बहुमंजिला इमारत में लगी आग

**कोलकाता।** दक्षिण कोलकाता के बेकबागान में एजेसी बोस रोड़ पर एक बहुमंजिला आवासीय-सह-व्यावसायिक इमारत में शनिवार अपराह्न भीषण आग लग गई। अग्निशमन विभाग को आग की सूचना मिलने पर कई दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल की कई गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझाने के लिए एक नली पाइप का इस्तेमाल किया।

## अविभाजित शिवसेना संग गठबंधन तोड़ने के लिए शाह जिम्मेदार : राउत

**मुंबई,** 17 मई (एजेंसियां)। शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) नेता संजय राउत ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर दो दशक से अधिक पुराने भारतीय जनता पार्टी-शिवसेना (भाजपा-सेना) गठबंधन को तोड़ने का आरोप लगाया। राउत ने दावा किया कि जब शाह दिल्ली आए, तो भाजपा और अविभाजित शिवसेना के बीच दूरियां बढ़ने लगीं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता दिवंगत अरुण जेटली ने शाह को दो दलों के बीच दूरियां पैदा करने के खिलाफ समझाने की कोशिश की थी और शाह से कहा था कि शिवसेना उनकी पुरानी पार्टी मित्र है, लेकिन वह अपने फैसले पर अड़े रहे। शिवसेना-यूबीटी नेता ने कहा कि जेटली ने उन्हें बताया था कि उन्होंने शाह को दो बार समझाने की कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। शिवसेना सांसद ने भाजपा और शाह पर देश में विपक्षी दलों को खत्म करने के लिए इस तरह के तरीके अपनाने का भी आरोप लगाया।



अमित शाह पर दो दशक से अधिक पुराने भाजपा-सेना गठबंधन को तोड़ने का लगाया आरोप

### पाक को आईएमएफ से ऋण मिलने पर कांग्रेस का आरोप

# अमेरिकी दबाव के आगे झुकी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली,** 17 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से ऋण मिलने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड की बैठक में अमेरिकी दबाव के आगे झुक गई। सरकार ने बैठक में पाकिस्तान को ऋण देने पर चल रही चर्चा में जोरदार विरोध नहीं किया। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अब पाकिस्तान को ऋण देने के लिए आईएमएफ की आलोचना कर रहे हैं, लेकिन 29 अप्रैल को ही मोदी सरकार के जागने से पहले ही कांग्रेस ने कहा था कि आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड इस मुद्दे पर विचार करने के लिए नौ मई को बैठक कर रहा है और भारत को इसका जोरदार विरोध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे पता लगा है कि भारत ने केवल 9 मई को ही मतदान में हिस्सा नहीं लिया था। बाद में मोदी सरकार के समर्थकों, जय-जयकार करने वालों और सरकार का बचाव करने वालों ने तर्क दिया कि भारत के पास इसके अलावा कोई और विकल्प ही नहीं था। यह सरासर झूठ है। जयराम रमेश ने कहा कि आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड में 'नहीं' के पक्ष में मतदान करने का प्रावधान है। रूस ने सितंबर 2016 में यूक्रेन को ऋण देने के प्रस्ताव पर 'नहीं' वोट दिया था और भारत ने स्वयं 11 सितंबर 2005 को जिम्बाब्वे के निष्कासन के मुद्दे पर 'नहीं' वोट दिया था। जहां चाह, वहां राह, लेकिन मोदी सरकार नौ मई को आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड की बैठक में अमेरिकी दबाव के आगे झुक गई। उन्होंने कहा था कि पाक को दी जाने वाली कोई भी वित्तीय सहायता आतंकवाद के वित्तपोषण से कम नहीं है। नौ मई को वाशिंगटन में बोर्ड बैठक में आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए 7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के वित्तपोषण कार्यक्रम के हिस्से के रूप में 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की ऋण राशि को मंजूरी दी थी।



मोदी सरकार ने अमेरिका के दबाव में नहीं किया पाकिस्तान के खिलाफ मतदान : जयराम रमेश

### राजनाथ ने की थी आईएमएफ से पुनर्विचार करने की अपील

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से पाकिस्तान को दी गई एक अरब डॉलर की मदद पर फिर से पुनर्विचार करने की अपील की थी। केंद्रीय मंत्री ने आशंका जताई थी कि पाकिस्तान इस राशि का दुरुपयोग आतंकी गतिविधियों को संचालित करने में कर सकता है। पाकिस्तान सरकार ने मुरीदके और बहावलपुर में स्थित लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा की है।

## माकपा ने महात्मा गांधी का अपमान किया : वीडी सतीसन

**तिरुवनंतपुरम,** 17 मई (एजेंसियां)। केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने आरोप लगाया है कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता कन्नूर के मलप्पट्टम में महात्मा गांधी के स्मारक के निर्माण का विरोध करके उनका अपमान कर रहे हैं। विपक्षी नेता ने एक संदेश में कहा, कन्नूर में माकपा नेता गांधी को इस तरह से बदनाम कर रहे हैं, जिससे संघ परिवार भी शर्मिंदा है। माकपा के पी.वी. गोपीनाथ ने खुलेआम मलप्पट्टम में गांधी स्मारक को अवरुद्ध करने की धमकी दी है। पुलिस को माकपा नेता के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्मारक बनाया जाएगा। इससे पहले, कांग्रेस और माकपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प उस समय हुई, जब कांग्रेस कार्यकर्ता की निजी संपत्ति पर लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा के कथित तोड़फोड़ को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और पलक्कड़ विधायक राहुल ममकूटथिल के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन हुआ, जिससे क्षेत्र में तनाव बना रहा।

# पटनावासियों को स्मार्ट टनल व मल्टी मॉडल हब की मिली सौगात

## नीतीश ने नवनिर्मित बहुमंजिला पार्किंग भवन व पटना जंक्शन तक भूमिगत पथ का किया लोकार्पण

**पटना,** 17 मई (देशबन्धु)। पटनावासियों को पहला स्मार्ट टनल और मल्टी मॉडल हब की सौगात मिल चुकी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जीपीओ के पास नवनिर्मित बहुमंजिला पार्किंग भवन तथा पटना जंक्शन तक भूमिगत पथ का शनिवार को लोकार्पण किया। कुमार ने इसके साथ ही शनिवार को यहां नवनिर्मित बहुमंजिला पार्किंग भवन से बसों एवं यात्री वाहन के परिचालन का शुभारंभ करने तथा नवनिर्मित भूमिगत पैदल यात्री मार्ग का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इसकी शुरूआत होने से पटना जंक्शन और इसके आसपास के इलाकों में भीड़भाड़ कम होगी और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि जीपीओ गोलम्बर के नजदीक मल्टीलेवल हब को पटना जंक्शन से जोड़ने के लिए भूमिगत पैदल यात्री मार्ग का निर्माण कराया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र में यातायात व्यवस्था को विकसित करना है। इस भूमिगत पैदल यात्री मार्ग एवं बहुमंजिला पार्किंग भवन का लोकार्पण होने से पैदल चलने वाले लोगों को पटना जंक्शन तक आवागमन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि हमने पूर्व में भी कई बार इस परियोजना के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था उस दौरान बेहतर एवं व्यवस्थित ढंग से निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराने का निर्देश दिया था। उल्लेखनीय है कि नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा 84.83 करोड़ रुपये की लागत से पटना जंक्शन के समीप भूमिगत पथ का निर्माण कराया गया है। यह पटना जंक्शन के पास से प्रारंभ होकर जीपीओ गोलम्बर तक जाता है, जिसकी लम्बाई 440 मीटर है।



इसकी शुरुआत से सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था होगी सुदृढ़ : नीतीश कुमार

## अहमदाबाद में तिरंगा यात्रा बाइक रैली में शामिल हुए पटेल

**गांधीनगर,** 17 मई (एजेंसियां)। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करने के लिए अहमदाबाद में शनिवार को आयोजित तिरंगा यात्रा बाइक रैली में शामिल हुए। भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य और पराक्रम के प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में आज श्री पटेल के विधानसभा क्षेत्र घाटलोडिया क्षेत्र में भव्य तिरंगा यात्रा बाइक रैली का आयोजन किया गया। लपकामण गांव से प्रारम्भ हुई रैली अडाणी शांतिग्राम पहुंची, इस दौरान राष्ट्रभक्ति के अनोखे दृश्य देखने को मिले। मुख्यमंत्री इस रैली में सहभागी हुए और युवाओं एवं ग्रामीणों में राष्ट्रप्रेम का संचार किया। उन्होंने इस दौरान खुली जीप में सवार रहकर रैली में भाग लिया। ग्रामीणों ने श्री पटेल का पूरे रास्ते अभिनंदन किया। इस रैली में लपकामण, लीलापुर, खोडियार और आसपास के गांवों के सैकड़ों युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे मार्ग में भारत माता के जयकारों से वातावरण गूंज उठा और ग्रामीणों ने भारतीय सेना की वीरता का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस रैली में अहमदाबाद जिला विकास अधिकारी विदेह खरे, विभिन्न गांवों के सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

# मप्र सरकार सेना को सौंपे लापता विजय शाह को तलाशने का काम : सिंघार

**भोपाल,** 17 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने राज्य सरकार के मंत्री विजय शाह से जुड़े मामले पर सरकार पर कटाक्ष करते हुए शनिवार को कहा कि सरकार अगर लापता मंत्री को नहीं ढूंढ पा रही है तो ये काम सेना को सौंप देना चाहिए। सिंघार ने यहां संवाददाताओं से कहा कि प्रदेश सरकार अगर लापता मंत्री विजय शाह को नहीं पकड़ पा रही तो ये काम सेना को सौंप दिया जाए, वो इसे बखूबी कर देगी। उन्होंने कहा कि सरकार के जिम्मेदार लोगों को बखूबी पता होगा कि उनके मंत्री कहां हैं, लेकिन अपरोक्ष तौर पर उन्हें बचाने की कोशिश हो रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि चाहे विजय शाह हों या फिर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, दोनों ने महिला और सेना का अपमान किया है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व चुप है। सीधे तौर पर ये उनकी मौन स्वीकृति है। उन्होंने कहा कि भाजपा कानूनी कार्रवाई सिर्फ निर्दोष जनता पर करती है, अपने बेलगाम नेताओं पर नहीं। गलत बयान देने वाले भाजपा के नेताओं को सजा नहीं सुरक्षा देती है। भाजपा अगर अपने लोगों को नियंत्रित नहीं कर पा रही है तो उनका प्रशिक्षण कराए, ताकि उनके मुंह से ऐसे बयान दोबारा न निकल सकें। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा, प्रदेश में भाजपा का गुंडाराज। सेना के खिलाफ बयान देने वाले उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी द्वारा पुतला दहन के दौरान, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और भाजपा के गुंडों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की।



मंत्री शाह से जुड़े मामले पर मप्र सरकार पर कसा तंज

कवायद — *कश्मीर में पहलगाम हमले के बाद पर्यटन को बढ़ावा देने की कवायद तेज*

# अमरनाथ यात्रियों के कांधों पर होगा पर्यटन का दारोमदार

**जम्मू,17 मई (देशबन्धु)। पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर ने कश्मीर के टूरिज्म को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। ऐसे में प्रशासन और सरकार मानते हैं कि टूरिस्टों को कश्मीर तक पुनः खींच कर लाने में वक्त लगेगा इसलिए वे इस बार की अमरनाथ यात्रा पर ध्यान देने लगे हैं। सरकार का मानना है।**

कि अमरनाथ यात्रियों को ही पर्यटकों के तौर पर कश्मीर में घूमने के लिए मनाया जाएगा। दूसरे शब्दों में कहें तो इस बार की अमरनाथ यात्रा बहुत खास होगी। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इसकी पुष्टि की है कि युद्ध के कारण कश्मीर के पर्यटन पर काफी बुरा असर पड़ा है और सरकार अब अमरनाथ यात्रा पर ध्यान केंद्रित कर रही है तथा यह सुनिश्चित करना चाहती है कि वार्षिक तीर्थयात्रा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पर्यटन पर काफी बुरा असर पड़ा है तथा इस गर्मी के मौसम में यहां शायद ही कोई पर्यटक आ रहा है। उन्होंने कहा कि हम अब अमरनाथ यात्रा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं तथा यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि प्रत्येक तीर्थयात्री यहां से सुरक्षित और स्वस्थ होकर जाए। वे कहते थे कि हम दुर्घटना रहित वार्षिक तीर्थयात्रा चाहते हैं तथा बाद में हम पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या कर सकते हैं, इस पर विचार करना शुरू करेंगे। इस बीच पशुपालन विभाग तथा श्रम विभाग अनंतनाग द्वारा श्री अमरनाथ जी यात्रा के लिए पहलगाम स्थित नुनवान बेस कैंप में टट्टुओं तथा उनके मालिकों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है जो 7 मई से पहले ही संपन्न हो चुकी है। जानकारी के लिए इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को दोनों मार्गों-अनंतनाग जिले में पहलगाम ट्रैक तथा गंदरबल जिले में बालटाल से एक साथ शुरू होने वाली है। यात्रा का समापन 9 अगस्त को रक्षा बंधन के अवसर पर होगा। दूसरी ओर आगामी श्री अमरनाथ जी यात्रा 2025 की व्यवस्थाओं का आकलन करने के लिए उपायुक्त राजेश शर्मा की देखरेख में डीसी कार्यालय सांबा में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त चंपा देवी ठाकुर ने की, जिसमें एडीसी जगदीश सिंह भी मौजूद थे। इस बैठक में ठहरने के लिए बनाए गए केंद्रों की तैयारी, पेयजल की उपलब्धता, बिजली आपूर्ति, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं और यातायात प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया गया। एडीसी चंपा देवी ठाकुर ने विभागों से प्रभावी समन्वय करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि यात्रा शुरू होने से पहले सभी आवश्यक सुविधाएं अच्छी तरह से उपलब्ध हों। डीसी राजेश शर्मा ने तैयारियों की देखरेख करते हुए अधिकारियों को तीर्थयात्रियों के लिए एक सुचारू और सुरक्षित अनुभव सुनिश्चित करने के लिए समर्पण के साथ काम करने का निर्देश दिया है।



- तीन जुलाई से अमरनाथ यात्रा का होगा आगाज

## हाना

लंगड़ी धोड़ी बहुत उपायी,
छानही में चघ के बंदूक चलायी।
जेन मनखे ह थोरकिन लंगड़ा, खोरवा या शरीर ले कमजोर होथें तेन मन के दिमाग ह ज्यादा काम करथे, वो मन ह छानही में चढ़ के बंदूक चलाए के काम ल कर डारथें।

## शब्द अरथ

1. छंदझ्या-छानने वाला। फंसाने वाला, बांधने वाला
2. छदई - छानने, फंसाने या बांधने की क्रिया या भाव
3. छदउनी- छानने, फंसाने या बांधने का खर्च या पारिश्रमिक
4. छंदना- छानने के लिए प्रयुक्त वस्तु फंसना, बंधना
5. छदनी-छदना
6. छंदल- छना हुआ,फंसा हुआ
7. छंदवड्या- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने वाला
8. छदवई- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव
9. छदवउनी- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने का खर्च या पारिश्रमिक
10. छदवा- छाना हुआ, शुद्ध किया हुआ, फंसा हुआ, बंधा हुआ।

# बस्तर के गाँव अब राजधानी म

छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर म अब रंग रंग के चीज बनत हावय जेखर ले दूसर राज्य के मनखे मन पर्यटन बर आवंय। दिल्ली सरिख इंहा भी बहुत जगह बन गे हावय जिहां सब छुट्टी के दिन घूमे बर जा सकंय।

पुरखौती मुक्तांगन बने हावय ओला देखे बर बाहिर ले भी बहुत मनखे मन आथे। रखरखाव के कमी के कारण उंहा जेन गाँव बसाये रहिन हें तेन मन उजड़त हावंय। उहाँ बस्तर सरगुजा के गाँव देखे बर मिलत रहिस हे।

आज गाँव तो नइ बसाये गे हावय फेर ऊंखर बारे म सब जानकारी मिलय अइसना 'आदिवासी संग्रहालय' बनाये हावंय। ये 'ट्राइबल म्यूजियम' हमर राज्य म पहिली बेर बने हावय। ये ह तीन तल्ला के हावय। येमा 14 गैलरी हावय अउ 43 जनजाति मन के जानकारी हावय। ये ह ट्राइबल रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट परिहर म बने हावय।

अइसे काय रखे गे हावय के सब जनजाति मन के बारे म जानकारी मिल जही।

आदीवासी संस्कृति के जन्म ले ले के मृत्यु तक के जानकारी हावय। कोरवा, दोरला, मुरियाजगोंड़ मन के रहे के जगह के मॉडल बने हावय। सरहुल, करम व रीना, सैला नृत्य के जानकारी हावय। घोटुल के जानकारी हावय। शिकार अउ खेतीया, म जेन उपकरण के उपयोग करे जाथे ओखर जानकारी हावय। उंखर पहिने के कपड़ा हावय, आभूषण हावय। वाद्ययंत्र रखे गे हावय। बर्तन रखे गे हावय। ये सब सामान के संग्रह म तीन बछर लगिस हे। ये संग्रहित सामान मन ल स्केन ऑनलाइन डाले गे हावय। क्यू आर कोड लडिटेल ल स्केन करके ये सबके जानकारी लेय जा सककरकेथे।

आदिवासी मन के सांस्कृतिक विरासत के जानकारी , उंखर धार्मिक जीवन, तीज तिहार, ल जाने के मौका मिलही। संग्रहालय म जाये के कोनो टिकट नइय। खुले के बेरा हे बिहनिया दस बजे ले संझा पाँच बजे तक। इहाँ गाइड के जरुरत नइये।गैलरी म जाये के पहिली क्यू आर कोड स्केन हर गैलरी म करे ले गैलरी म रखाये सब्बो जिनिस के जानकारी आ जही। हर गैलरी म टच स्क्रीन हावय येला छुये ले आदीवासी समुदाय के पूरा जानकारी मिल जही। आधुनिकता के बीच म हमर आदीवासी मन के संस्कृति ल देखना जानना बहुत बड़े बात आये। नये संग्रहालय म अब बाहिर के मनखे मन भी देखे बर आहीं। छत्तीसगढ म पर्यटन एक कदम आगू बढ़ गे हावय।

**-सुधा वर्मा**

# सुन लौ धरती के गोहार

धरती दाई गोहरावत हे,
सुन लेवौ रे मोर गोहार।
काबर होगेव तुम निर्दयी,
उजारत हव रे मोर सिंगार।।
देख दसा ला ये दुनिया के,
करलो रे तुम नेक बिचार।
गरमी बिक्कट के बाढ़त हे,
सुरुज बरत हे आगी अंगार।।
बूंद-बूंद तरसहू रे पानी बर,
जब करहू जंगल के उजार।
खोजत फिरहू जुड़ छईहां
नइ पाहू रे तुम ये संसार।।
कारखाना हा करे परदूषन,
प्लास्टिक होगे इहां बाजार।
नदियां-नरवा गंदगी पटागे,
कहां पाहू शुद्ध पानी के धार।।
उच्चतम वायु ला पाये बर,
तुम करलौ धरती के सिंगार।
जिनगी सफल बिताये बर,
दाई धरती के सुनलौ गोहार।।

**-गोकुल राम साहू, धुरसा-राजिम-घटारानी**

# शब्दभेदी बाण

**भक्त वत्सल श्रोता समाज हो! शब्द भेदी बाण कला के जानकार राजा दशरथ अउ राजा पृथ्वीराज चौहान रिहिस। शब्द माने आवाज- जिहां ले उत्पन्न होवत हे उही ला लक्ष्य मान के, निशाना लगाके भेदना ही शब्द भेदी बाण कला आय। महुं ह साधना करके सीखे हंव तौन ला देखावत हंव।**

दादा! मेहां गांव के खेत अउ घर ला बेचहूं।

-अफसर बेटा शब्द के बाण चला दे रिहिस। लइका के गोठ सुनिस तब सियान ठाड़ सुखागे। लाहर-ताहर होगे। कुछु गोठियाये के अब्बड़ उदिम करिस फेर मुंह ले बक्का नइ फुटिस। ससन भर देखिस बहू-बेटा ला अउ खोर कोती निकलगे।

अंजोर इही तो नाव हाबे सियान के। काया बिरबिट करिया। जइसे लोहा के बने हाबे। घाम- पानी, दुख-पीरा जम्मो ला सहि लेथे। फेर लोहा कतको पोठ राहय जंग तो लग जाथे। संसो के दियार हा चुनत हाबे तरी-तरी। दुख,गरीबी,मजबूरी के अंधियारी मा तउंरत-बूड़त हाबे अंजोर हा।

अंजोर,बड़का आय। पांच बहिनी अउ एक भाई। ददा रिहिस थोकिन बने रिहिस फेर चारो बहिनी के बिहाव मा जैजाद झरगे। बाचीस ते परसाडोली के पाँच एकड़ अउ माता देवाला के एक एकड़ के खेत हा। ददा घला छेना के आगी बरोबर खपगे नत्ता-गोत्ता के मान-गौन मा। ...अब, अंजोर के पारी हाबे। तेहां जम्मो कोई ले नान्हें हरस बिमला बहिनी जतका पढ़बे ओतका पढाहूं-पढ़िस ससन भर बिमला हा। अब बिहाव करत हाबे। भलुक सुरसा के मुंह कस अब्बड़ महंगाई बाढ़त हाबे फेर महाबीर ऊप्पर जतका भरोसा हाबे ओतकी भरोसा हाबे अंजोर ला अपन फड़कत बांह अउ ओगरत पसीना ऊप्पर। सुरता कर-कर के हियाव करत हे अंजोर अउ गोसाइन सीता हा। अदौरी बरी तक ला कमती नइ करत हाबे बिहाव के जोरन मा। फेर? हड़िया के मुह ला तोप डारतिस अंजोर हा फेर बहिनी के मुंह ला कइसे तोपे?

-भइया, हमर जम्मो बहिनी के बिहाव करके ददा-दाई हा सिरागे। अब तिंही हाबस मोर ददा बरोबर- बड़े भाई। मेहां कुछु मांगहूं तब देबे न?

बहिनी बिमला के आंखी कइच्चा होगे। अंजोर घलो दंदरत हाबे।

-बता मोर दुलौरिन! अपन मन के गोठ ला। सगा बनबे तभो तोर मान-गौन म कमती नइ होवय बहिनी! मोर तो डेरउठी मा हाबस तब मोर जिम्मेदारी हरे तोर सपना पूरा करे के। मेहां तोर साध ला पूरा करहूं।

अंजोर घला राजा दशरथ बरोबर वचन हारगे। बिमला माइके मा हाबस तब तक अधिकार हाबे। सगा बन जाबे तब मांग के घला नइ खा सकस। बिमला के मइलाहा मन अउ अंतस के बीख जुबान मा आये लागिस।

-इक्कीसवी सदी के मोबाइल कप्यूटर के जबाना मा पले बढ़े सबल नारी आव भइया। जतका बेटा के अधिकार ओतकी बेटी के- समान अधिकार। सब ला पढ़े हावन भइयां ! भलुक एसी झन दे, टीवी के साइज ला नान्हे कर दे फेर मोला, मोर बर सोन के रानी हार अउ तोर दमाद बाबू बर फटफटी चाहिए।

बिमला अपन होंठ के एक कोर ला चाबके किहिस। मुचकावत रिहिस रानी कैकयी कस, करू मुचकासी। रानी कैकयी के आगू मा लाचार रिहिस राजा दशरथ हा वइसने लाचार हाबे अंजोर हा।

-नोनी ! मेहां तीर ले घला नइ देखे हंव ओ रानी हार ला फेर अतका जानथो फटफटी अउ रानी हार के कीमत बर पहाड़ कस पइसा कुढ़ोये ल परही। कहां ले आनहुं अतका पइसा?

-ले ठीक हे भइया! संगी-संगवारी, सास-ससुराल के मन गरीब घर के बेटी आय कहि मोला। बाप नइ हे तेला तो जानतेच हाबे जम्मो कोई।

बिमला किहिस अउ अपन कुरिया मा खुसरगे, रोवत। अंजोर समझाये के उदिम करिस फेर कपाट नइ उघरिस। अंजोर घला घेक्खर आय- एक जबनिया।

-अपन नस के लहू ला बेच के पूरा करहूं तोर साध ला।

संदूक ले कुछु कागजात निकालिस अउ झोला मा धरके रेंगे लागिस।

-काहां जावत हस मार तरमिर-तरमिर ?

-उंहिन्चे। सब ला बेच देहूं। खेत खार?

-ताहन हमर एकलौता बेटा हा भीख मांगही? अंजोर के गोसाइन सीता आय। बरजे लागिस।

-इही परीक्षा के घड़ी आय सीता! मोर ऊप्पर भरोसा राख। आज तक तोर गोड़ मा कांटा गड़न नइ देये हंव। तब आगू घला नइ गड़न देंवव। धनहा खेत ले जादा मोर चाक ऊप्पर भरोसा हाबे। मोर कलाकारी ऊप्पर भरोसा राख। ईमान से मोर लइका के पढ़ई- लिखई मा कोनो कमती नइ होवन देवंव।

सीता तो सिरतोन के सीता आय सुख अउ दुख मा गोसाइया के पंदोली देवइया। दुनो कोई गिस शहर के सेठ दुकान मा अउ बेच दिस परसा डोली के चार एकड़ खेत ला। बिसा डारिस फटफटी अउ रानी हार ला।

सीता हा चमकत सोनहा रानी हार ला देखे कभु तब कभु सेठ के अंगना के मिट्ठी आमा मा गहादे अमरबेल ला। बिहाव होगे धूमधाम ले अब।

जम्मो ला सुरता कर डारिस अंजोर हा।

चाक किंजरत हाबे गोल अउ माटी के लोई माड़े हे बीच पाटा मा। कोंवर लोई माटी के जौन बनाबे तौन बन जाही-चुकी-चाकी,पोरा, करसा- कलोरी भगवान के मूर्ति। फेर अंजोर तो अभिन करसा-कलोरी बनावत हाबे। गांव मा भागवत पुराण होवइया हे। कलश अउ शोभा यात्रा निकलही। पंच कका ले एडवांस झोंक डारे हाबे। सीता घला पंदोली देथे।

परिया ले माटी खनके मुंधेरहा ले आनथे। सुखोथे कुचरथे फुतकी बना के चलनी मा छानथे। पथरा गोटी ला निमारथे तब पानी रितो के सानथे माटी ला अउ रोटी पिसान बरोबर लोई बना के चाक मा मड़ाथे। लोई के फुनगी ला अंगठा मा मसक के हाथ मा थपट के फूलोथे। जब बन जाथे तब ओला पकोथे आगी आंच मा।

-थोकिन सुरता लेये कर संजय के बाबू ! अब तबियत पानी घला ऊंच-नीच रहिथे।

-का सुरताबे सीता? भगवान के मूर्ति बनाये के हे ओ। भागवत ठउर मा राम-जानकी दरबार के मूर्ति मड़ा के पूजा करही। बेरा मा जम्मो ला बनाये ला परही। आ तहुं हा मोर संग बुता करे ला लाग।

गोसाइन सीता के गोठ सुनके किहिस अंजोर हा। कोंवर माटी ला बेलके सांचा मा ढ़ाल के थपट-थपट के बनाये लागिस अंजोर हा। आसीस देवत प्रभु श्रीराम-लक्ष्मण माता जानकी अउ माथ नवा के माड़ी मा बइठे लंगुरवा हनुमान जी के मूर्ति। जम्मो मूर्ति सौहत दिखत हे अब रंग रोगन अउ सवांगा चढ़िस तब। नहा धो के आइस आरुग कपड़ा पहिनिस अउ पूजा के थारी सजा के करिया सादा पालिस ला ब्रश लगा के भगवान के आंखी उघारे लागिस अंजोर हा अउ गांव के सियान मन जय बोलाइस,पूजा करिस।

सियावर राम चन्द्र की जय।।

आज सिरतोन मन अब्बड़ गमकत हाबे अंजोर के। पाछू दरी भागवत होइस तब पोथी पुराण ला बोहो के संकल्प लेये रिहिस अंजोर हा। लइका के नौकरी लग जाही ते रामदरबार के मूर्ति ला फोकट मा दुहूं अइसे। आज देवत हाबे बना के। भलुक मूर्ति के दान करे ले नोकरी नइ लगे फेर लइका संजय हा घलो अब्बड़ मिहनत करे रिहिस। ददा के संग कुम्हारी बुता मा पंदोली देके पढ़े। टाइम मैनेजमेंट करके पढ़िस तभे तो मंत्रालय मा नोकरी लगिस अउ सरकारी नौकरी लगिस तब बेटी देवइया सगा के का दुकाल? शहरिया नेता हा तियार होगे अपन बेटी ला देये बर।

अंजोर ला अइसे लागिस कि जिनगी के जम्मो अंधियारी भगा गे जइसे। सिरतोन मातादेवाला खेत हा अभिन दू-तीन बच्छर ले अब्बड़ धान उछरत हाबे। अउ दू रुपिया किलो सरकारी चाउर। गरीबी के अंधियारी मा जोगनी बरोबर अंजोर करत हे।

अंजोर हा चाक चला के दू पइसा कमा लेथे अउ अपन कला देखा के घला नाचा गम्मत मांदरी नृत्य पंथी करमा सरहुल देखा के। दफड़ा मंजीरा बांसरी मोहरी रुंजु तमुरा बांस गीत भजन गाके दू पइसा सकेल लेथे अंजोर हा। अंजोर हा तो कलाकार आय मुँहु फटकार के कभु नइ किहिस पइसा बर। वो तो लोगन के थपोली पाके उछाह मनाये फेर संस्था वाला ले भलुक पइसा मिल जाये तौन चाहा पानी के पुरती हो जावय। सिरतोन अंजोर के गरीबी दुरिहाये लागिस। अब्बड़ उछाह अउ धूमधाम ले लइका संजय के बिहाव करिस।

बारात परघाये के बेरा तो अंजोर बइहागे नाचे बर। समधी भेट करिस अउ माथ मा बरत दीया मड़ा के झूमर-झूमर के मटक-मटक के नाचीस। भुइयां मा घोण्डे लागिस फेर दीया नइ बुताइस। जस गड़वा बाजा ताल देवय तस अंजोर के कलाकारी दिखे। कप मा चाउर अउ चाउर मा कपड़ा सीले के सूजी ।सूजी के सूचकी अगास कोती कप ले बाहिर कोती निकले हे। अंजोर दफड़ा बाजा बजाके आंखी के पलक ले उठाये के उदिम करिस। फेर बाजा के ताल नइ बिगड़ीस। एक बेरा। दू बेरा अउ अब सिरतोन उठा डारिस। दुनो आंखी के पलक मा फंसे हे सूजी हा। देखइया जम्मो कोई थपोली मारिस। अंजोर अब्बड़ उछाह मा हाबे। बहुरिया ला परघा के लाने बर गिस तभो अब्बड़ नाचीस अंजोर हा।

-का सुरता करत हस मने मन अब्बड़ मुचकावत हस। गोसाइन सीता आवय अंजोर ला मुचमुचावत देखके किहिस। अंजोर सुरता के तरिया ले निकलिस अउ अब भागवत ठउर मा चल दिस।

व्यास गद्दी मा बइठइया महाराज हा भलुक जम्मो कोई बर महाराज जी होही फेर गांव के आधा जवनहा मन बर गुरुबबा आय। गाय बजाए नाचे कूदे जम्मो कलाकारी ला सीखोये हे अउ अखाड़ा के करतब ला घला। सरलग पन्दरा सोला बच्छर ले गाँव मा आथे भागवत पढ़थे अउ कला के अंजोर बगराथे। कुम्हार अंजोर घला सीखे हे।

आज राजा दशरथ अउ श्रवण कुम्हार के कथा ला सुनाइस व्यास गद्दी मा बइठे महाराज जी गुरु बबा हा। कइसे शब्दभेदी बाण चला देथे राजा दशरथ हा बेटा श्रवण कुमार ऊप्पर। दाई ददा के तड़पना। देखइया, सुनइया के आँसू निकलगे.. अउ ये का? दस ठन गिलास, गिलास मा घुंघरू ला डोरी ले बंधवइस मंच के चारो खूँट। अइसे तकनीक कि डोरी ला जइसे हलाथे वइसने घुँघरू ले आरो आतिस ।

-भक्त वत्सल श्रोता समाज हो! शब्द भेदी बाण कला के जानकार राजा दशरथ अउ राजा पृथ्वीराज चौहान रिहिस। शब्द माने आवाज- जिहां ले उत्पन्न होवत हे उही ला लक्ष्य मान के, निशाना लगाके भेदना ही शब्द भेदी बाण कला आय। महुं ह साधना करके सीखे हंव तौन ला देखावत हंव।

महाराज जी किहिस। आंखी मा पट्टी बाँधिस अउ धनुष बाण ला संघार करके सुमिरन करिस। मंच मा तीन बेरा परिक्रमा करिस। गाँव के सियान डोरी ला तीरे अउ आरो आय गिलास मा बंधाये घुंघरू ले। निशाना लगाये लागिस आरो कोती-उत्ती बुड़ती रक्सहु भंडार। धनुष ले छुटे बाण छुई..ले करत जातिस... अउ ठप्प...ठन्न के आरो के संग गिलास कट के गिर जावे। देखइया मन श्री रामचन्द्र की जय बोलावय। एक ...दू... तीन..नौ ...दस। जम्मो निशाना भेद डारिस महाराज हा। दस बाण दस निशाना। जम्मो कोती जयकारा होये लागिस।

-अंजोर! ले बेटा अब तेहां देखा अपन कला ला।

गुरुजी किहिस अउ भजन गाये लागिस। बाजा पेटी गुरतुर धुन निकालिस।

माथ मा लोटा, लोटा मा बरत दीया अउ झूमर-झूमर के नाचे लागिस अंजोर हा। अब भुइयां के लोटा मा ठाड़े होगे। लोटा मा फुलकांछ के परात। परात के बारा मा ठाड़े होगे अब। मुड़ी मा कुंटल भर ले आगर गाड़ा चक्का ला बोहाइस अब संगी मन। गाड़ा चक्का मा जगर-बगर करत ओरी-ओरी दीया। भजन के बाजा गाजा बाजत हाबे अउ अँजोर के मटकना सिरतोन नटराज के आसीस सौहत दिखत हाबे। तभे तो लोटा परात अउ गाड़ा चक्का संग कोन नाच सकही...?

सीता तो अघागे भक्त वत्सल श्रोता समाज हो! शब्द भेदी बाण कला के जानकार राजा दशरथ अउ राजा पृथ्वीराज चौहान रिहिस। शब्द माने आवाज- जिहां ले उत्पन्न होवत हे उही ला लक्ष्य मान के, निशाना लगाके भेदना ही शब्द भेदी बाण कला आय। महुं ह साधना करके सीखे हंव तौन ला देखावत हंव ोर ला देख के।

-हाय दई ! कतक सुघ्घर नाचथे ओ बाबू हा !

परोसी भौजी हा किहिस अउ सीता लजा जाथे।

अखाड़ा दल वाला मन संग मुड़ी मा चाहा बनाके गुरुजी ला चाहा पियाथे। कोनो छाती मा पथरा ला फोड़थे अउ कोनो गघरा भर पानी ला दांत मा चाब के उठावत हे। कतका सुघ्घर साधक हाबे ये गांव मा। जम्मो के मन गदके लागिस।

जम्मो कोई थपोली मार के अंजोर अउ वोकर संगवारी मन ला मान दिस। अउ गुरुजी आसीस दिस।

-बेटा! तोर साधना मा थोकिन कमी हाबे रे। शब्द भेदी बाण चलाये बर सीखत तो हस फेर निशाना चूक जावत हे। अउ मिहनत कर बेटा।

-हांव गुरूबबा!

-भागवत कथा के अंतिम दिन गीता पाठ अमृत वर्षा के पाछू जम्मो श्रोता समाज के बीच मा कला के प्रदर्शन करबे तेहां। वो दिन तोर संग फगवा सालिक अउ परदेसी घला शब्दभेदी बाण चलाके अपन कला देखाही। अपन मन ला एकाग्र करके अभ्यास कर। मोर आसीस हे लक्ष्य ला जरूर अमराबे।

-जी गुरु बबा! पैलगी। गुरुबबा के डंडासरन होके पांव परिस अंजोर हा अउ अपन घर लहुटगे। उदुप ले घर के मोहाटी चढ़त फेर सुरता आगे बेटा के गोठ हा।

-ददा! माता देवाला खेत ला बेचहूं। अब शहर मा रहिबोन जम्मो कोई। नवा फोर व्हीलर गाड़ी तो होगे हे लोन मा। अब, नवा बंगला घला हो जाही। खेत ला बेच के बिसाबो नवा रायपुर के कॉलोनी मा बंगला। बेटा मुचकावत केहे रिहिस फेर ददा अंजोर के कलेजा कांप गे। बहिनी के बिहाव के बेरा महतारी कस परसा डोली बेचाइस अउ अब माता देवाला बर बानी लगा दे हे ।

-दुसर के लइका तो जुआं चित्ती खेले बर खेत ला बेच देथे। मंद महुआ भांग पीये खाये बर जैजात ला बिगाड़ देथे। हमर संजय तो शहर मा बंगला बिसाये बर? गांव के ला थोकिन बिगाड़ के शहर मा सिरजाही ते उछाह के गोठ आय न संजय के बाबू।

सीता समझाये लागिस गोसइया अजोर ला अउ संजय? ओ तो अब्बड़ सपना देखाये लागिस। भलुक बहिनी के बिहाव के बेरा के पाछू किरिया खाये रिहिस नानचुन भुइयां के बिगाड़ नइ करो अइसे फेर? अब अंजोर तियार होगे खेत बेचे बर। मोल भाव होगे सेठ संग।

आज घलो बहु बेटा गांव आये हे शहर ले। मन अब्बड़ गमकत हाबे कलाकार अंजोर के। अपन धनुष मा रंगबिरंगी फुन्द्रा बांध डारिस। बाण ला सजा डारिस। दिनभर उपास रहिके दसो बेरा अभ्यास करिस। सीता कतको बेरा किहिस खाये बर फेर अंजोर तो ढीठ आवय।

-आज मोर साधना के परीक्षा आवय सीता! मोला झन जोजिया खाये बर। आज मोर कला ला जम्मो गांव वाला के आगू मा देखाहुं अउ प्रसाद के संग आसीस लुहुँ गुरुबबा ले।...... तब खाहुं।

अंजोर मुचकावत किहिस। सिरतोन आंखी मा पट्टी बांध के आज जतका बेरा अभ्यास करिस वोतका बेरा लक्ष्य नइ चूकिस। गुरुबबा कस दस बाण अउ दस लक्ष्य ला साध डारिस अंजोर हा। मुचकावत नवा धोती पहिरिस। कनिहा मा लाल गमछा बांधिस। महाबीर के पूजा करिस अउ धनुष बाण ला खांध मा अरोइस । सुमरन करत घर ले बाहिर निकले लागिस फेर...अब पनही ला खोजत हाबे। अंगना दुवार फुला पठेरा जम्मो ला खोजिस। नइ मिलिस। अब बहू-बेटा के कुरिया के आगू के पठेरा मा खोजे लागिस।

बहुरिया के हाँसे के आरो आवत हे अउ दुलरवा बेटा संजय के खिलखिलाये के।

-तोर कंजूस ददा ला खेत बेचे बर राजी करके बने करेस। आने बड़का साहब के गोसाइन मन बरोबर अब महुं हा रानी हार पहिरके इतराहुं। जम्मो संगी संगवारी लरा-जरा ला देखाहूं। तोरो माथ उच्चा अउ छाती चाकर हो जाही। ...मोला कतका सुघ्घर फबही? कतका सुघ्घर दिखहूं?

अंजोर के बहुरिया गमके लागिस अउ बेटा संजय मुचकावत हे।

-सिरतोन गोदभराई के दिन रानीहार बिसा के दुहुं तोला तब सास ससुर घला देखते रही जाही। कतका मान सम्मान बाढ़ जाही मोर? सास ससुर बर बेस्ट दमाद बाबू बन जाहूं मेंहा। मोर सोना ! मेंहा तोला नौलखा रानीहार दुहूं सधौरी के दिन अउ तेहां मोला सुघ्घर लइका के गिफ्ट देबे बेरा मा। सिरतोन मजा आ जाही...हा.. हा... हा। अम्मल वाली गोसाइन के पेट ला चूमे लागिस संजय हा। अब दुनो जुगजोड़ी खिलखिलावत हाँसे लागिस।

अंजोर कभु काखरो गोठ ला लुका के नइ सुने फेर आज सुन डारिस सौहत शब्द के बीख बाण ला । झिमझिमासी लागिस। लहू के संचार बाढ़गे। सांस उत्ता-धुर्रा चले लागिस। मुंहु चपियागे । धड़कन बाढ़गे। जइसे शब्द भेदी बाण मा करेजा छलनी होगे।

-बहुरिया तो पर के कोठा ले आये हे! बेटा! तेहां अपन लहू हो के मोला ठगत हस रे। मोला खेत बेचवा के बहुरिया बर रानी हार बिसाये के योजना बनावत हस रे! लबरा। तेहां बोदरा निकलगेस रे... मोर दाऊ! मोर बर मइलाहा भाव राखेस रे? ..लहू के संचार के संग शब्द के बीख नस-नस मा दउड़े लागिस। अइसे लागिस अंजोर ला जइसे ऋषि दुर्वासा बरोबर श्राप दे देव सर्वस्व नाश के? सिरतोन कुछु केहे के उदीम करत दुनो हाथ उठाइस अंजोर हा।

-तोर लइका तुंहर दुनो के नाव के अंजोर करे रे अउ श्रवण कुमार बरोबर जतन करे तुंहर दुनो के । मोर आसीस हाबे। अंजोर किहिस अब्बड़ मुश्किल ले। छाती मा पीरा उठिस एक उरेर के... अउ गिरगे दुवारी मा।

कोनो ला आरो नइ होइस अंजोर गिरीस तेहा। बहू-बेटा के कुरिया मा टीवी ले फ़िल्मी गाना बाजत हाबे अब अउ गांव के भागवत पंडाल ले गीता पाठ के आरो। तुलसी वर्षा के बीच गंगा राम शिवारे के भजन सुनावत हे।

चोला माटी के हे राम , एकर का भरोसा चोला माटी के हे राम...।। द्रोणा जइसे गुरू चले गे...।

करन जइसे दानी संगी, करन जइसे दानी।।
बाली जइसे बीर चले गे।
रावन कस अभिमानी।।
रावन कस अभिमानी संगी रावन कस अभिमानी।।
चोला माटी के हे राम
एकर का भरोसा,
चोला माटी के हे राम।।

सीता के भाग मा फेर गोसाइया ले वियोग लिखा गे अंजोर के अंगना मा अउ शब्द भेदी बाण? कभु अबिरथा गेये हे का?

**—चन्द्रहास साहू**

# ग्रामीण जनजीवन म आधारित रूढ़ि या प्रथा

आजकल रूढ़ि या प्रथा के नाव ले मनखे मनला छोटे जनाय कस लगथे बदलत दिन बादर मा ये प्रथा ला तियागे के बड़ उदिम करे जाथे, आधुनिक दौर मा येला देहाती, उजबक परम्परा कहीके हिनमान कर देथें। हर आदमी ल जानना चाही कि ये प्रथा ल बदले के कोनो उपायच नइ हे, जोन आदि अनन्त काल ले चलत आवत हे। ये मामला मा पढ़े लिखे मन भटक गेहे।


'रूढ़िवादी के अरथ' येहर अइसन बिचारधारा, नजरिया आय जेनहर परम्परा के मूल प्रथा मनला अउ समाज ल महत्ता देथे अउ बदलाव ले इनकार करथे। रूढ़िप्रथा शब्द के परयोग सामाजिक रीति- रिवाज,नेंग-जोग,तस्तूर बेवहार या अपन बिसवास ल देखाए बर करे जाथें। जोनहर पीढ़ी दर पीढ़ी चलतेच आवत हे जेला समाज, समुदाय के सब्बोझन मिलके सबीकार करथें। येहर अधिकांस अबादी मेरन हाबे जेनहर जीवन ला परभावित करथे।

रूढ़ि-प्रथा नइ रही ता समाज, गांव- देहात, देश-बिदेश के पहिचान मेटा जाहि अउ बजारवाद झपा जाहि। प्राचीनकाल ले पुरखा मनले चलत आवत सामाजिक, धारमिक, राजनीतिक प्रथा ला रूढ़िप्रथा कहीथें। येहर जनम, बिहाव, मरन संसकार के मेन घलोक हे।

सांसकिरतिक अरथ-रूढ़िप्रथा लोक सांसकिरतिक बिरासत रीति- रिवाज अउ परम्परा ला बढ़ाथे, ओहर जन परम्परा ल बटोरथे अउ आगू बढ़ाए के परियास करथे।

धारमिक सवरूप-अगर सहर कोती ला छोर देय जाय ता रूढ़िप्रथा गाँव देहात समाज म बियाप्त हे। जेन लोक परब मा झलकथे। हर गाँव मा बारा जात के बररगियाँ रइथे। छत्तीसगढ़ के अकती (बीज परीक्षण) तिहार ले लेके होरी तिहार तक मा रूढ़िप्रथा समाय हे। जिहाँ गाँव मा देवी - देवता के कोनो साछात सवरूप नजर नइ आवय । बीना हाथ - गोड़, आँखी -कान के देवी - देवता (पराशक्ति) ला मानथें। ओमनला भुइयां मा बिराजे के अधिकार हे, एकर अलावा कोनो दुसर देवी - देवता ल गाँव मा सदा दिन रेहे के कोनो अधिकार नइ हे। सगा-सोदर, पहुना बरोबर आ जा सकत हे।

आजकल परबुधिया मन गांव के देवी - देवता ल बिगारे के उदिम मा लग गेहे। माता देवाला के तिरसूल-बाना ला टारके मुरती पधारत हें ।वइसने साड़्हा देव के राहत ले दुसर मुरती ल मानथें। नइ जाने तेन मन कहीथे दुसबो एकेच आय, अइसन बेवस्था ग्राम संसकिरति म बिकरिती लाय के उदिम आए। जंवारा के जगा बिजली ल नइ बार सकस, ठाकुर देव ल अनाज



के जगा मिठई नइ खवाय जाय , घर मा सियान के राहत ले दुसर के मुड़ी मा पागा नइ बांधे जाय। हमर पुरखामन मुरख नही बिद्वान रिहिन हे जेन गाँव बसाके अनाज उगा सकथें ओमन मुरती तको बना सकत रिहीन हे फेर पाखंड के जाल मा नइ फंसना चाहिस। गाँव के देवता धामी मउखिक विधान मा हे लिखित मा नही।

रूढ़ चिन्ह- कोनो बिसेस संरचन, बिसेस संकेत आदि आदि ला देखाय बर बनाय जाथे अउ उही बिचार मा रूढ़ (स्थिर) हो जाथे। जइसे सड़क के साइन बोर्ड, संकेतक चिन्ह, अलग अलग नकसा, नदी, तरिया, पेड़, पहार, तिरसूल, धजा, बैरग, खंभा, देव ठाना- बाना। पुरखा के मठ (गुड़ी) अरपन, तरपन,समरपन के भाव ।

रूढ़ी ताकत- येला अहसास करे जा सकत हे जइसे घरसन, हवा, चिपचिपाहट, कठोर अउ नरम, तनाव, खिंचाव, धरती, पानी, आगी, हवा अगास के परभाव ल समझना, मउसम के मुताबिक काम - बुता करना।

येकर उदाहरन कोनो तिहार, बर- बिहाव मा बिसेस रीति- रिवाज । (लिंग अधारित) महिला - पुरुष के नेग -जोग , बिसेस परकार के भोजन कुछ इस्थिति मा चीज ला इस्थिर रखना कोनो चीज के नइ होय ले काम ल रोक देना। पर बदलाव नइ करना।

मानव के रूढ़िवादी धारना, दलित मनके बारे मा उच्च जाति के मनमा छाप हे कि दलित मन गंदा, अनपढ़, कमजोर होथे।(2) सब मुसलमान मन आतंकवादी होथे।(3) भले आदिवासी कतरो मानवतावादी शांति पिरिय ब्यक्ति रहाय धारना हे आदिवासी मन जंगल मा रहथे अउ नक्सलाइड बनथें। भगवान मन बावा-जोगी बनके भीख मांगे ल आथे। भगवान के किरपा ले मनखें सुखी - दुखी होथे। लिम्बु- मिर्चा, झाड़ फूंक, करिया टीका लगाए ले कोनो जादू टोना नइ लगे।(6) हुम -धूप, मोमबत्ती, अगरबत्ती, नमस्कार, चमत्कार ले मनखे के जिनगी मा बहार आथे। (7) जाति धरम, वर्ण के अधार ले पद,गद्दी मा बइठारना सामाजिक असमानता ऊंच- नीच भेदभाव करना।

रूढ़िवादी प्रथा मा सकारात्मक, नकारात्मक के दूनो भाव छुपे हे ये इस्थान, बेरा बखत मा लागू होथे। जेला इनकार नइ करे जा सके। रूढ़िवादी प्रथा ला जड़ से समापत नइ करे जा सके। गांव-बस्ती, समाज के नीति नियम, बिधि- विधान बिगड़ जाहि। आदमी जात ले बेजात हो जाहि, पुरखा के मारग नंदा जाहि। आदमी जनम धरे के बाद पशु -पंछी जर्सी गोल्लर कस अजाद हो जाहि,, । फेर ब्यक्ती के सारवजनिक जीवन बर रूढ़िवादी नइ होना चाहि कोनो ला जाति - धरम,वर्ण, रंग रूप के अधार ले छोटे बड़े नइ मानना चाहि, सासन, परसासन के कारज मा समानता होवय सबो ला बारी- बारी ले गद्दी मा बइठे के अधिकार मिलय ।सबो के धरम, संसकिरती के रकछा होवय।।

**मदन मंडावी, ढारा, डोंगरगढ़**

# भरम

कोस्टा पारा के रहवइया मन पानी भरे बर ठेठवार कुँवा म जाय । संझा बिहाने ओकर कुँवा म पनिहारिन मन के रेम लगय। मुलाखात अऊ गोठ बात के बने जगा घला रहय। एक दिन पानी भरके जात एक झन बहू छोकरी के हँउला ह .. उँकर घर म कपाट के चौंखट म ठेंसइस बहू छोकरी ले दे के सम्हलिस फेर रेंगान म गिरे पानी म गोड़ पर गिस। हँउला सुद्धा गिरिस। मुड़ फुटगे, रथिया पीरा उचिस ... पेट भितर लइका मरगे। बहू घला बिहान होत दुनिया ल छोंड़ दिस।

गांव भर हल्ला मातगे। बिशाखा ह अपन बहू ल कहत रहय- ठेठवार कुआं म झन जाय कर ओ...। तोर बड़े दई ह चौंरा म आंखी बटेर के निच्चट निहारत बइठे रहिथे। काकरो सुख देखे नी सकय। चरचर ले अंगुरी फोरत बखाने लगिस - कोढ़ी होके मरही दुखाही हा। देखे कोस्टा के बहुरिया के काय होइस तेला। ओकरेच करनी आय। बहुरिया पूछिस- उंकर बीच अब्बड़ बनथे मां तभो?

बिशाखा किहिस- बनथे तब तो ये हाल करिस। हम तो ओला फूटे आंखी नी सुहान। हमर का नी करही? बहुरिया बिगन सवाल दागे हव कहत मुड़ हलइस।

सांझकुन पानी भरे के बेरा बिशाखा के मुलाखात पनिहारिन मन संग होइस। पनिहारिन मन पुछे लगिन- अई काकी तैं कइसे या? देरानी निये का? समे तो नी आय हे का या?

बिशाखा किहिसड- समे अइगे हे तेकर सेती मय आय हंव। बइठे-बइठे मोरो जांगर खिरत रिहिस। कुछ दिन मिंही आहूं ... संऊख घला नी लागथे तेमा या... देखव उही बहाना सबो बहुरिया संग मेल मुलाखात घला होगे। असल कारन सब समझ गिन।

दूसर दिन बिहाने ले बांगा धरे बिशाखा फेर दिखगे। बिहिनिया बुता काम के बेर काकरो ले जादा गोठ बात नी होइस। सब लकर-धकर अपन बांगा भरिन अऊ चलते चलिन। बिशाखा के उमर जादा नी रिहिस फेर देंहे मोटागे रिहिस। निहरे नी सकय। माड़ी पिराय तेन अलग। टेंड़ा म पानी हेरत बन जाय फेर बाल्टी डोरी म नी सकय। कइसनों करके पानी भर डरय त बांगा ला उचा नी सकय। दूसर बोहाय तब घर तक टेंग रेचेक करत लेगय। चार बेर पानी डोहारत कनिहा कोकरगे।

संझा बिशाखा नी अइस। मुंधियार ओकर बहू हँउला धर के निकलिस। पारा के मन पूछिन - अई .. कइसे अभी जाथस या? बहू मुचुक मुचुक करत चल दिस। चौंरा म बड़े दई ले मुलाखात होगे। टुप-टुप पांव परिस। बड़े दई पूछिस- मुंधियार काबर कर डरे बेटी संझकेरहा नी आते या? बहुरिया किहिस- थोकुन देरी होगे बड़े दई। बड़े दई हा पानी भरे बर मदत करिस। बांगा ल ओकर मुड़ म मढ़हइस। घर म बहुरिया ह बांगा ल उतारे नी सकिस। ओकर घरवाला उतारिस। उतारत-उतारत अपन घरवाला ल पनघट के बात बता पारिस। बिशाखा ललछरहा सुनिस रंधनी ले लकर धकर निकलत बहुरिया ल खिसियइस। तहन जेठानी बर शुरू होगे।

बिशाखा केहे लगिस- उही टोनही के सेती मेहा माड़ी पीरा म पांच बछर ले कल्हरत हंव। मोर जांगर चलतिस ते तोला जावन नी देतेंव? तोला झन मिलबे, झन गोठियाबे केहे रेहेंव। फेर तहूं नी मानेस। भुगतबो तैं देख लेबे। ओकर पांगे फरक नी परे ... हम खुदे देखे हन ।

बिहिनिया बहुरिया के पेट पिराना शुरू होगे। पिरा के मारे तहल बितल करे लगिस। सुइन ल बलइन। गोड़ डहर ले निथरत लहू दे सुइन हाथ उचावत चल दिस अऊ अस्पताल लेजे के सलाह दिस। बिशाखा मन रोज कमइया। रोज खवइया घर म पइसा नी रहय। फिफियागे का करन? कइसे करन? समझ नी आत रहय। बहू के जेवर पहिली ले गहना धराय रहय। माथ धरे बइठे सबो झन के बीच केवल बिशाखा के मुंहु .. अपन जेठानी ला गारी देवत चलत रहय। मैं केहेंव न अब भुगतो सबो। सुइन के मुलाखात लहुटती बेर बिशाखा के जेठानी ले होइस। उनला सरी बात पता लगिस।

जेठानी मन पइसा वाला रिहिन। तुरत अपन चरपहिया तैय्यार करके रुपया के बंडल धरके पहुंच गिन। सुक्खा हाथ धरे बइठे रहयं सब। कोन्हो मना नी कर सकिन। जिंहा आपरेशन के सुविधा रहय ते जगा ह चालीस किलोमीटर दूर। भरती होगिन। लहू बहुत रिस चुके रिहिस। आपरेशन के समे लहू कोन दिही। बिशाखा अऊ ओकर घरवाला उइसने कमजोर। बेटा के लहू मिलय निही। बड़े दई के लहू मिलगे ।कानाफुसी बिशाखा कहे लगिस-अई टोनही के लहू ला चघाबो तेमा? ओकर घरवाला हा लाल आंखी देखइस। बिशाखा तरमरात रहिगे। आपरेशन सफल होइस। फूल असन लइका निकलिस। सब के हिरदे उछाह ले भरगिस। बिशाखा के मन म गोंजाय भरम अऊ बोजाय मइल दुनों धूर हो गिस।

गांव भर हल्ला हो चुके रहय? बिशाखा हा अपन जेठानी ला टोनही कहिथे तेहा गलत नोहे । दू दिन पहिली कोस्टा घर के बहुरिया ला भख दिस। आज ओकर बहुरिया के नम्बर आगे। सांझ होत बइसका म गांव निकाला के फैसला होगे।

चार दिन पाछू सबो लहुटिन। रामबाड़ा म सकलाय रहँय गांव के सियान मन। सब इही सोंच के आय रहयं के बिशाखा के जेठानी ल खुसरन नी देना हे। इही मेर ले बिदा कर देना हे।

गाड़ी दम ले रूकिस। बहू अऊ नानुक लइका ला छोंड़ एक-एक करके सबो उतरिन। बिशाखा हा जेठानी ला उही तिर अगोरे बर कहत निंग गिस। जेठानी के गोड़ ठोठकगे। सब भितिरियागे। गांव के मन बहू अऊ लइका ला नी देखिन। सब समझगे तुरते फैसला बता दिन। जेठानी पिछ्गुच्चा होवत टप-टप आंसू गिरात सुसके लगिस।

बिशाखा भितरी ले लोटा म पानी अऊ आरती धरके निकलिस। जेठानी ला आये के इशारा करिस। जेठ हा। जेठानी के हाथ ला धरके छेंक लिस अऊ हाथ जोर के माफी कहत बिदा मांगिस।

बिशाखा के हिरदे म उंकर बर सन्मान जाग चुके रिहिस। बिशाखा ल गांव के फैसला ह पहिली ले पता चल चुके रिहिस। बिशाखा ह हाथ म धरे समान ल उहि तिर मढ़ाके भागत आगे जेठानी ला पोटार लिस। बम्फार के रो डरिन दुनों। बिशाखा हा न केवल जेठानी ले बल्कि पूरा गांव ले माफी मांगिस। गाड़ी ले उतरत बहुरिया ह बड़े दई के हाथ म लइका ल धरा दिस। देरानी जेठानी के मिलन होगे। सरी घटना के जनाकारी गांव भर ल होगिस। टोनही के भरम ले सब उबर गिन।

**हरिशंकर गजानंद प्रसाद देवांगन, छुरा .**

**उल्टा पुल्टा**

पप्पू शराब पीते-पीते रोने लगा
बंटी - क्या हुआ रो क्यों रहा है?
पप्पू - यार जिस लड़की को भूलने के लिए पी रहा था उसका नाम ही नहीं याद आ रहा है।

# प्रदेश में तेज आंधी से साथ गरज के है आसार

## मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**बिलासपुर**, 17 मई (देशबन्धु)। प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच मौसम में एक बार बदलाव होने के आसार नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में तेज आंधी व तूफान के साथ गरज के आसार है। बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है। रायपुर मौसम विभाग ने इसके लिए अलर्ट भी जारी किया है।



बता दें, छत्तीसगढ़ में इन दिनों मौसम का मिजाज बदला हुआ है। शाम के समय मौसम बदलते ही तेज हवाएं चल रही है। साथ ही गरज चमक के साथ बारिश हो रही है। आज शनिवार को राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में बौछारें पड़ सकती है। साथ ही कई हिस्सों में गरज चमक के साथ 40-50 किमी की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। रायपुर में आज सुबह के समय बादल छाए रहे। बीते रात में गरज चमक के साथ हवाएं और बूँदाबाँदी हुई।

मौसम विभाग के अनुसार, छत्तीसगढ़ में अगले पांच दिनों तक मध्यम से तीव्र मेघ गर्जन के साथ तेज हवाएं और हल्की मध्यम बारिश जारी रहने की संभावना है। इस दौरान अगले चार दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश में मेघ गर्जन के साथ तेज हवा 40-50 किलोमीटर की रफ्तार से चलने की संभावना है। इस दौरान प्रदेश के हिस्सों में आज बारिश की संभावना है।

मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश के ऊपर औसत समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसके प्रभाव से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। प्रदेश में गरज चमक के साथ हवा चलने और बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है।

राजधानी रायपुर में आकाश आंशिक मेघमय रहने और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। यहां अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। प्रदेश में सबसे गर्म बिलासपुर रहा है। यहां सर्वाधिक अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। सबसे कम न्यूनतम तापमान जगदलपुर में 23. 8 डिग्री सेल्सियस रहा है।

# सरकार की मंशा मौके पर हो समस्याओं का निराकरण-तोखन साहू

## विकास की भावना से ओतप्रोत है विष्णुदेव की सरकार-सुशांत शुक्ला

### बेलतरा के समाधान शिविर में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री तोखन

**बिलासपुर**, 17 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत विधानसभा बेलतरा के ग्राम पंचायत कडरी के समाधान शिविर में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू और विधायक सुशांत शुक्ला ने शिविर में आए फरियादियों की मांग सुनी और उनके त्वरित निदान हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि यह विष्णुदेव साय के सुशासन वाली सरकार है आपको अपने शासकीय कार्य के निराकरण हेतु कही भटकना न पड़े इस बात का ख्याल रखते हुए जगह जगह समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। हमारी सरकार की मंशा साफ है कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान हो। उसे शासन की योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। शासन स्तर के लंबित कार्य सुगमता पूर्वक हो सके हमारी सरकार ने विकास की अवधारणा को ग़रीबों के पेट से जोड़ा है कोई भी भूखा ना रहे इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 80 करोड़ देशवासियों को मुफ्त में राशन देने की योजना चला रही है ।




उन्होंने कहा कि 2029 तक मुफ्त राशन योजना जारी रहेगी हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका एक घर हो जिसमे वो सम्मान के साथ रह सके पिछली सरकार ने इस महत्वपूर्ण योजना को रोके रखा लेकिन विष्णुदेव साय नेतृत्व वाली सरकार बनते ही पहली केबिनेट में गरीबों के 18 लाख मकान बनाने के मार्ग को प्रशस्त किया गया आज हर गांव में प्रधानमंत्री आवास के निर्माण कार्य जोरो पर चल रहे हैं सरकार की मंशा है कि हर गरीब को राशन मिले रहने के लिए आवास की व्यवस्था हो उज्ज्वला गैस योजना का लाभ मिले और महतारी वंदन योजना से हमारी बहने आत्मनिर्भर बने किसानों को सम्मान निधि और उनके फसलों का उचित मूल्य देने का काम भी हमारी सरकार द्वारा किया जा रहा है शिविर को संबोधित करते हुए बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि हमने ही बनाया है और हम ही संवारेंगे के थीम पर काम कर रही विष्णुदेव सरकार के केंद्र में गरीब युवा किसान और महिलाओं को रखा गया है भाजपा की केन्द्र और राज्य की सरकार अनेकों महत्वपूर्ण योजनाओं के बदौलत छत्तीसगढ़ का भविष्य अपना रूप ले रही है समग्र विकास की भावना से ओतप्रोत विष्णुदेव साय नेतृत्व वाली सरकार एक तरफ एक गरीबों के लिए हितग्राही मूलक योजना चला रही उन्होंने कहा कि अपने किए हुए वादों को बहुत ही कम समय में पूरा छत्तीसगढ़ के जनता का विश्वास जितने में सफल हुई है श्री शुक्ला ने बताया कि पिछले डेढ़ वर्ष के भीतर बेलतरा विधानसभा में 300 करोड़ से भी अधिक के विकास की कार्य स्वीकृत हुए हैं इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी भी मंच पर उपस्थित रहे समाधान शिविर में विभिन्न विभागों को कुल 3566 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 3148 का मौके पर ही निराकरण किया गया ।

## सार-संक्षेप



### शिवसेना के महिला विंग ने डबरीपारा अटल आवास में पेयजल आपूर्ति के लिए आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर**, 17 मई (देशबन्धु)। शिवसेना के विंग महिला जिला प्रभारी माधुरी शर्मा के आदेशानुसार शिवसेना नगर महासचिव रोमेश शर्मा के द्वारा साइंस कॉलेज रोड डबरीपारा अटल आवास में पेयजल सुविधा को लेकर नगर निगम आयुक्त को पाइपलाइन फटा हुआ है जिसे रिपेयरिंग करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया और मांग की गई जल्द से जल्द पाइपलाइन जो फटा हुआ है उसे रिपेयरिंग कराया जाए तथा शिवरेज का जो चैंबर लगाया गया है वह ओवरलोड होने के कारण चेंबर का गंदा पानी रोड और नाली में बह रहा है इन्हीं सब मुद्दे को लेकर आज अटल आवास बी ब्लॉक के समस्त निवासी आज ज्ञापन सौंपने पहुंचे जिसमें मुख्य रूप से रानी यादव ममता ठाकुर शकुन विश्वकर्मा भुवनेश्वरी साहू शकुंतला बरगह सरिता सीमा सिंह चांदनी यादव गीता विक्रम दास सहित सभी शिव सैनिक उपस्थित थे।

### जोनल स्टेशन में रेलवे सिविल डिफेंस ने किया अग्निशमन प्रशिक्षण



**बिलासपुर**, 17 मई (देशबन्धु)। गर्मी के मौसम में आगजनी की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे सिविल डिफेंस टीम द्वारा एक विशेष अग्निशमन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्टाल संचालकों एवं यात्रियों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करना एवं अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग की जानकारी देना था। इस प्रशिक्षण के दौरान सिविल डिफेंस के वालेंटियर्स ने आग लगने की स्थिति में किए जाने वाले त्वरित कदम, अग्निशामक यंत्रों के प्रकार, उनके संचालन की विधि और प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, आग लगने की संभावनाओं को कम करने के उपाय भी बताए गए। रेलवे स्टेशन पर उपस्थित स्टाल संचालकों एवं यात्रियों ने इस प्रशिक्षण में उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अत्यंत लाभकारी बताया। वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने कहा कि सिविल डिफेन्स का यह प्रयास यात्रियों की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### जीवन रक्षा पदक के लिए आवेदन आमंत्रित

**बिलासपुर**, 17 मई (देशबन्धु)। भारत सरकार द्वारा जीवन रक्षा पदक श्रृंखला के तहत आवेदन 30 सितंबर तक आमंत्रित किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग द्वारा समस्त कलेक्टरों को परिपत्र जारी कर इसके संबंध में प्रविष्टियां मंगाई गई है। यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को दिया जाता हैं जिन्होंने किसी अन्य व्यक्ति की जान बचाने में बहादुरी का सराहनीय कार्य किया हो, इन कार्यों में किसी को डूबने, दुर्घटनाओं, आग, बिजली के झटके, भू-स्खलन, जानवरों के हमले और खदानों से बचाना शामिल हो सकता है। पुरस्कारों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिसमें सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक, उत्तम जीवन रक्षक पदक, जीवन रक्षा पदक श्रृंखला शामिल है। इन पुरस्कारों के लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन मंगाए गए हैं।

# खनिज रेत के अवैध खनन,परिवहन, भण्डारण पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

### 2 चैन माउंटेन मशीन सहित 02 हाइवा सीज़

### अवैध रूप से भंडारित 400 हाइवा रेत और मिट्टी जप्त

**बिलासपुर**, 17 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला बिलासपुर में खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।



इस क्रम में आज खनिज अमला द्वारा ग्राम भिलोनी, जोंधरा, कुकुरदीकला, अमलडीहा, उदइबंद एंव अन्य क्षेत्रों में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की लगातार जांच की गई। जहाँ रात्रि लगभग 3-4 बजे अमलडीहा एंव उदईबंद रेत खदान क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अमलडीहा रेत खदान क्षेत्र से खनिज रेत का उत्खनन करते 01 चैन माउंटेन मशीन एंव 1 हाइवा वाहन को सीलबंद किया गया तथा ग्राम उदइईबंद अंतर्गत रेत खदान क्षेत्र से खनिज रेत का उत्खनन करते 01 चैन माउंटेन एंव 1 हाइवा वाहन को सील बंद किया गया। खदान क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंची खनिज टीम को देखकर मौके से सभी वाहन चालक और ऑपरेटर भाग खड़े हुए। जिसके पश्चात मौके पर पाये गए वाहनों को खनिज विभाग द्वारा सीज़ किया जाकर खदान संचालको को उत्खनन शर्तों के उल्लंघन किये जाने पर नोटिस चस्पा किया गया है। साथ ही लाल खदान मस्तूरी रोड तोरवा के समीप डंप लगभग 200 हाइवा रेत एंव 200 हाइवा मिट्टी को वैध दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर जप्ती की कार्रवाई की गई। पूर्व मे 13 मई को कुदुदंड क्षेत्र से खनिज रेत का परिवहन करते 04 ट्रैक्टर को जप्त कर थाना कोनी में सुरक्षार्थ किया गया। 15 मई को खनिज अमला द्वारा करही कछार,सेंदरी, निरतू, घुटकू क्षेत्र का निरीक्षण किया गया,जहाँ करही कछार क्षेत्र से रेत का अवैध उत्खनन करते 1 चैन माउंटेन मशीन को सीलबंद किया गया। निरतू क्षेत्र से रेत का अवैध परिवहन करते 3 ट्रैक्टर वाहनों को जप्त कर थाना कोनी को सुरक्षार्थ किया गया।सोढाखुर्द क्षेत्र से अवैध रूप से लगभग 150 हाइवा भण्डारित खनिज रेत को जप्त किया गया। इस प्रकार 05 दिवस के भीतर खनिज विभाग बिलासपुर द्वारा खनिज रेत के अवैध उत्खनन पर 3 चैन माउंटेन 02 हाइवा सीज़ किया गया। अवैध परिवहन पर 07 ट्रेक्टर को जप्ती किया गया। अवैध भण्डारण पाये जाने पर लगभग 350 हाइवा रेत पर जप्ती की कार्रवाई की गयी है। खनिजों के अवैध उत्खनन,परिवहन,भण्डारण के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा निरंतर कार्रवाई जारी है।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

### खेलों इंडिया यूथ गेम में पदक जीतने पर खिलाड़ियों को दी बधाई





**बिलासपुर**, 17 मई (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नेहरू चौक स्थित अपने शासकीय कार्यालय में जनदर्शन आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। निजी और सार्वजनिक समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने उनसे मुलाकात की और ज्ञापन सौंपे।

श्री साव ने उन सभी के आवेदन का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों ने उपमुख्यमंत्री से मुलाकात कर जीते हुए मेडल उन्हें दिखाएं । बिलासपुर के थांग ता खिलाड़ियों को दो ब्रांज मेडल मिला है।

यह प्रतियोगिता पटना में 4 में से 15 मई तक आयोजित हुआ । उप मुख्यमंत्री ने बिलासपुर के खिलाड़ी किरण साहू और आर्या अख्तर को मेडल जीतने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। पोड़ी (ह) ग्राम पंचायत के सरपंच ने अपने गांव में खेल मैदान समतलीकरण करने की मांग की। बिलासपुर की शिवसेना प्रमुख श्रीमती रेवती यादव ने सरोवर हमारी धरोहर योजना में शहर के सभी तालाबों को शामिल कर सौंदर्यीकरण के लिए विशेष पैकेज की मांग रखी और खूंटाघाट जलाशय से इन सभी तालाबों को भरने के लिए ज्ञापन सौंपा।

ग्राम बिरकोना की आदिवासी महिला किसान बबीता मरकाम ने ज्ञापन सौंपकर पटवारी द्वारा ऋण पुस्तिका के लिए परेशान करने का आरोप लगाया। श्री साव ने एसडीएम को उनका आवेदन भेजकर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

विभिन्न विषयों से संबंधित लगभग 3 दर्जन आवेदन जनदर्शन में प्राप्त हुए। अधिकारियों को ये सभी आवेदन भेजकर इनका सार्थक समाधान करने के निर्देश दिए गए।

# एमडीएमए ड्रग्स की ट्रेन से तस्करी में लिप्त अंतरराज्यीय गिरोह के 6 लोग पकड़ाए

**बिलासपुर**, 17 मई (देशबन्धु)। पुलिस द्वारा विगत तीन दिनों में मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत तीन अलग-अलग प्रकरणों में कुल 06 आरोपियों को एमडीएमए ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के निवासी शामिल हैं। इस कार्रवाई के दौरान लगभग 15 ग्राम एमडीएमए जब्त किया गया है। साथ ही दिल्ली के प्रमुख ड्रग्स सप्लायर्स को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। यह संयुक्त कार्रवाई थाना सिविल लाइन, थाना रतनपुर एवं एसीसीयू टीम द्वारा समन्वित रूप से की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनेश सिंह के नेतृत्व में बिलासपुर पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु चलाया जा रहा सघन अभियान निरंतर जारी है। अंतरराज्यीय ड्रग्स नेटवर्क के विरुद्ध की गई यह कार्रवाई सटीक, समन्वित एवं प्रभावी प्रयास का उदाहरण है, जो मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने में सहायक सिद्ध होगी।

पुलिस को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई थी कि दिल्ली से उत्कल एक्सप्रेस के माध्यम से एक व्यक्ति बिलासपुर की ओर एमडीएमए ड्रग्स लेकर आ रहा है। उसलापुर स्टेशन के पास ट्रेन के रुकते ही संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया, जिसकी पहचान हरियाणा निवासी प्रदीप कुमार के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक पार्सल मिला जिसमें एमडीएमए ड्रग्स था। पूछताछ में प्रदीप ने बताया कि यह पार्सल उसे दिल्ली निवासी शुभम ने दिया था। थाना सिविल लाइन द्वारा उक्त ड्रग्स को विधिवत जब्त कर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



शुभम की गतिविधियों पर पुलिस द्वारा लगातार नजर रखी जा रही थी।सूचना प्राप्त होने पर कि द्वशुभम वाराणसी होते हुए बिलासपुर आ रहा है, पुलिस टीम द्वारा उसका पीछा किया गया।रतनपुर के पास चेकिंग पॉइंट लगाकर शुभम को एक कार में तीन अन्य साथियों (सुमित, रितेश, राजू) के साथ गिरफ्तार किया गया।

कार की तलाशी में भी एमडीएमए ड्रग्स बरामद हुआ। थाना रतनपुर में इस संबंध में अपराध पंजीबद्ध कर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत विधिवत कार्रवाई की गई।

इसी अभियान के अंतर्गत पुलिस को एक अन्य विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से एक व्यक्ति एमडीएमए ड्रग्स लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन पर सतर्कता बढ़ाई गई और संबंधित व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उसकी पहचान विवेक कुमार, निवासी जिला करौली (राजस्थान) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से लगभग 3 ग्राम एमडीएमए जब्त किया गया। थाना सिविल लाइन में इस मामले में भी अपराध पंजीबद्ध कर ड्रग्स को विधिवत जब्त करते हुए आरोपी से पूछताछ की जा रही है, जिससे इस नेटवर्क के अन्य पहलुओं की जानकारी प्राप्त की जा सके।

### ड्रग्स तस्करी नेटवर्क का खुलासा

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दिल्ली से ट्रेनों के माध्यम से एमडीएमए जैसे नशीले पदार्थों की आपूर्ति की जा रही थी, जिसे भारत के विभिन्न जिलों में सप्लाई किया जा रहा था।

आरोपियों द्वारा ड्रग्स की तस्करी के लिए रेलवे पार्सल सेवा एवं व्यक्तिगत माध्यम का इस्तेमाल किया जा रहा था। इस नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की जानकारी जुटाई जा रही है तथा प्रकरण की विवेचना जारी है।

### ये हैं गिरफ्तार आरोपी

प्रदीप कुमार, पिता राजेन्द्र सिंह, निवासी-सोनीपत, हरियाणा। शुभम दत्त, पिता संजय दत्त, निवासी-दिल्ली। सुमित कुमार, पिता राजेन्द्र कुमार, निवासी-दिल्ली। रितेश शर्मा, पिता बाबूलाल शर्मा, निवासी-जयराम नगर, मस्तूरी (छत्तीसगढ़)। राजू सिंह, पिता रंजीत सिंह, निवासी-इंदु इमेजिका कॉलोनी, चकरभाठा (छत्तीसगढ़)। विवेक कुमार, पिता सुरेश कुमार, निवासी-जिला करौली, राजस्थान।

# सेना के पराक्रम की गूंज, तिरंगा यात्रा में भारत का जयघोष

## जनप्रतिनिधि, पूर्व सैनिक, अधिकारी और नागरिकों की भागीदारी

कोरबा, 17 मई (देशबन्धु)। भारत सरकार द्वारा सेना को फ्री हैण्ड करने के साथ सीमा सुरक्षा का काम अलग अंदाज में हो रहा है। आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार पाकिस्तान के तत्वों को निपटाने का काम ऑपरेशन सिंदूर के तहत सेना ने किया। ऑपरेशन की सफलता और भारत की धमक से उत्साहित भारतीयों ने शनिवार को कोरबा में तिरंगा यात्रा निकाली। सेना के पराक्रम को नमन करने के साथ हर किसी ने भारत का जयघोष किया।

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये नागरिक कार्यक्रम के तहत घंटाघर चौक से महाराणा प्रताप चौक से घंटाघर चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। घंटाघर चौक पर बड़ी संख्या में बच्चे, युवाओं और आम नागरिकों सहित जनप्रतिनिधियों ने हाथ में तिरंगा ध्वज लेकर भारत माता का जयघोष किया। आम



नागरिकों ने देश की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए एकता और अखंडता पर बल दिया। उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने आपरेशन सिन्दूर की सफलता और इसके व्यापक परिणामों के लिए नेतृत्व के साथ-साथ जवानों को धन्यवाद दिया। जिला पंचायत के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह कंवर एवं महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि भारतीय सेना हमारे देश के गौरव हैं। कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि देश की सुरक्षा में हमारे सेना का महत्वपूर्ण योगदान है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने लोगों को यात्रा की बधाई दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, जिला भाजपाध्यक्ष गोपाल मोदी, निगम के प्रभारी आयुक्त विनय मिश्रा सहित जिले में निवासरत पूर्व सैनिक, अनेक विभागों के अधिकारी और काफी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

# बकरा-भात के साथ खेल रहे थे जुआ, 12 पकड़ाए

## डेढ़ लाख नगद, 10 बाइक व मोबाइल जप्त

कोरबा, 17 मई (देशबन्धु)। ग्राम गोढ़ी में एक बाड़ी में चल रहे जुआ अड्डा का खुलासा पुलिस ने किया। पिछली रात संयुक्त कार्यवाही में 12 लोग पकड़े गए। मौके से डेढ़ लाख नगद, 10 बाइक, मोबाइल और अन्य सामान मिले है। जुआरियों पर जुआ एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि गोढ़ी में मन्नू उर्फ अमित के द्वारा जुआ अड्डा चलाया जा रहा है। पिछली रात को उसने आसपास के गांवों से जुआड़ियों को बुलाकर बकरा-भात का आयोजन किया था। इसके साथ जुआ फड़ चल रही थी। जुआरियों को पकड़ने संयुक्त टीम बनाई गई। निरीक्षक प्रमोद डनसेना सिविल लाईन कोरबा, उरगा प्रभारी उनि राजेश तिवारी व सायबर सेल अजय सोनवानी के नेतृत्व में टीम ने रकततराई ग्राम गोढ़ी में मन्नू उर्फ अमित के बाड़ी में घेराबंदी कर जुआड़ियों को दबोचा गया। जुआड़ियों से कुल नगदी रकम 1,57,000 रु., एक दरी, सिरका कंपनी का एलईडी लाईट एवं बिजली वायर, 10



दो पहिया वाहन, एक कार को जब्त किया गया। मौके से गौतम सिंह कंवर, बसंत भण्डारी, देवेन्द्र कुमार, राजकुमार बरेठ, दिनेश कुमार टण्डन, हरविन्द सिंह, मनेस कुमार, अमीत कुमार, रामकुमार केवट, मधुसुदन प्रसाद जायसवाल, संजय कवंर, ईनवर सिंह पकड़े गए। आरोपियों के खिलाफ धारा 3 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस कार्यवाही में सउनि दुर्गेश राठौर, आरक्षक जितेंद्र सोनी, योगेश राजपूत, संदीप भगत, शेख शहबान, प्रमेंद्र चंद्रा, धर्मेंद्र यादव, सायबर सेल से आर. आलोक टोप्पो, सुशील यादव, डेमन ओग्रे, विरकेश्वर की सराहनीय भूमिका रही।

## सार-संक्षेप

### अंधड़ के बीच सड़क पर गिरा विशाल पेड़, बची जिंदगी



कोरबा-कोरबी,चोटिया, 17 मई (देशबन्धु)। एनएच-130 में चोटिया में शनिवार को शाम लगभग 5 बजे आए अंधड़ के कहर ने काफी नुकसान किया। यहां एनएच के बीचों-बीच एक विशाल पेड़ आ गिरा। जिससे आवागमन बाधित हुआ। दैवयोग से लोग बाल-बाल बच गए।

खबर के अनुसार चोटिया चौक में महेंदर सिंह के घर के सामने खड़ी एक ट्रैक्टर और बिजली के केबल तार को अपने चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आसपास अफरा-तफरी मच गई, और लोग अपनी जान बचाने के लिए घरों में दुबक गये। इस भयानक तूफान एवं बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया, कई ग्रामीणों के घर के छप्पर उड़ गए और चिरमिरी मार्ग में निवासरत नज़ीर खान के मकान में पानी भर गया जिससे घर में रखे हजारों रुपए के सीमेंट बर्बाद हो गए। इस तूफान से बिजली के खंभे एवं केबल कई जगह धराशाई हो गये।


### बाघ ने शिकार किया भैंस का, फॉरेस्ट अनजान



कोरबा, 17 मई (देशबन्धु)। जिले के पाली वन क्षेत्र में चैतुरगढ़ के आसपास विगत दो-तीन दिन से बाघ देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इसके द्वारा एक भैंस का शिकार किए जाने की खबर है। घटनास्थल पर बाघ के पद चिन्ह भी मिले हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दे दी है। वहीं वन विभाग का कहना है कि मामले की वास्तविकता ज्ञात करनी होगी।

सूत्रों का कहना है कि आसपास के ग्रामीणों ने जेमरा -चैतुरगढ़ के पहाड़ी जंगल में 2-3 दिन से एक बाघ को देखा है। इसी जानवर ने एक ग्रामीण की भैंस का शिकार किया है। आज सुबह वन्य क्षेत्र में गए ग्रामीण ने मृत हालत में भैंस को देखा। भैंस के शरीर पर जंगली जानवर के शिकार के गहरे निशान स्पष्ट दिखाई दे रहे थे। इसकी सूचना वन विभाग को दे दी गई है। चैतुरगढ की पहाड़ी अचानकमार अभयारण्य से जुड़ा हुआ है जो वन्य जीवों के लिए एक कारीडोर का निर्माण करता है। गर्मी के दिनों में अक्सर शेर, बाघ, तेंदुआ अथवा अन्य वन्य जीव अचानकमार से सटे इस वन्य क्षेत्र में पानी और चारे की तलाश में आते जाते रहे हैं।

### कोरबा के खिलाड़ियों ने बिहार में पदक जीते



कोरबा, 17 मई (देशबन्धु)। सातवीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स कम्प्टीशन बिहार के गया जिला में आयोजित हुई। कोरबा जिले के खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ की ओर से हिस्सा लिया और शानदार प्रदर्शन किया। कलारिपयात्तु मार्शल आर्ट में खिलाड़ियों ने अपना परफार्मेंस करते हुए प्रतिद्वंद्वियों को परास्त किया। उन्होंने स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने में सफलता प्राप्त की। कोयलांचल कुसमुंडा मैं खिलाड़ियों और उनके कोच का स्वागत स्थानीय नागरिकों ने किया।

मार्शल आर्ट टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने कमलेश देवांगन कोच के नेतृत्व में प्रशिक्षण लेने के साथ इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। कोयलांचल कुसमुंडा में खिलाड़ियों और कोच कमलेश देवांगन का स्वागत सत्कार भाजपा नेता विकेश झा के नेतृत्व में नागरिकों ने किया। इस मौके पर कोच और खिलाड़ियों ने संक्षिप्त बातचीत में बताया कि बिहार में खेल आयोजन को लेकर उनका अनुभव कैसा रहा।

विकेश ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने खेल नीति में कई बदलाव किए हैं और इसका लाभ खिलाड़ियों को मिल रहा है। संसाधन व प्रोत्साहन में बढ़ोत्तरी के कारण अच्छी नतीजे आ रहे हैं। विकेश ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशीलता से कुल मिलाकर खिलाड़ियों को लाभ हो रहा है।

# संविधान बचाओ रैली से पहले कांग्रेस ने की बैठक



कोरबा, 17 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली 19 मई को जांजगीर में होगी। इससे पहले शनिवार को कोरबा में कांग्रेस ने एक बैठक की। इसमें प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी जलीता जैतफलांग, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत एवं पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल शामिल हुए।

बैठक में जरीता लैतफ्लांग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश भर में सविंधान बचाओ अभियान चला रही है। आज हमारे सविंधान को बदलने की बातें हो रही है। इसलिए हमें सविंधान को बचाने के लिए यह लड़ाई लड़ना है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि सविंधान हमारा जीवन है और हमें हमारे जीवन को बचाने के लिए इसकी रक्षा करना आवश्यक हो जाता है। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी जांजगीर आ सकते हैं। जिले से काफी कार्यकर्ता दोपहर 1 बजे जांजगीर रवाना होंगे। रैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेसजनों को जिम्मेदारी सौंपी गई। दर्री, बालको एवं कुसमुण्डा ब्लॉक के भी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय से ही एक साथ रवाना होंगे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष नत्थु लाल यादव ने रणनीति पर बात की। संचालन पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं आभार प्रदर्शन पूर्व अध्यक्ष सपना चौहान ने किया। बैठक में पूर्व विधायक मोहित केरकेट्टा, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष हरीश परसाई, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, सेवादल अध्यक्ष प्रदीप पुरायणे, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, उप नेता प्रतिपक्ष डॉ. रामगोपाल कुर्रे, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुकेश राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर सहित अन्य उपस्थित थे ।

# गड्ढों ने फिर डराया, सभी रास्तों पर सुधार हो बारिश से पहले

## गाड़ियों में नहीं दिखना चाहिए ब्लैक फिल्म और प्रेशर हार्न

कोरबा, 17 मई (देशबन्धु)। जिले में नेशनल हाईवे सहित राष्ट्रीयकृत मार्गों पर गड्ढों की वजह से बार-बार हादसे हो रहे हैं। कांक्रीट पैनल में दरार और एक्सपान्शन पाइंट में पानी रिसाव के कारण इस प्रकार की दिक्कतें आ रही है। इसके चलते हर कोई चिंतित है। इसलिए अब जोर दिया जा रहा है कि बारिश से ठीक पहले ऐसी सभी खतरों को दूर किया जाए। गाड़ियों में ब्लैक फिल्म और प्रेशर हार्न भी नजर नहीं आने चाहिए और ऐसे मामलों में कठोर कार्यवाही की जाए।

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में इस प्रकार के निर्देश देने के साथ निर्णय लिए गए। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में यह बैठक हुई। अपर कलेक्टर मनोज कुमार बंजारे ने जिले में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रशासन ने जिले में सड़क सुरक्षा से संबंधित किए गए प्रयास, सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण, दुर्घटना नियंत्रण के उपाय व सड़क सुरक्षा जागरूकता के संबंध में जानकारी ली। सड़क दुर्घटना रोकने, ओवर स्पीडिंग को नियंत्रित करने तथा आवश्यक सुरक्षा साधनों का उपयोग करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों से कहा गया कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर कमेटी बनाकर कमेटी की रिपोर्ट पर आवश्यक सुधार कराए जाए ताकि दुर्घटना न हो। ऐसे कार्यों में सार्वजनिक उपक्रम के अधिकारियों को सहयोग करने के लिए कहा गया।

यह भी कहा गया कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्त करने में तेजी लाए। इसके साथ ऐसे सभी उपाय अपनाए जाए जिनसे दुर्घटनाओं में कमी आए। इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक नीतेश ठाकुर, सहायक पुलिस अधीक्षक एवं यातायात प्रभारी रविन्द्र मीणा, नगर निगम आयुक्त विनय मिश्रा, परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा, सार्वजनिक उपक्रम एसईसीएल, बालको, पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाईवे, एनएचएआई, एनएचपीडब्ल्यूडी, परिवहन, यातायात सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# कुदमुरा शिविर में आए 3656 आवेदन, सभी निराकृत



कोरबा, 17 मई (देशबन्धु)। कोरबा ब्लाक के कुदमुरा में सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित हुए शिविर ने रिकार्ड बनाया। खास बात यह रही कि यहां 3656 आवेदन आए और ये सभी निराकृत कर दिए गए। सीईओ कौशांबी गभेल ने शिविर में इस बारे में जानकारी दी। विद्युत विभाग अधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की विद्युत समस्या होने पर ट्रोल फ्री नम्बर 1912 में कॉल कर अपनी समस्या का निराकरण करा सकते हैं। कुदमुरा में विद्युत सब स्टेशन की मांग की गई थी, जिसे योजना में सम्मिलित कर लिया गया है। जो कि टेन्डर की प्रक्रिया में है ।

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया ने सरकार के प्रयास पर बात रखी। अध्यक्ष जनपद पंचायत कोरबा श्रीमती बिजमोती राठिया ने संतोष जताया कि समाधान शिविर कारगर साबित हो रहे हैं। शिविर में ग्राम पंचायत तौलीपाली को स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का प्रमाण पत्र जारी किया गया। साथ ही मनरेगा कार्ड 04, राशनकार्ड 13, पेंशन 90, आवास स्वीकृति 05, मृत्यु प्रमाण पत्र 01, आदिम जाति सहकारी मर्यादित समिति कुदमुरा के द्वारा केसीसी हेतु चेक, तहसीह भैसमा द्वारा ऋण पुस्तिका, वन अधिकार पत्रक एवं कृषि विभाग द्वारा पावर बिडर मशीन, हितग्राहियों को उक्त योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में बृजमोहन राठिया मण्डल अध्यक्ष, जनपद सदस्य जयानन्द राठिया, श्रीमती गंगोत्री कंवर क्षेत्र, श्रीमती फलमती राठिया, कुदमुरा कलस्टर में सम्मिलित 08 ग्राम पंचायत, बरपाली, चचिया, जिलगा, कटकोना, कुदमुरा, मदनपुर, पसरखेत, तौलीपाली के समस्त सरपंच, उपसरंपच एवं पंच, शिविर नोडल अधिकारी सरोज महिलांगे, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोरबा व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# मंत्री देवांगन ने 68 लाख के कार्यों का भूमिपूजन किया



कोरबा, 17 मई (देशबन्धु)। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने शनिवार को नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 11 संजयनगर में 68 लाख 30 हजार के कार्यों का भूमिपूजन किया। ये कार्य वार्ड क्रमांक 1, 5, 7, 9, 11 एवं 13 में होंगे। महापौर संजूदेवी राजपूत भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थीं।

मंत्री देवांगन ने कार्यक्रम में कहा कि जल्द ही 9 वार्डों में 86 लाख के कार्य शुरू किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोरबा नगर निगम क्षेत्र में 23 करोड़ रूपये के विकास कार्यो की घोषणा की थी, जिनमें से लगभग 4 करोड़ रूपये के विकास कार्य कोरबा जोन के वार्डो के लिए थे। कोरबा का तेजी से विकास हो रहा है तथा आश्वस्त करता हूँ कि कोरबा के विकास में किसी प्रकार का अवरोध नहीं होगा। कार्यक्रम में पार्षद नरेन्द्र देवांगन, युगल कैवर्त, रूबी देवी सागर, सुषमा साहू, सुलोचना यादव, उपेन्द्र पटेल, राधा महंत, प्रभा टीकम राठौर, ईश्वर पटेल, धनश्री साहू, मुकुंद सिंह कंवर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, कोरबा मण्डल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, नरेन्द्र पाटनवार, राकेश नागरमल अग्रवाल, आकाश श्रीवास्तव, सुफल दास महंत, टीकम राठौर, के.डी.वैष्णव, नीमेश्वरी पटेल, धनबाई यादव, रामशंकर साहू, अनिल यादव, प्रकाश राठौर, निगम के जोन कमिश्नर विनोद कुमार शांडिल्य, सहायक अभियंता पीयूष राजपूत, उप अभियंता अश्वनी दास आदि उपस्थित थे।

# कोल सेक्टर में हड़ताल टली, अब जुलाई की योजना

कोरबा, 17 मई (देशबन्धु)। 20 मई को कुछ मांगों को लेकर कोयला उद्योग में होने वाली अखिल भारतीय हड़ताल टल गई है। इसके लिए अब 9 जुलाई की तिथि सुनिश्चित की गई है। केन्द्रीय श्रमिक संगठन एचएमएस, एटक, इंटक और सीटू ने इस बारे में निर्णय ले लिया है।

इंटक के अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह, सीटू के महासचिव वीएम मनोहर व एटक के महासचिव अजय विश्वकर्मा ने बताया कि पहले 20 मई को हड़ताल प्रस्तावित की गई थी। कोयला कामगारों के मुद्दों के साथ-साथ कोल सेक्टर में आउट सोर्सिंग को बढ़ावा देने एवं श्रम नीतियों से खिलवाड़ को शामिल किया गया था। सभी कंपनियों को हड़ताल की सूचना दे दी गई थी लेकिन अब तय किया गया है कि देश में पहलगाम हमले के बाद बनी परिस्थितियां और ऑपरेशन सिंदूर के बाद की स्थिति को देखते हुए हड़ताल व्यवहारिक नहीं लग रही है। इसलिए फिलहाल इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। तय किया गया कि यह हड़ताल 9 जुलाई को की जाएगी। इसका स्वरूप जस की तस रहेगा। हड़ताल की तिथि बढ़ाने को लेकर संबंधितों को सूचित कर दिया गया है। संगठनों ने कहा कि हमारे जो मुद्दे हैं उसमें किसी प्रकार का बदलाव का सवाल नहीं उठता।

## रायगढ़ के लिए सुरेन्द्र प्रताप बनाए गए प्रभारी



कोरबा, 17 मई (देशबन्धु)। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल को शहर जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ का प्रभारी नियुक्त किया है। प्रभारी महामंत्री (संगठन/प्रशासन) मलकीत सिंह गैदू ने आदेश जारी कर जानकारी दी। श्री जायसवाल को कहा है कि वे जिला/नगर/ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, स्थानीय पदाधिकारियों सहित जिले के वरिष्ठ नेताओं के साथ आवश्यक सम्पर्क एवं समन्वय बनाकर संगठनात्मक कार्यक्रमों का सुचारू संचालन करें। श्री जायसवाल ने अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया है।

# एनएमपीएस के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड में बनाई खास जगह



कोरबा, 17 मई (देशबन्धु)। नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया और विशेष जगह बनाई। कक्षा 12वीं से छात्रा कु. मोही सुल्तानिया ने 95.8 प्रतिशत अंक से प्रथम स्थान, छात्र प्रियांश कुमार ने 94.8 प्रतिशत अंक से द्वितीय स्थान एवं छात्र आर्यन महोबिया ने 89.8 प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं से छात्रा कु. हिमांशी कंवर ने 81.6 प्रतिशत अंक से प्रथम स्थान, छात्र राहुल निर्मलकर ने 81.2 प्रतिशत अंक से द्वितीय स्थान एवं छात्रा रागिनी कंवर ने 80.8 प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य राकेश साहू ने बताया कि इस सत्र में 12वीं के छात्रों ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है वहीं कक्षा 10वी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल ने सभी छात्रों को शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य सभी बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में उन्नत शिक्षा प्रदान करना है ताकि एक बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सभी बच्चे समाज को एक नयी धारा से जोड़ते हुये राष्ट्र विकास में अपना योगदान दे।

# धनीराम पब्लिक स्कूल की सानिया रही टॉप



कोरबा, 17 मई (देशबन्धु)। ग्राम बरपाली स्थित धनीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम दर्ज किया। विद्यालय में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक शिक्षा प्रदान की जाती है। सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं के 10 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें सभी ने सफलता प्राप्त की। सानिया टंडन ने 93.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रमोद कुमार महंत ने 85.2 प्रतिशत एवं माही अग्रवाल ने 84.4 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम भी प्रशंसनीय रहे, जिसमें 90 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. विवेक रंजन महतो ने विद्यार्थियों की सफलता को सराहते हुए कहा कि यह मेहनत और समर्पण का नतीजा है। उन्होंने बच्चों को आगे भी ऐसे ही सफलता अर्जित करने की शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य मनोहरन टी और शैक्षणिक प्रमुख आरके मिश्रा ने भी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सार-संक्षेप

### भारत माता की जय बन्दे मातरम के जयकारों से गूंज उठा शहर



**कोरिया,** 17 मई (देशबन्धु)। जिले के बैकुंठपुर में आज ओपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद देशभक्ति की लहर दौड़ पड़ी। नगर पालिका कॉम्प्लेक्स से शुरू होकर मिनी स्टेडियम तक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें हर वर्ग, हर समुदाय के लोग उमड़ पड़े। यात्रा का उद्देश्य न केवल आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाना था, बल्कि देश के वीर जवानों को सम्मान देना भी था। हजारों की संख्या में शामिल लोगों के हाथों में तिरंगा था, और गगनभेदी नारों से पूरा शहर गूंज उठा—भारत माता की जय, वंदे मातरम, और आतंकवाद मुर्दाबाद जैसे उद्घोषों से वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया। महिलाओं की भागीदारी भी विशेष रही, जिनकी ऊर्जा और उत्साह ने यात्रा को और भी जीवंत बना दिया। मिनी स्टेडियम पहुंचने के बाद कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया।

प्रशासनिक अधिकारियों, स्थानीय नेताओं और युवाओं ने इस पहल को सराहा और इसे एकता और साहस का प्रतीक बताया। ओपेराशन सिंदूर की सफलता के बाद यह तिरंगा यात्रा एकजुट भारत की जीवंत तस्वीर बनकर उभरी।

### विधायक रेणुका सिंह अपने विधानसभा में 8 टॉपर को देंगी लैपटॉप




**एम सी बी चिरमिरी,** 17 मई (देशबन्धु)। छतीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के जारी परिणाम में 10 वी बोर्ड की परीक्षा में मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर की छात्रा वंदना सिंह ने टॉप टेन में जगह बनाई है । इलाके की विधायक रेणुका सिंह अपने प्रवास के दौरान भरतपुर के नौढिया गांव में वंदना के घर पहुँची और वंदना व परिजनों से मिलकर उन्हें बधाई दी । विधायक ने पुष्प गुच्छ देकर मुँह मीठा कराया और उपहार भी दिया । शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जनकपुर की छात्रा वंदना सिंह टॉप टेन में 97 प्रतिशत अंक लाकर 10 वे स्थान पर है और बिना किसी कोचिंग के जिले में टॉप किया है वंदना के पिता किसान है सुदूर वनांचल गांव नौढिया से जनकपुर की दूरी पन्द्रह किलोमीटर है जहाँ ऑटो से वंदना पढ़ाई करने के लिए जाती थी । आंगे चलकर वह आईएएस बनना चाहती है । भरतपुर सोनहत विधानसभा की विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि उनकी विधानसभा के 10 वी और 12 वी के 8 प्रतिभावान छात्र छात्राओं को वह लैपटॉप देंगी । साथ ही सभी के स्कूल को विकास कार्य के लिए विधायक निधि से पांच लाख रुपए की राशि दी जाएगी। वही स्कूल के सभी शिक्षकों को प्रोत्साहन स्वरूप ग्यारह हजार रुपए दिए जाएंगे इसके अलावा सभी छात्र छात्राओं को रायपुर में मुख्यमंत्री और राज्यपाल से मिलवाने के अलावा देश की राजधानी दिल्ली की सैर कराई जाएगी जिससे सभी का आत्मबल बढ़े ।

### मनेन्द्रगढ़ कप 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट का कल होगा आगाज

**मनेन्द्रगढ़,** 17 मई (देशबन्धु)। प्रेसिडेंट क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता आशीष सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि खेल प्रतिभाओं को उभारने और स्वस्थ मनोरंजन के उद्देश्य से मनेन्द्रगढ़ प्रेसिडेंट क्लब द्वारा लगातार 15 वे वर्ष भी रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रविवार से किया जा रहा है इस प्रतियोगिता का इंतजार खिलाड़ियों के साथ नगर के नागरिकों को भी रहता है सभी के सहयोग से होने वाला यह? टूर्नामेंट निरंतर जारी रहते हुए 15 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। श्री सिंह ने शहर के सभी गणमान्य नागरिकों से अपील की है कि रविवार को होने वाले शुभारंभ मैच में अपनी गरिमामयी उपस्थिति से शहर के खिलाड़ियों का मनोबल बढाने में सहयोग प्रदान करे।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच 29 मई को रंगारंग समारोह के बीच खेला जाएगा। उल्लेखनीय है कि वार्डवार क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2011 से कराई जा रही है जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में खेलप्रेमी दर्शक मैदान में उमड़ते हैं और अब इस प्रतियोगिता ने एक उत्सव का रूप ले लिया है। आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के बीच खेल प्रतिभाओं को अपना जौहर दिखाने का अवसर प्राप्त होता है। बीते दिनों टूर्नामेंट का फिक्कर रिलीज किया गया है। रोजाना होंगे 2 मैच मिनी स्टेडियम में 18 मई से आरंभ होने वाले टूर्नामेंट में रोजाना 2 मैच खेले जाएंगे। पहले दिन केवल एक मैच खेला जाएगा जिसमें संजय वार्ड क्र. 21 और मालवीय वार्ड क्र. 06की टीम आमने-सामने होगी। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच आगामी 28 मई को खेला जाएगा जबकि फाइनल मैच 29 मई को रंगारंग समारोह के बीच खेला जाएगा।

### जिले में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा



**अम्बिकापुर,** 17 मई (देशबन्धु)। जिले के गांव, शहर, नगर निगम,पंचायतों में आज 'आपरेशन सिंदूर' के तहत एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में देशभक्ति से समाहित वातावरण देखने को मिला।

तिरंगा यात्रा में अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, भारत सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सदस्यगण, जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्री विलास भोसकर. सहित प्रशासनिक अमला एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकगण बड़े उत्साह के साथ शामिल हुए। यात्रा का शुभारंभ गांव, शहर और नगरीय क्षेत्र के मुख्य स्थल से होते हुए प्रमुख चौक, चौराहों तथा गलियों से होते हुए आगे बढ़ी। इस रैली में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों और बढ़-चढ़कर शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों के हाथों में तिरंगा लहराते हुए, वंदेमातरम के नारे और भारत माता के जयकारों के साथ वातावरण को राष्ट्रीय एकता की भावना से भर दिया। तिरंगा रैली के दौरान सभी ने लोगों के चेहरों पर देश प्रेम और सैन्य शौर्य के प्रति गर्व की झलक देखने को मिली।

# ट्रेलर चोरी मामले में, फरार मास्टरमाइंड गिरफ्तार



रायगढ़ 17 मई (देशबन्धु)। ट्रेलर चोरी के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को कोतरारोड़ पुलिस ने पतरापाली, गोरखा रोड से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देश पर चलाए जा रहे फरार आरोपियों की धरपकड़ अभियान के तहत डीएसपी सुशांतो बनर्जी के मार्गदर्शन में कोतरारोड़ पुलिस टीम ने आरोपी को धर दबोचा।

टीआई कोतरारोड त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व पर पुलिस पहले भी कई दफा आरोपी की सूचना पर छापेमारी कर रही थी और जिसमें पुलिस को सफलता मिली। फरार आरोपी की राशिद खान उर्फ बाबू खान (52 वर्ष), निवासी गाजीनगर, बीरगांव, थाना उरला, रायपुर काफी समय से ट्रेलर चोरी मामले में फरार था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार स्थान बदल रहा था।

मामला 9 दिसंबर 2024 को उस समय सामने आया था, जब खैरपुर छिंदटिकरा निवासी महबूब खान ने थाना कोतरारोड़ में ट्रेलर क्रमांक सीजी 11 एबी 1587 की चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि ट्रेलर सारथी पेट्रोल पंप के पास खड़ा था, जिसे 6 दिसंबर की रात के बाद अगली सुबह चोरी कर लिया गया। पुलिस ने मामले में धारा 303(2) बीएनएस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और जीपीएस ट्रैकिंग के साथ मुखबिरों को भी सक्रिय किया। इसी बीच उरला थाना क्षेत्र के मौदहापारा निवासी शेख हमीद के यार्ड में ट्रेलर की अवैध कटिंग की जानकारी मिलने पर कोतरारोड़ पुलिस ग्राहक बनकर शेख हमीद से मिली और सोनडोंगरी स्थित यार्ड पर छापा मारा। वहां से चोरी ट्रेलर से संबंधित उपकरण बरामद किए गए। पूछताछ में शेख हमीद ने खुलासा किया कि ट्रेलर राशिद खान ने चोरी किया था और उसे गाजी खान के माध्यम से यार्ड में लाया गया था। बाद में चोरी ट्रेलर का डाला अब्दुल रफीक उर्फ लाला खान ने फिरोज उर्फ राजा खान के सहयोग से राजा खान के ट्रक में छिपाकर रखा था, जिसकी बरामदगी की गई।गिरफ्तार आरोपियों में से गाजी खान ने पूछताछ में यार्ड में चोरी का माल ठिकाने लगाने की बात स्वीकार की। उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि पहले से रही है। सभी आरोपियों के खिलाफ समूह में संगठित तरीके से अपराध करने के चलते भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 238, 317(4), 324(5), 111(5), 3(5) ठछै भी जोड़ी गई हैं।

इस पूरे प्रकरण में फरार चल रहा मुख्य आरोपी राशिद खान को कोतरारोड़ पुलिस ने गुरुवार की रात पतरापाली, गोरखा रोड क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधि के दौरान गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम, पता बताकर चोरी की वारदात में शामिल होने की बात कबूल की। उसने यह भी बताया कि अन्य साथियों की गिरफ्तारी के बाद वह लगातार छिपता फिर रहा था। उसे विधिवत गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे रिमांड पर भेजा गया।फरार आरोपी की गिरफ्तारी में थाना कोतरारोड़ के उप निरीक्षक जे. एक्का, सहायक उप निरीक्षक डी.पी. चैहान, प्रधान आरक्षक करूणेश राय और चंद्रेश पाण्डेय की अहम भूमिका रही।

## फसल बीमा क्लेम के 1.3 लाख देगी एग्रीकल्चर जनरल इंश्योरेंस कंपनी

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग का फैसला**




रायगढ़ 17 मई (देशबन्धु)। बीमा अवधि में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित फसल नुकसान हो जाने के बावजूद परिवादी को क्लेम करने के बावजूद भुगतान में आनाकानी करने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने अनावेदक शाखा प्रबंधक एचडीएफसी बैंक चैतन्य नगर रायगढ़, क्षेत्रीय प्रबंधक एग्रीकल्चर जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर को 1 लाख 3 हजार बीमा क्षति नुकसान करने तथा मानसिक क्षति एवं वाद व्यय के रूप में 15 हजार रूपये भुगतान करने का आदेश पारित किया है।

मामला संक्षेप में इस प्रकार है कि आवेदक आवेदक पुरूषोत्तम वर्मा निवासी कपिस्दा ब सारंगढ़ के नाम से कुल खसरा नंबर 41 कुल रकबा 4.794 हेक्टेयर कृषिभूमि स्थित है। अनादेवक एचडीएफसी बैंक शाखा रायगढ़ से वर्ष 2021-21 में ॠष्ा स्वीकृत किया था। उक्त ॠष्ा में 15 जुलाई 2021 को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना हेतु परिवादी केनाम से ग्राम कपिस्दा ब कुल रकबा 4.794 हेक्टेयर (4.81हे.) असिंचित कृषिभूमि को प्रति हेक्टेयर 34 हजार दर से प्रीमियम राशि 3 हजार 155 रूपये वर्ष 2021-22 के लिये प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 1 लाख 63 हजार 540 रूपये का बीमा किया था। परिवादी का ग्राम कपिस्दा ब में वर्ष 2021-22 में अनावरी रिपोर्ट लगभग 0.60 पैसा रहा। अनावेदक 02 क्षेत्रीय प्रबंधक एग्रीकल्चर जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर के द्वारा परिवादी के गांव को अर्द्ध अकाल होना आंकलित किया गया तथा ग्राम के अन्य किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वर्ष 2021-22 की क्षति मुआवजा राशि प्रदान की गई। परिवादी पुरूषोत्तम वर्मा को उक्त बीमाक्षति राशि प्रदान नही करने पर मौखित एवं लिखित शिकायत करने के बाद भी अनावेदकगण के द्वारा किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान नही की गई। जिसके बाद परिवादी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से 23 जून 2006 नोटिस प्रेषित किया गया। उसके बाद भी फसल बीमा की राशि प्रदान नही किया और न ही अनावेदक 01 अनावेदक शाखा प्रबंधक

## चोरी के ट्रेक्टर, पल्सर बाइक के साथ 10 लाख का माल बरामद



**दो आरोपी गिरफ्तार**

**जूटमिल पुलिस ने 24 घंटे में किया ट्रैक्टर चोरी का खुलासा**

रायगढ़ 17 मई (देशबन्धु)। थाना जूटमिल पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी की घटना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे में घटना का पर्दाफाश कर दिया है। जूटमिल थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो चोरों को गिरफ्तार कर चोरी गया ट्रैक्टर और वारदात में प्रयुक्त पल्सर बाइक को बरामद किया है।

ट्रेक्टर चोरी की घटना को लेकर कोड़ातराई निवासी अजय चैधरी (28 वर्ष) ने 15 मई को थाना जूटमिल में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी महिन्द्रा ट्रैक्टर मय ट्राली, जो उसने 14 मई की रात अपने घर के सामने खड़ी की थी, अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। आवेदन पर पुलिस ने तत्काल धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी प्रशांत राव ने अपनी टीम के साथ सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों को सक्रिय किया। एक महत्वपूर्ण सुराग मिलने पर संदेही यशवंत पटैल निवासी चपले को पूछताछ किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी ने अपने साथी रवि उर्फ भविष्य पटैल के साथ मिलकर ट्रैक्टर चोरी की योजना बनाई थी। आरोपी यशवंत ने बताया कि कुछ दिन पहले वह रायगढ़ कोड़ातराई बारात में आया था, तब इसने रामनगर मोहल्ला कोड़ातराई में रोड़ पर खड़ी ट्रेक्टर को चोरी के लिए अपने साथी रवि उर्फ भविष्य कुमार पटैल को बताया। इनका प्लान था कि चोरी ट्रेक्टर को चोरी कर ईट, गिट्टी सप्लाई के काम पर लगाकर कमाई करेंगे फिर दोनों घटना दिनांक को यशवंत की पल्सर बाइक में आये और ट्रेक्टर को चोरी कर चलाते हुए लेकर फरार हो गये।आरोपियों के मेमोरेंडम पर उनके घर के बाड़ी से चोरी ट्रेक्टर महिन्द्रा ट्रेक्टर सीजी-13 ए एन 9400 मय ट्राली कीमती 9 लाख रूपये को बरामद किया गया।

## मेंड्राकला, अंधला व रामगढ़ में आयोजित हुआ समाधान शिविर

**समाधान पर संतुष्ट हितग्राहियों ने घंटी बजाकर की खुशी जाहिर**

**अम्बिकापुर,** 17 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतिम चरण में अम्बिकापुर के मेंड्राकला, लखनपुर के अंधला और उदयपुर के रामगढ़ में समाधान शिविर आयोजित हुआ। जिसमें सुशासन तिहार के तहत प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए में ग्रामीणों की शिकायतों और मांगों का समाधान कर जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में अम्बिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्वविजय सिंह तोमर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पायल विश्वविजय सिंह तोमर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राधा रवि, श्री भारत सिंह सिसोदिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि कलेक्टर श्री विलास भोसकर, जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री राजेश अग्रवाल कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार में सभी वर्गों का ध्यान रखा है। आम नागरिकों की मांग और शिकायतों के लिए शासकीय दफ्तरों के चक्कर न लगाना पड़े इसलिए सुशासन तिहार मनाया जा रहा। पहले चरण में प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया गया है। वहीं तिहार के अंतिम चरण में प्राप्त आवेदनों के समाधान की विस्तृत जानकारी साझा की जा रही है। विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि जो भी आवेदन नहीं कर पाए हैं उनके समाधान शिविर में आवेदन भी लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में मोदी की हर गारंटी पूरी हो रही है। विधायक श्री अग्रवाल ने प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने पर जिला प्रशासन की सराहना की।

शिविर में कलेक्टर ने हितग्राहियों से संवाद कर समाधान की विस्तृत जानकारी दी। और शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों के माध्यम से हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदाय कराया। समस्याओं के समाधान पर संतुष्ट हितग्राहियों ने घंटी बजाकर अपनी खुशी जाहिर की। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, मेंड्राकला सेक्टर में 16 ग्राम पंचायत को मिलाकर समाधान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कुल 5083 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 5042 मांग और शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। उदयपुर के रामगढ़ में आयोजित समाधान शिविर में 17 ग्राम पंचायतों को मिलाकर एक सेक्टर बनाया गया था जिसमें कुल 5903 मांग और शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 5891आवेदनों का निराकरण हुआ।

## गांव-गांव में गूंजा जयघोष- ऑपरेशन सिंदूर के तहत निकली तिरंगा यात्राएं, सेना के शौर्य को किया नमन

**रायगढ़,** 17 मई (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले के गांवों में आज सेना के शौर्य को नमन करते हुए तिरंगा यात्राएं निकाली गई। जिसमें ग्रामवासियों ने उत्साह से हिस्सा लेते हुए देश की रक्षा में समर्पित हमारी सेना के अदम्य साहस, वीरता और बलिदान का जयघोष किया। गांवों में युवा, बच्चे, बड़े बुजुर्ग, महिलाएं सभी वर्ग के लोगों ने तिरंगा यात्रा में सहभागिता निभायी। यात्रा में लोग हाथों में तिरंगा लिए, गर्व और जोश से लबरेज नजर आए। देशभक्ति के नारों से गांवों की गलियां गूंज उठीं, सेना के अदम्य शौर्य को नमन करते हुए वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस पहल को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह है। लोगों ने इसे नई पीढ़ी में देशभक्ति और एकता का संदेश देने की दिशा में एक अहम कदम बताया।

साथ ही कहा कि %ऑपरेशन सिंदूर% सिर्फ एक अभियान नहीं, देश और उसकी सेना के प्रति सम्मान और नारी शक्ति के सशक्त समर्थन के लिए एक संकल्प है।

## मानवता की सेवा में नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ का एक और कदम

**मनेन्द्रगढ़,** 17 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद द्वारा बस स्टैंड परिसर में आम नागरिकों और यात्रियों की सुविधा हेतु पार्षद निधि से वॉटर कूलर की स्थापना की गई है। गर्मी के इस मौसम में यह सुविधा यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराएगी, जिससे उन्हें राहत मिलेगी।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव,उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा,मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती मुक्ता सिंह चौहान,नगर पालिका इंजीनियर पवन साहू,वार्ड पार्षद श्रीमती नीलू विनीत जायसवाल ने फीता काटकर वाटर कूलर का लोकार्पण किया. आयोजन के दौरान नपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने कहा कि यह वाटर कूलर आमजन, विशेषकर यात्रियों और राहगीरों के लिए राहत प्रदान करेगा।

गर्मी के मौसम में स्वच्छ और ठंडे पानी की सुविधा एक बुनियादी आवश्यकता है, और इसे पूरा करने के लिए नगर पालिका सदैव तत्पर रहेगी. नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा ने कहा कि नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ निरंतर जनसुविधाओं के विस्तार हेतु कार्य कर रही है। बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों पर इस प्रकार की मूलभूत सुविधाएं होना अत्यंत आवश्यक है।

वॉटर कूलर की यह सुविधा न केवल यात्रियों को राहत देगी, बल्कि स्वच्छ पेयजल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है.मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती मुक्ता सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनसुविधा के कार्यों को प्राथमिकता देना नगर पालिका की जिम्मेदारी है। बस स्टैंड जैसे स्थानों पर ठंडे एवं स्वच्छ जल की उपलब्धता से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। हमारी कोशिश है कि शहर के हर वार्ड में ऐसी मूलभूत सुविधाएं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाएं। वार्ड पार्षद श्रीमती नीलू विनीत जायसवाल ने कहा- इस मौके पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष सरजू यादव, पूर्व मंडल महामंत्री रामचरित द्विवेदी,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पटवा, पार्षद श्रीमती नीलू विनीत जायसवाल, सुनैना विश्वकर्मा, उर्मिला जायसवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, किरण कुजूर, सपन महतो, स्वप्निल सिन्हा, गिरधर जायसवाल, माया सोनकर, पूर्व पार्षद रामधुन जायसवाल,शकुंतला जायसवाल, कविता दिवान, मीनू सिंह, रवि जैन,विनीत जायसवाल,सतीश उपाध्याय, मो. शकील, कल्लू मेमन,बृजेशजायसवाल, राहुल अग्रवाल,सभाजीत यादव, ललन सिंह, शिव गुप्ता, शारदा त्रिपाठी, महादेव, संगम सेन,मुकेश गुप्ता समेत वार्ड वासी काफी संख्या में मौजूद रहे.

## विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना शासन सरकार की प्राथमिकता-प्रमुख सचिव

**नए सत्र से पहले स्कूल-आश्रमों की मरम्मत और साफ-सफाई के निर्देश**

**अम्बिकापुर,** 17 मई (देशबन्धु)। आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं और कार्यों की समीक्षा बैठक आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, अंबिकापुर में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर उप सचिव यू.के. राजपूत, सरगुजा संभाग के सभी जिलों से सूरजपुर, कोरिया, बलरामपुर, एमसीबी के परियोजना प्रशासक, सहायक आयुक्त, जनपद पंचायत सीईओ सहित आदिवासी विकास विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में पीएम जनमन, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, वृक्षारोपण सप्ताह, संविधान अनुच्छेद 275(1) एवं राज्य मद के अंतर्गत चल रहे छात्रावास एवं आश्रम भवन निर्माण, प्रयास आवासीय विद्यालय संचालन, सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त मांगों एवं शिकायतों की एजेंडा वार गहन समीक्षा की गई।

प्रमुख सचिव बोरा ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना तथा उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि इन योजनाओं का ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजातीय परिवारों के लिए स्वीकृत आवासों का निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन परिवारों की दुर्गम वनांचलों में रहने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए बरसात के पहले पक्के आवासों का निर्माण कार्य हर हाल में पूरा किया जाना चाहिए। यदि किसी प्रकार की सामग्री की कमी या अन्य अड़चन आती है तो उसकी जानकारी तत्काल कलेक्टर या जिला पंचायत सीईओ को दें तथा स्वयं समन्वय कर समाधान सुनिश्चित करें। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रारंभ से पूर्व सभी छात्रावासों एवं आश्रमों का निरीक्षण, साफ-सफाई, सिंटेक्स मरम्मत, पेयजल व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम,बाथरूम-शौचालय की स्थिति आदि का अवलोकन कर आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव बोरा ने बताया कि छात्रवृत्ति वितरण की नई व्यवस्था बनाई जा रही है, जिससे छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति मिल सकेगी। साथ ही नवीन अधीक्षकों की नियुक्ति की जानकारी देते हुए उनके लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए।वृक्षारोपण सप्ताह के अंतर्गत पीएम जनमन बसाहट, धरती आबा ग्राम, छात्रावास, आश्रमों में फलदार, औषधीय एवं बहुउपयोगी पौधों जैसे इमली, आम, कटहल, बरगद, सहजन (मूंगा) के रोपण हेतु गड्ढे तैयार रखने तथा निर्धारित तिथि पर पौधारोपण की कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। अंत में उन्होंने अधिकारियों को सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने साथ ही विद्यालयों और छात्रावासों का नियमित निरीक्षण कर कमियों को प्राथमिकता में दूर करने का निर्देश दिया।

## पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार



रायगढ़ 17 मई (देशबन्धु)। कोतरारोड़ थाना पुलिस ने एक युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को घटना की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी योगेश्वर उर्फ जोगेश्वर कंवर (50 वर्ष), निवासी ग्राम कलमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

घटना 14 मई की रात की है जब कलमी डीपापारा निवासी रमेश यादव (38 वर्ष) ईंट-बालू सप्लाई के अपने कार्य के लिए दुकान जा रहा था। उसी दौरान रास्ते में गांव का ही जोगेश्वर कंवर, जो पहले से ही रंजिश रखता था, ने पहले गाली-गलौच किया और फिर बस्ती रोड पर दोबारा रास्ता रोककर लकड़ी के बेंट से सिर पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। घटना के बाद रमेश यादव ने कोतरारोड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 109 के अंतर्गत मामला दर्ज किया। जांच में जुटी टीम ने त्वरित दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 296 और 351(1) को भी जोड़ा गया। आरोपी को मेडिकल परीक्षण के बाद विधिवत गिरफ्तार कर आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस त्वरित कार्रवाई में थाना कोतरारोड़ के उप निरीक्षक जे. एक्का, सहायक उप निरीक्षक डी.पी. चैहान, प्रधान आरक्षक करूणेश राय और चंद्रेश पाण्डेय की सराहनीय भूमिका रही।

## सार-संक्षेप

### श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल 10वीं 12वीं के बच्चों का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम

#### भाग्य अग्रवाल ने 12वीं में एवं दिव्या रंजन नायक ने दसवीं में किया स्कूल टॉप




**खरसिया,** 17 मई (देशबन्धु)। श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल खरसिया के 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा कक्षा 12वीं में भाग्य अग्रवाल ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया शिवम साहू एवं सिमरन अग्रवाल 83 प्रतिशत शुभ अग्रवाल 82 प्रतिशत समृद्धि अग्रवाल 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किया शिक्षक राम शंकर प्लस टू इंचार्ज, मनोज बोस्मिया, नरेश राठौर, रश्मी अग्रवाल, संतोषी पटेल, सुहाना राठौर, लक्ष्मण सर 12 वीं वाणिज्य का विशेष योगदान रहा विज्ञान में भी बच्चे अच्छा अंक लाए है जिनमें प्रमुख रूप से श्रद्धा सोनी और अदिति खरे है जिसके पीछे शिक्षक अजय पटेल, सनोज खतलाने, हितेंद्र टंडन का विशेष योगदान है। वही कक्षा दसवीं में दिव्या रंजन नायक– 80 प्रतिशत रिमशा अग्रवाल– 79 प्रतिशत रेयान अली– 74 प्रतिशत शुभ राठौर – 72 प्रतिशत रौनक अग्रवाल – 70 प्रतिशत उनकी सफलता में एक अच्छा दसवीं के इंचार्ज लक्ष्मण सर का विशेष योगदान रहा स्कूल के प्रिंसिपल ने सभी छात्र–छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की।

### जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय ने कहा अधूरे निर्माण के कारण क्षेत्र में गहरा रहा जल संकट

**सारंगढ़,** 17 मई (देशबन्धु)। पंचायत सालर में सुशासन तिहार का समाधान शिविर आयोजित किया गया जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय ने पीएचई के द्वारा क्षेत्र में किए गए अस्त व्यस्त गड्ढों व अधूरे निर्माण पर घोर आपत्ति जताते हुए इसे शीघ्र सुधारने गरजे तथा कहा है नल जल योजना के अधूरे निर्माण के कारण क्षेत्र में जल संकट गहरा गया है।


वहीं महिला बाल विकास विभाग के द्वारा अतिथियों के माध्यम से दो गोद भराई दो अन्न प्रासन दो बालिका जन्मोत्सव का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। अतिथियों के द्वारा 5 जॉब कार्ड, 6 राशन कार्ड 2 बीपी सुगर किट, 2 चश्मा वितरण, वय वंदना आयुष्मान कार्ड, 2 पोषण आहार किट, उद्यान विभाग से 18 पौधा, 10 पीएम आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र, 3 पेंशन, 2 किसान किताब वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग से 283 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष विभाग से 124 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में कुल 406 हितग्राहियों का आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें 295 निराकृत किया गया। शेष 111 आवेदन के निराकरण के लिए विभागवार भेज दिया गया है।

### सारंगढ़ में निकला तिरंगा रैली




**सारंगढ़,** 17 मई (देशबन्धु)। ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को जवाबी कार्यवाही करने वाले भारतीय सेना के सम्मान में सारंगढ़ जिला मुख्यालय में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। यह रैली देशभक्त झांसी की रानी लक्ष्मी बाई कॉम्प्लेक्स से प्रारंभ होकर भारत माता चौक में विराम किया गया। इस रैली में समाज के सभी वर्गों ने हिस्सा लिया। डीजे में देशभक्ति गीतों और भारत माता की जय, जय जवान जय किसान जैसे देशभक्ति नारों से रैली गूंज उठा। इस अवसर पर भारतीय सेना सहित अन्य अर्धसैनिक बलों के सेवानिवृत्त भूतपूर्व सैनिक, जिले के नागरिकगण, पूर्व विधायक केरा बाई मनहर, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय, उपाध्यक्ष अजय नायक, ज्योति पटेल, दिनेश जांगड़े, शिवकुमारी चौहान, समीर सिंह, रवि तिवारी, अमित अग्रवाल, पत्रकारगण, कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे, पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय सहित जिले के अधिकारी, नगरपालिका सारंगढ़ के सीएमओ राजेश पांडेय और उनके कर्मचारीगण शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि भारत में पाकिस्तान ने कई बार आतंकियों के माध्यम से क्षति पहुंचाया है। पहलगाम में किए आतंकी घटना के विरुद्ध भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नष्ट कर अपना बदला लिया है।

### फुटपाथ पर अतिक्रमण से आमजन परेशान, प्रशासन उदासीन



चांपा, 17 मई (देशबन्धु)। नगर में फुटपाथों पर लगातार हो रहे अतिक्रमण ने आमजन का जीवन मुश्किल कर दिया है। ठेले, गुमटी और दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर सामान रखे जाने से राहगीरों को चलने में भारी परेशानी हो रही है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त रखने के स्पष्ट निर्देश होने के बावजूद स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

नगर की प्रमुख सड़कों के किनारे फुटपाथों पर दुकानदारों ने स्थायी कब्जा जमा लिया है। कई दुकानदार तो अपने सामान को दुकान के बाहर फुटपाथ पर रखकर बेचते हैं, जिससे पैदल चलने वालों के लिए रास्ता ही नहीं बचता। वृद्ध, महिलाएं, बच्चे और दिव्यांग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। कई बार दुर्घटनाएं भी इसी कारण हो चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित रूप से पैदल चलने का अधिकार है, और इसके लिए फुटपाथों का उपलब्ध होना राज्य की जिम्मेदारी है। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार से इस विषय को जोड़ा गया है। स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका की लापरवाही ने अतिक्रमणकारियों को और अधिक साहसी बना दिया है। मुख्य बाजार, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास भी यही स्थिति बनी हुई है। फुटपाथ अब अस्थायी दुकानों और पार्किंग में तब्दील हो चुके हैं।

#### समाधान की आवश्यकता

जनता अब प्रशासन से अपेक्षा कर रही है कि नगर पालिका, ट्रैफिक पुलिस और शहरी प्रशासन मिलकर संयुक्त अभियान चलाएं और फुटपाथों को अतिक्रमण से मुक्त कराएं। यह केवल शहर की सूरत सुधारने का मामला नहीं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा और मूलभूत अधिकारों का भी प्रश्न है।

# मासूम मानवी की तबीयत बिगड़ने से हड़कंप

### वैक्सीनेशन के बाद बिगड़ी हालत, जांच के निर्देश



जांजगीर/डभरा, 17 मई (देशबन्धु)। डभरा क्षेत्र के बांधापाली गांव में एक मासूम बच्ची की वैक्सीनेशन के बाद बिगड़ी हालत ने पूरे गांव को चिंता में डाल दिया है। ग्राम निवासी रामकुमार बघेल की 5 वर्षीय पोती मानवी को 15 अप्रैल को निर्धारित टीका लगाया गया था। टीका लगने के अगले ही दिन उसकी आंखों में सूजन आ गई और पूरे शरीर पर लाल दाने निकल आए। साथ ही तेज खुजली और चकत्ते उभरने लगे। परिवार ने शुरुआत में इसे मामूली संक्रमण समझकर झाड़-फूंक और स्थानीय इलाज करवाया, लेकिन स्थिति बिगड़ती गई। बच्ची को रायगढ़ मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां कई दिनों तक इलाज के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। अंततः रायपुर मेकाहारा रेफर किया गया, जहां बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है।

मानवी की आंखें तक नहीं खुल पा रही हैं और पूरे शरीर पर सफेद चकत्ते उभर आए हैं। इस स्थिति से परेशान परिजनों ने जिला कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है।

रामकुमार बघेल का कहना है कि इलाज में अब तक एक लाख से अधिक खर्च हो चुका है, मगर प्रशासन या किसी जनप्रतिनिधि की ओर से कोई सहायता नहीं मिली है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है, जिसमें एसडीएम, महिला एवं बाल विकास अधिकारी तथा मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी शामिल हैं। समिति को सात दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

समिति ने रायपुर मेकाहारा पहुंचकर बच्ची की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली है और परिजनों से बयान दर्ज किए हैं। अब सवाल उठ रहा है कि क्या वैक्सीनेशन के बाद ऐसी एलर्जी संभव है, और यदि हां, तो परिजनों को पूर्व जानकारी और सतर्कता क्यों नहीं दी गई।

#### वैक्सीनेशन प्रक्रिया की सुरक्षा और संवेदनशीलता पर सवाल

बच्ची की बिगड़ती हालत और गरीब परिवार की पीड़ा ने वैक्सीनेशन प्रक्रिया की सुरक्षा और संवेदनशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि जांच के बाद सच्चाई सामने आती है या नहीं।

#### खेती व मजदूरी कर चलता है परिवार

मानवी के पिता मुन्नालाल खेती व मजदूरी कर परिवार चलाता है जिसकी दो बेटियां हैं पीड़ित मानवी 5 वर्ष की है जो छोटी बेटी है और पढ़ने में होशियार है मगर अचानक आई आपदा ने उसके भविष्य पर ही सवालिया निशान लगा दिया है परिवार इलाज के खर्चे से लेकर बेटी की भविष्य की चिंता को लेकर सदमे में है जिसे शासन की ओर से सहायता की सख्त आवश्यकता है।

#### बच्ची को बाजार से दवाई लाकर खिलाई गई

बच्ची को हुए इन्फेक्शन को लेकर कलेक्टर द्वारा गठित जांच टीम के मुखिया डभरा एसडीएम बालेश्वर राम ने बताया कि उनकी टीम द्वारा जांच की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है शीघ्र ही जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंप जाएगा।

उन्होंने बताया कि एएनएम द्वारा उस दिन अन्य 5 से 6 बच्चों को टीका लगाया मगर रिएक्सन केवल उसी एक को हुआ है।

अब तक पूछताछ में जो बातें सामने आई है उसके अनुसार वैक्सीनेशन के बाद बच्ची को बाजार से दवाई लाकर खिलाई गई थी इसके बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है, हो सकता है उसे दवाई का रिएक्शन हुआ हो मगर यह केवल संभावना मात्र ही है, जांच उपरांत जा निकल कर आएगा।

## नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय ने किया पदभार ग्रहण

### नक्सल ऑपरेशन के दौरान प्राप्त अनुभवों को किया साझा



जांजगीर, 17 मई (देशबन्धु)। जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय (आईपीएस) ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जांजगीर-चांपा पहुंचकर विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। उनके मुख्यालय आगमन पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत करते हुए गुलदस्ता भेंट किया गया।

पदभार ग्रहण करने के उपरांत एसपी पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा जिले की कानून-व्यवस्था एवं पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था की प्राथमिकता सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री पाण्डेय ने जिले के मीडियाकर्मियों से संवाद स्थापित किया।

उन्होंने बस्तर में पूर्व में एसटीएफ बघेरा में पदस्थ रहते हुए नक्सल ऑपरेशन के दौरान प्राप्त अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि जमीनी हकीकत को समझते हुए, क्षेत्रीय चुनौतियों से निपटना उनकी कार्यशैली का हिस्सा रहा है। ज्ञात हो कि विजय पाण्डेय वर्ष 2000 बैच के डायरेक्ट डीएसपी हैं। रायपुर में परिवीक्षाधीन अवधि पूर्ण करने के पश्चात वे एसडीओपी बेमेतरा, किरंदुल, सीएसपी राजनांदगांव, एएसपी बिलासपुर, कोरबा, जगदलपुर और दुर्ग एसपी रेडियो जैसे अहम पदों पर सेवाएं दे चुके हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप, एएसपी (यातायात) उदयन बेहार, डीएसपी अजाक जितेंद्र खूंटे, डीएसपी श्रीमती कविता ठाकुर, एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार, एसडीओपी जांजगीर प्रदीप कुमार सोरी, डीएसपी मुख्यालय विजय पैकरा, रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी, स्टेनो राजेंद्र श्रीवास्तव, एएसआई अश्वनी राठौर सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सक्ती में आईजी ने ली पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक

### नवीन आपराधिक कानूनों और आधारभूत पुलिसिंग के समन्वय पर हुआ मंथन



जांजगीर, 17 मई (देशबन्धु)। नवीन आपराधिक कानूनों को प्रभावी रूप से लागू करने एवं पुलिसिंग की मूलभूत कार्यशैली को तकनीकी दक्षताओं से जोड़ने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज डॉ. संजीव शुक्ला (भा.पु.से.) ने सक्ती जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली।

यह बैठक जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सक्ती में आयोजित की गई, जिसमें पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, एसडीओपी मनीष कुंवर, रक्षित निरीक्षक तथा जिले के समस्त थाना और चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में आईजी डॉ. शुक्ला ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पारित नवीन आपराधिक कानून भारत की न्याय प्रणाली में ऐतिहासिक परिवर्तन लेकर आए हैं। इनमें पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों के लिए कड़े प्रावधान, तलाशी और जब्ती की वीडियोग्राफी तथा केस की डिजिटल ट्रैकिंग जैसे तकनीकी नवाचार शामिल हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक थाना एवं चौकी में शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए। पुलिसकर्मी भय या लोभ से मुक्त रहकर नैतिकता और अनुशासन का पालन करें। अपराधों की जाँच में उपलब्ध तकनीकी एप्लिकेशनों का अधिकतम उपयोग किया जाए। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु मुख्यालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन हो। मिशन सिक्योर सिटी के अंतर्गत अधिक से अधिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। आईजी ने यह भी कहा कि पुलिसिंग की पारंपरिक प्रणाली को अब डिजिटल माध्यमों से जोड़कर न्यायोन्मुख, पारदर्शी और संवेदनशील बनाया जाना समय की आवश्यकता है। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने बैठक को सकारात्मक और दिशा निर्धारण करने वाला बताते हुए कहा कि जिले में पुलिसिंग को तकनीक-संपन्न बनाने की दिशा में ठोस प्रयास जारी हैं। यह मैराथन बैठक पुलिस विभाग की कार्यशैली में गति, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम पहल साबित हुई।

## शातिर चोर गिरफ्तार, 2.87 लाख रुपये मूल्य के आभूषण एवं अन्य सामान बरामद



जांजगीर, 17 मई (देशबन्धु)। सक्ती पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए संपत्ति संबंधी अपराधों में लिप्त एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 2 लाख 87 हजार 700 रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल एवं अन्य सामान जब्त किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भा.पु.से.)के निर्देश पर सायबर सेल सक्ती एवं थाना डभरा, बाराद्वार तथा जैजैपुर की संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई में आरोपी दुधनाथ मिरी (30 वर्ष), निवासी बड़े पाडरमुड़ा, थाना मालखरौदा को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने थाना डभरा के ग्राम कोमो, किरारी, टुंड्री, थाना बाराद्वार के ग्राम कड़ारी तथा थाना जैजैपुर के ग्राम दातादह एवं कोटेतरा में सूने मकानों में घुसकर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चांदी के पायल, पचहर, छल्ला, बिछिया, बाजूबंद, सोने का हार, कान के आभूषण, अंगूठी, एक सैमसंग मोबाइल, एक मोटरसाइकिल (क्रमांक छ.ग.13,ए.क्यू 4047) तथा एक लोहे की संबल बरामद की है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव (रा.पु.से.), एसडीओपी चंद्रपुर-डभरा अंजली गुप्ता (रा.पु.से.) एवं एसडीओपी सक्ती मनीष कुंवर (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में सायबर सेल प्रभारी अमित सिंह, थाना डभरा प्रभारी कमल किशोर महतो, एएसआई एच.एन. ताम्रकर, सउनि शंकर साहू, सउनि यशवंत राठौर, प्रआर लक्ष्मी नारायण कंवर एवं संबंधित थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

#### पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे जब्त सामान

चांदी का पायल, पचहर, छल्ला, बिछिया, बाजूबंद,सोने का हार, कान का लटकन, ईयररिंग, फुल्ली, नाग की नथ, अंगूठी,एक सैमसंग मोबाइल फोन,चोरी में प्रयुक्त नीले रंग की बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल एक लोहे की संब्बल ।

## जांजगीर में कल प्रदेश कांग्रेस करेगी संविधान बचाओ विशाल आम सभा

### एआईसीसी के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के साथ उपस्थित होंगे प्रदेश के सभी कांग्रेसी नेता

#### जांजगीर में चल रही है तैयारी

जांजगीर, 17 मई (देशबन्धु)। संविधान बचाओ रैली की तैयारी बैठक जांजगीर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज , छत्तीसगढ़ विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष माननीय डॉक्टर चरण दास महंत , एआईसीसी के सह सचिव एवं छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी विजय जांगिड़ , एआईसीसी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी सुश्री जरिता लेतफलांग , पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक माननीय उमेश पटेल , पूर्व कैबिनेट मंत्री माननीय जय सिंह अग्रवाल , छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदु , अकलतरा विधायक एवं जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, जांजगीर चांपा विधायक श्री व्यास कश्यप , पामगढ़ विधायक श्रीमती शेष राज हरबंश , जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू , मस्तुरी विधायक दिलीप लहरिया, बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे, विधायक लालजीत सिंह राठिया,जिला कांग्रेस जांजगीर-चांपा के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार , नत्थू लाल यादव, मनोज चौहान ,पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, पूर्व विधायक प्रकाश नायक, पूर्व विधायक शैलेश पांडे, पूर्व विधायक श्याम लाल कंवर, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रेमचंद जायसी, पंकज सिंह, विकास सिंह, हर प्रसाद साहू, संदीप अग्रवाल, टिंकू मेमन , रवि भारद्वाज, श्याम सुंदर सोनी, गुलजार सिंह, दिनेश शर्मा, डॉक्टर परस शर्मा, देवेश सिंह ,रफीक सिद्धकी, शिशिर द्विवेदी, भगवानदास गढ़वाल, प्रिंस शर्मा, श्रीमती सीमा शर्मा, देव कुमार पांडे, हीरा उपाध्याय, रामविलास राठौर, संतोष बबई गढ़वाल, परमेश्वर निर्मले, सुनील



साधवानी, रविंद्र शर्मा, चिंतामण राठौर, महेश्वर टंडन, राम शंकर सिंह सर्वा, राजा सिद्धकी, सदन यादव,सहित प्रदेश पदाधिकारीगण, बिलासपुर संभाग , एवं बलौदा बाजार जिला के प्रदेश कांग्रेस,जिला कांग्रेस , ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी गण उपस्थित हुए कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार ने, एवं आभार प्रदर्शन विधायक ब्यास कश्यप ने किया।

## सैनिकों के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा भारत माता की जय से गूंजा खरसिया

### सैनिक पुलिस प्रशासन उमेश पटेल, कमल गर्ग, महेश साहू समेत आम नागरिक हुए शामिल



**खरसिया,** 17 मई (देशबन्धु)। भारतीय सेना के सम्मान में पुलिस प्रशासन द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी तिरंगा यात्रा पुलिस चौकी से प्रारंभ होकर संपूर्ण खरसिया नगर का भ्रमण करते हुए पुन: पुलिस चौकी पहुंची जोश से भरे पूर्व एवं वर्तमान सैनिकों राजनेताओं पत्रकारों स्कूली बच्चों और आम नागरिकों ने भारत माता की जय और वीर जवानों की जय नारा लगाते हुए नगर भ्रमण किया इस तिरंगा यात्रा में महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तिरंगा यात्रा में खरसिया विधायक उमेश पटेल छाया विधायक महेश साहू नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग उपाध्यक्ष बंटी सोनी सभी पार्षद जनपद उपाध्यक्ष डॉ हितेश गबेल रविंद्र गबेल कांग्रेस भाजपा एवं अन्य राजनीतिक दलों के नेता कार्यकर्ता नायब तहसीलदार काजल अग्रवाल डॉ डीपी पटेल एसडीओपी प्रभात पटेल थाना प्रभारी राजेश जांगड़े चौकी प्रभारी अमित कुमार तिवारी भूतपूर्व और वर्तमान सैनिक पुलिस थाना एवं चौकी पुलिस प्रशासन और खरसिया के अलग-अलग संगठनों के साथ युवा महिलाएं बच्चे प्रबुद्ध नागरिक पत्रकार भी शामिल हुए इस दौरान लोगों ने भारतीय सेना के जज्बे को सलाम किया और कहा, हम देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने को तैयार है। शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा पर विधायक उमेश पटेल कमल गर्ग और महेश साहू द्वारा माल्यार्पण अर्पित किया गया एवं देश के शहीदों को नमन किया गया इस दौरान सभी ने भारत माता की जय वंदे मातरम वीर शहीद जिंदाबाद के नारे लगाए।

इस अवसर पर विधायक उमेश पटेल ने भारतीय सेना के शौर्य को सलामी देते हुए उनके पराक्रम और साहस की प्रशंसा की और कहा कि भारत देश की सेना अग्रणी और विश्व की सबसे मजबूत सेना है देश भक्ति का जज्बा हमारी सेना में कूट-कूट कर भरा है। किसी भी परिस्थिति में दुश्मन देश के छक्के छुड़ाने में सक्षम है हाल ही में सेना ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर बमबारी करते हुए उन्हें जड़ से खत्म कर दिया है। नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग ने भारतीय सेना के शौर्य, वैभव, पराक्रम को नमन करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी तरह बदल गया है। आतंकिस्तान को धूल चटाने का ताकत यदि किसी देश में है तो वह भारत में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प का परिणाम ऑपरेशन सिंदूर की सफलता है।भारतीय सेना ने पाकिस्तान के हमले को न केवल नाकाम किया बल्कि पाकिस्तान के अंदर जाकर आतंकिस्तान को मिट्टी में मिला दिया और पाकिस्तानी आतंकी मार गिराए कमल गर्ग ने आगे कहा कि आज भारत जिस तरह सभी धर्म, जाति, संप्रदाय के लोगों के साथ एकजुट है, यही एकजुटता आगे भी बनी रहे। कार्यक्रम के बाद कमल गर्ग ने पूर्व एवं वर्तमान सैनिकों और उपस्थित लोगों को ऑपरेशन सिंदूर एवं तिरंगा यात्रा की बधाई दी।

### दो महिला आरोपी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार



जांजगीर, 17 मई (देशबन्धु)। जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बलौदा पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। मुखबिर की सूचना पर की गई रेड कार्रवाई में पुलिस ने दो महिला आरोपियों को अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

थाना बलौदा प्रभारी निरीक्षक मनीष तंबोली के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में श्रीमती सुमन चौहान (उम्र 33 वर्ष) एवं श्रीमती गंगा बाई चौहान (उम्र 55 वर्ष), दोनों निवासी ग्राम रसौटा, थाना बलौदा को गिरफ्तार किया गया।

# देश विदेश

## जूछ्यूए-2 उन्नत याओ-2 प्रक्षेपण वाहक रॉकेट अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक प्रक्षेपित

**बीजिंग।** चीन के तोंगफंग वाणिज्यिक अंतरिक्ष नवाचार परीक्षण क्षेत्र से पेइचिंग समयानुसार 17 मई को 12 बजकर 12 मिनट पर, जूछ्यूए–2 उन्नत याओ–2 प्रक्षेपण वाहक रॉकेट को प्रक्षेपित किया गया। इसने थ्येनयी–29, थ्येनयी–34, थ्येनयी–35, थ्येनयी–42, थ्येनयी–45 व थ्येनयी–46 आदि छह उपग्रहों को पूर्व निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक भेजा। इस बार का उड़ान परीक्षण मिशन पूरी तरह सफल रहा। यह मिशन जूछ्यूए–2 वाहक रॉकेट की पांचवीं उड़ान है।

# गाजा में जारी युद्ध को लेकर मैं नेतन्याहू से निराश नहीं : ट्रंप




**वाशिंगटन,** 17 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि गाजा में जारी संघर्ष के बीच भी वह इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से 'निराश' नहीं हैं। ट्रंप ने फॉक्स न्यूज के ब्रेट बैयर को अबू धाबी से दिए गए साक्षात्कार में नेतन्याहू का बचाव करते हुए कहा कि नहीं, देखिए, उनके सामने मुश्किल स्थिति है।

आपको याद रखना होगा, 7 अक्टूबर की वह घटना थी जिसे हर कोई भूल जाता है। यह दुनिया के इतिहास में सबसे हिंसक दिनों में से एक था, मध्य पूर्व में नहीं, बल्कि दुनिया में, जब आप टेप (रिकॉर्डेड क्लिप्स) देखते हैं। यह समस्या कभी नहीं होनी चाहिए थी। दरअसल, मध्य पूर्व की अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा के दौरान ट्रंप इजरायल में नहीं रुके, और सीधे सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे। सवाल इसी रवैए को लेकर पूछा गया था। बैयर ने ट्रंप से पूछा कि क्या उन्हें लगता है कि नेतन्याहू का मानना है कि ईरान के साथ संभावित परमाणु समझौता क्षेत्र के लिए बुरा है, क्योंकि प्रशासन वार्ता में लगा हुआ है। ट्रंप ने जवाब दिया, बीबी, वह एक गुस्सैल आदमी हैं, और उन्हें 7 अक्टूबर की वजह से ऐसा होना चाहिए, और वह इससे बुरी तरह आहत हुए हैं, लेकिन दूसरे तरीके देखें तो उन्हें काफी मदद भी मिली है क्योंकि मुझे लगता है कि उन्होंने कड़ी मेहनत और बहादुरी से लड़ाई लड़ी है। हालांकि ट्रंप बार-बार कहते रहे हैं कि अमेरिका को गाजा अपने कब्जे में लेना चाहिए और उसकी तरक्की पर ध्यान दिया जाना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दोहराया कि इस क्षेत्र को 'स्वतंत्र क्षेत्र' बनना चाहिए। ट्रंप ने कहा कि गाजा एक बुरा स्थान है। यह सालों से ऐसा ही है। मुझे लगता है कि इसे एक मुक्त क्षेत्र बन जाना चाहिए, मैं इसे स्वतंत्र क्षेत्र कहता हूं। उनके पास हमास है। हर जगह हर कोई मारा जा रहा है। मेरा मतलब है, क्या आपने कभी अपराध के आंकड़ों के बारे में बात की है? यह एक बुरी जगह है। राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को संकेत दिया कि वे चाहते हैं कि गाजा की डांवाडोल स्थिति को संभालने में अमेरिका मदद करे, उन्होंने कहा कि बहुत से लोग भूख से मर रहे हैं और उन्हें अगले महीने 'बहुत सारी अच्छी चीजों' की उम्मीद है।

> **गाजा एक बुरा स्थान है यह सालों से ऐसा ही है, मुझे लगता है कि इसे एक मुक्त क्षेत्र बन जाना चाहिए, मैं इसे स्वतंत्र क्षेत्र कहता हूं : डोनाल्ड ट्रंप**

## पुतिन ने अरब लीग के नेताओं को पहले रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में किया आमंत्रित



**मास्को,** 17 मई (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में अरब लीग (एलएएस) के नेताओं को आमंत्रित किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने इस बात की पुष्टि की है कि राष्ट्रपति पुतिन ने इस शिखर सम्मेलन में अरब लीग के नेताओं को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। यह पहला रूसी-अरब शिखर सम्मेलन है। श्री पुतिन ने अरब लीग के नेताओं और महासचिव को 15 अक्टूबर को होने वाले पहले रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। रूसी राष्ट्रपति ने अरब लीग को टेलीग्राम पर कहा कि हम भविष्य में एलएएस के साथ रचनात्मक संवाद विकसित करने और इसके सदस्य देशों के साथ मित्रवत संबंध स्थापित करने का इरादा रखते हैं। इस संदर्भ में, मैं संघ के सभी नेताओं और लीग के महासचिव को 15 अक्टूबर को आयोजित होने वाले पहले रूसी-अरब शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं। श्री पुतिन ने आशा व्यक्त किया कि यह बैठक देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को और मजबूत करने में मदद करेगा और पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका में शांति, सुरक्षा एवं स्थिरता सुनिश्चित करने के उपायों को खोजने में सहायता करेगा। अरब लीग ने आज अपने 34वें शिखर सम्मेलन की शुरुआत की। राष्ट्रपति पुतिन ने बल देकर कहा कि यह शिखर सम्मेलन इजरायल और फिलिस्तीन के मध्य बढ़ते तनाव के बीच आयोजित हो रहा है, लेकिन ऐसे कठिन समय में लीग की बहुपक्षीय संवाद तंत्र के रूप में भूमिका ज्यादा महत्वपूर्ण है।

## हान चेंग ने इन्वेस्को ग्रुप के बोर्ड के अध्यक्ष वैगनर से मुलाकात की

**बीजिंग,** 17 मई (एजेसियां)। चीन के उप राष्ट्रपति हान चेंग ने पेइचिंग में इन्वेस्को समूह के बोर्ड के अध्यक्ष वैगनर से मुलाकात की। इस मौके पर हान चेंग ने कहा कि चीन और अमेरिका के व्यापक साझा हित हैं और सहयोग की व्यापक गुंजाइश है। हाल ही में, चीन-अमेरिका आर्थिक और व्यापार वार्ता में पर्याप्त प्रगति हासिल हुई है। दोनों देशों को समान वार्ता के माध्यम से आर्थिक और व्यापारिक सहयोग में मतभेदों और घर्षणों को उचित रूप से हल करना चाहिए। चीन उच्च स्तरीय खुलेपन के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले विकास को बढ़ावा देने और अपनी स्थिरता के साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था में निश्चितता लाने पर जोर देता है। चीन अंतर्राष्ट्रीय पूंजी बाजार विकास के अनुभव से सक्रिय रूप से सीखेगा और चीन की राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुरूप पूंजी बाजार सुधार में तेजी लाएगा।

## सुडोकू 6916

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | | | 3 | 8 |
| 8 | | | 5 | | | 1 | | |
| | | 1 | | | 3 | 4 | 5 | |
| 6 | | | | | 5 | | 8 | |
| | 5 | | | | | | 6 | |
| | 8 | | 2 | | | | | 7 |
| | 7 | 2 | 1 | | | 6 | | |
| | | 8 | | | 2 | | | 3 |
| 3 | 6 | | | 4 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6916

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | ■ |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दाये:-**

१. वित्त व्यवस्था
४. सभी लोगों के लिए, सार्वजनिक
६. नौ प्रकार से, नौ खंडों में
७. प्रमाणित (उर्दू)
८. युद्ध नीति
१०. पैर, पद,
११. पानी से भरा हुआ
१३. बड़ा भाई
१४. अनेक तरह का
१५. निर्दयी (उर्दू)
१७. सूर्य
१९. सही मार्ग से भटका हुआ, भिन्न मार्ग, गलत रास्ता
२१. प्रतिकार, प्रतिशोध
२२. नीच मनुष्य
२४. ढूंढना, खोजना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. मुताबिक
२. शरणागत की रक्षा करने वाला
३. दौलत एकत्र करना, धन संग्रह
४. मामूली, सामान्य
५. जन्म देने वाली माता
९. हिंदू धर्म का एक धार्मिक कृत्य जिसमें मृतक के नाम तिल मिश्रित जल की अंजलि दिया जाता है
१२. धीमा, मंद
१३. होंठ
१४. चोट, आघात, नाश, हानि, अपहरण
१५. अकारण (उर्दू)
१६. विचाराधीन अभियुक्तों को रखने की जगह (उर्दू)
१८. मुखालफत
१९. मजबूर
२०. गाय-भैंस का स्तन
२३. शराब

### वर्ग पहेली-6915

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मा | न | २ दे | य | ■ | ■ | ३ सु | प्र | ४ सि | द्ध |
| न | ■ | व | ■ | ५ वि | क्षि | प्त | ■ | त | ■ |
| ६ व | च | ना | मृ | त | ■ | ७ ज | न | म | ८ त |
| ता | ■ | ग | ■ | ९ र | स | न | ■ | ■ | ह |
| ■ | १० प | री | ११ क्ष | क | ■ | ■ | १२ बे | बा | की |
| ■ | रं | ■ | म | ■ | १३ प | तो | हू | ■ | का |
| १४ आ | तु | १५ र | ता | ■ | वि | ■ | १६ दा | १७ व | त |
| त्म | ■ | ण | ■ | १८ पा | त्र | १९ ता | ■ | रू | ■ |
| २० ह | टा | ना | ■ | ल | ■ | २१ प | रि | ण | २२ य |
| त्या | ■ | २३ द | र्द | ना | क | ■ | ■ | ■ | दि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : रविवार 18 मई, 2025 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 6**

### राशिफल

मेष - आज आप घर की बातों पर अधिक ही ध्यान देंगे। परिजनों के साथ बैठकर महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। घर के इंटीरियर पर आप धन खर्च कर सकते हैं। आज आपको अपने काम में संतोष का अनुभव होगा।

वृषभ - विदेश में रहने वाले स्नेहीजन तथा मित्रों के समाचार आपको खुशी देंगे। विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति के लिए अच्छा अवसर है। लंबे प्रवास का आयोजन हो सकता है। धार्मिक स्थल की यात्रा से आपका मन खुश रहेगा।

मिथुन - आपको अपने मिजाज को काबू में रखना पड़ेगा, ताकि कोई समस्या न हो। बीमार व्यक्ति आज कोई नई उपचार पद्धति न अजमाएं। ऑपरेशन न कराएं। खर्च बढ़ने से आर्थिक तंगी का अनुभव होगा।

कर्क - आज का दिन मनोरंजन और मौज-मस्ती में व्यतीत होगा। परिजनों या मित्रों के साथ घूमने या फिल्म देखने जाने की संभावना है। आप अच्छा भोजन ग्रहण करेंगे। सुंदर वस्त्रालंकार या नए वाहन खरीदने का योग है।

सिंह - आपके घर में आनंद का वातावरण रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ आपका समय आनंद और उत्साह में व्यतीत होगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेग। आपको मान-सम्मान प्राप्त होगा। उसके कारण खुशी का अनुभव होगा।

कन्या - आज संतान सम्बंधी मामलों को लेकर चिंता रहेगी। पेट संबंधी परेशानियां होंगी। विद्याध्ययन के लिए समय अनुकूल नहीं है। आज आपको बौद्धिक वाद-विवाद से दूर रहना चाहिए। प्रेमीजनों को प्रणय में सफलता मिलेगी।

तुला - आज अत्यधिक भावुकता आपके मन को आर्द्र बनाएगी। महिला और माताजी से संबंधित चिंताएं रहा करेंगी। प्रवास के लिए उचित समय नहीं है। इसलिए आज प्रवास का विचार बदलने की सलाह दी जाती है।

वृश्चिक - आपका आज का दिन आनंद और खुशी के पलों में व्यतीत होगा। आप नया कार्य शुरू कर सकेंगे। सहोदरों के साथ आपके संबंध अच्छे रहेंगे। भाग्य में वृद्धि हो सकती है। मित्रों और स्वजनों से मुलाकात होगी।

धनु - आपका आज का दिन मिश्र फलदायी होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद या मनमुटाव होने की संभावना है। आज आपका मनोबल दृढ़ न होने के कारण निर्णय लेने में तकलीफ होगी।

मकर - आपके निर्धारित कार्य पूरे होंगे। ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। पारिवारिक जीवन में आनंद छाया रहेगा। आप तन-मन से स्वस्थ रहेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों से मिलकर आनंद का अनुभव करेंगे।

कुंभ - आपको किसी का पक्ष लेने से बचना चाहिए। किसी के साथ रुपये का लेन-देन नहीं करें। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव हो सकता है। किसी के साथ मतभेद या तकरार भी हो सकती है।

मीन - आज का दिन आपके लिए बहुत अनुकूल है। नौकरी में आपकी आय बढ़ेगी। आपके मित्रों और बुजुर्गों से भी आपको लाभ हो सकता है। नए मित्र बनाएंगे और यह मैत्री आगे चलकर लाभदायक साबित होगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## किम जोंग उन ने हवाई अभ्यासों की निगरानी की, सशस्त्र बलों से युद्ध की तैयारियों का किया आह्वान

**प्योंगयांग,** 17 मई (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश के सशस्त्र बलों से युद्ध की तैयारियों को मजबूत करने का आग्रह किया है। साथ ही कोरियाई पीपुल्स आर्मी (केपीए) द्वारा बड़े पैमाने पर हवाई रक्षा और स्ट्राइक ड्रिल की निगरानी भी की। सरकारी स्वामित्व वाली मीडिया कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) की एक रिपोर्ट के अनुसार श्री किम ने 15 मई को आयोजित अभ्यास के दौरान गार्ड्स फर्स्ट एयर डिवीजन का निरीक्षण किया।एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार युद्धाभ्यास को आधुनिक हवाई खतरों - क्रूज मिसाइलों और मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) सहित - से बचाव में विमान-रोधी बलों और वायु इकाइयों की तत्परता का परीक्षण करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। अभ्यास में लड़ाकू पायलटों, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल बैटरियों, रडार ऑपरेटरों और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध इकाइयों सहित सैन्य शाखाओं की एक विस्तृत श्रृंखला को एक साथ लाया

# कोलंबिया में विद्रोही समूहों की लड़ाई में अब तक 6` लोग अपने घरों से पलायन के लिए मजबूर

■ **पिछले वर्ष के अंत तक, 73 लाख से ज्यादा लोग हिंसा और संघर्ष के कारण आंतरिक रूप से विस्थापित हो गए थे : ओसीएचए**



**बोगोटा,** 17 मई (एजेसियां) संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायताकर्ताओं ने कहा कि कोलंबिया में विद्रोही समूहों के बीच लड़ाई के कारण 2025 के पहले पांच महीनों में 66,000 से अधिक लोगों को अपने घरों से पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा है।

संयुक्त राष्ट्र मानवतावादी मामलों के समन्वय के कार्यालय (ओसीएचए) के अनुसार, देश में जारी हिंसा के बीच नया विस्थापन 2024 में विस्थापित लोगों की कुल संख्या में 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। ओसीएचए ने कहा कि पिछले वर्ष के अंत तक, 73 लाख से ज्यादा लोग हिंसा और संघर्ष के कारण आंतरिक रूप से विस्थापित हो गए थे, जो सूडान और सीरिया के बाद विश्व में तीसरी सबसे बड़ी विस्थापित संख्या है। ओसीएचए ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और उसके साझेदार फरवरी में जारी किए गए यूएन केंद्रीय आपातकालीन कोष के 38 लाख डॉलर आवंटन के माध्यम से सहायता प्रदान करते हैं, जबकि उद्देश्य कैटाटुम्बो में 56,000 से अधिक प्रभावित लोगों की मदद करना है, जहां 2025 में लड़ाई भीषण रही है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, उत्तरी-पूर्वी कैटाटुम्बो क्षेत्र में राष्ट्रीय मुक्ति सेना (ईएलएन) के गुरिल्लाओं द्वारा किए गए हमलों और विस्थापित क्रांतिकारी सशस्त्र बलों (फार्क) के विवादित सदस्यों के साथ झड़पों में 80 से अधिक लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। मार्च के अंत में, कोलंबियाई सेना ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी विभाग काउका में फार्क विद्रोहियों द्वारा किए गए एक विस्फोटक हमले में एक सैनिक की मौत हो गई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मार्च में हिंसा की वृद्धि से विभाग में 80 से अधिक लोग घायल हुए हैं। ईएलएन और फार्क के बीच क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए तीव्र लड़ाई चल रही है। ओसीएचए ने कहा कि मानवीय आवश्यकताओं में तीव्र वृद्धि के बावजूद, सहायता समुदाय की प्रतिक्रिया फंडिंग की कमी के कारण गंभीर रूप से बाधित हुई है। मानवीय साझेदारों ने केवल पहचानी गई आवश्यकताओं का 25 फीसदी ही पूरा किया है।

# सलमान रुश्दी की आंख में चाकू मारने वाले को 25 साल की सजा

**न्यूयॉर्क,** 17 मई (एजेंसियां)। सलमान रुश्दी की आंख पर चाकू से हमला करने वाले अपराधी



को शुक्रवार को 25 साल की सजा सुनाई गई।

सलमान रुश्दी की आंख पर हमला करने वाले अपराधी हादी मतार को हत्या के प्रयास का दोषी मानते हुए न्यूयॉर्क की मेविल अदालत में जज डेविड फोले ने सजा सुनाई। रुश्दी पर हमला यहीं हुआ था। हादी को फरवरी में राज्य के कानूनों के तहत दोषी ठहराया गया था, और उस पर संघीय कानूनों के तहत अलग-अलग आतंकवाद के आरोप हैं। 27 वर्षीय मतार को भी सात साल की सजा मिली है जो मुख्य सजा के साथ-साथ चलेगी। चौटाउक्का काउंटी के जिला अभियोजक जेसन श्मिट ने सजा सुनाए जाने के बाद कहा कि मैं जज द्वारा लगाई गई सजा से खुश हूं। मतार के वकील नाथनियल बैरोन ने कहा कि वे इस फैसले के खिलाफ अपील दायर करेंगे। मतार ने अगस्त 2022 में चौटाउक्का इंस्टीट्यूशन में मंच पर सलमान रुश्दी पर हमला किया था। रुश्दी की दाईं आंख पर कई बार चाकू से हमला किया गया। इस वजह से उन्हें यह आंख गंवानी पड़ी थी। हमले के दौरान हेनरी रीज़ भी घायल हुए थे। हेनरी सताए गए लेखकों को शरण देने के लिए एक कार्यक्रम चलाते हैं। रुश्दी ने 2024 में प्रकाशित एक संस्मरण 'नाइफ' में हमले और उसके बाद की घटनाओं का विवरण दिया था। सलमान रुश्दी पर हमले की शुरुआत 1989 में हुई थी। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खुमैनी ने रुश्दी की मौत का फतवा जारी किया था। खुमैनी रुश्दी के उपन्यास 'द सैटेनिक वर्सेज' को ईशनिंदा बताते हुए फतवा जारी किया था।

## द. कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून ने राष्ट्रपति चुनाव से पहले छोड़ी पार्टी

**सोल,** 17 मई (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-योल ने शनिवार को घोषणा की कि वह आगामी तीन जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले कंजरवेटिव पार्टी 'पीपुल पावर पार्टी' (पीपीपी) से इस्तीफा दे रहे हैं। श्री योल ने पत्रकारों से कहा कि मैं आज पीपुल पावर पार्टी छोड़ रहा हूं। मेरा उन साथियों को नमन है जो मुझ पर भरोसा करते हैं और लंबे समय तक मेरे साथ रहे। उनका मानना है कि पार्टी से अलग होकर वह स्वतंत्र रूप से चुनावी समर्थन जुटा सकते हैं और यही रास्ता उन्हें देश की उदार लोकतंत्र की रक्षा करने में मदद करेगा। श्री योल के खिलाफ हाल ही में कई विवाद सामने आए। इनमें मार्शल लॉ लागू करने की नाकाम कोशिश, महाभियोग प्रक्रिया और राष्ट्रपति पद से स्थायी रूप से हटाया जाना शामिल है। इन घटनाओं के चलते, कई लोगों ने सुझाव दिया कि श्री योल को पार्टी से अलग हो जाना चाहिए ताकि वे स्विंग वोटर्स को लुभा सकें।

## आज का इतिहास

1388- बुचुर झील की लड़ाई के दौरान, जनरल लैन यू ने उत्तरी युआन के खान, तोगस तेमूर के मंगोल गिरोह को कुचलने के लिए एक चीनी सेना का नेतृत्व किया।
1703- डच और अंग्रेज सैनिकों ने जर्मनी के कोलोन शहर पर कब्जा किया।
1756- ग्रेट ब्रिटेन ने फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1756- ब्रिटेन ने फ्रांस के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की।
1794-ट्रेकोइंग की लड़ाई- फ्रांसीसी सैनिकों ने ब्रिटिश सेना को हराया।
1803- ग्रेट ब्रिटेन ने फ्रांस पर युद्ध शुरू कर दिया, जिसके बाद फ्रांस ने डच क्षेत्र से वापस लेने की इजाजत नहीं दी, जिसके कारन नेपोलियन से युद्ध की शुरूआत हुई।
1804- नेपोलियन को फ्रांस का सम्राट घोषित किया गया था।
1804- फ्रेंच सीनेट द्वारा नेपोलियन बोनापार्ट फ्रेंच का सम्राट घोषित किया गया।
1852-मैसाचुसेट्स का नियम है कि स्कूल के सभी बच्चों को स्कूल जाना चाहिए।
1860- अब्राहम लिंकन को रिपब्लिकन पार्टी के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में चुना गया।
1863- अमेरिकन सिविल वॉर-जनरल उलीसेज़ एस। ग्रांट ने अपनी सेना की स्थापना की थी, जो टेक्सीविजबर्ग की घेराबंदी की तैयारी के लिए बिग ब्लैक नदी के पार टेन नेसे की थी।
1863-अमेरिकी गृह युद्ध- जनरल उलेइसेस एस। ग्रांट ने विक्सबर्ग की घेराबंदी की तैयारी के लिए बिग ब्लैक नदी के पार टेनेसी की अपनी सेना का नेतृत्व किया।
1865- विश्व संचार दिवस मनाने की शुरुआत हुई।
1869-हकोडेट की लड़ाई में आत्मसमर्पण करने के एक दिन बाद, एनोमोटो ताकेई ने गोरोकोकू को जापानी बलों में बदल दिया, जो एज़ो गणराज्य के टोलोप्लास का संकेत था।

**संकट** दुनिया में भूख और कुपोषण के फैलने की दर हमारी नियंत्रण क्षमता से कहीं अधिक

# भुखमरी से दुनिया भर में 29.5 करोड़ लोग प्रभावित : संयुक्त राष्ट्र

**रोम, 17 मई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (फाओ) की एक रिपोर्ट के अनुसार, 224 में खाद्य असुरक्षा और कुपोषण की स्थिति और खराब हुई, जिससे 53 देशों में 29.5 करोड़ लोग भूख से प्रभावित रहे। साल 223 की तुलना में पूरी दुनिया में भूख से प्रभावित लोगों की संख्या में 1.37 करोड़ की वृद्धि हुई है। यह आंकड़ा दुनिया के सबसे कमजोर क्षेत्रों में तीव्र खाद्य असुरक्षा में लगातार छठी वार्षिक वृद्धि को दर्शाता है। खाद्य संकटों पर साल 225 में वैश्विक नेटवर्क में यह रिपोर्ट छपी थी। यह एक अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन है जिसमें खाद्य और कृषि संस्थान, संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम और विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संगठन शामिल हैं।**

■ **आबादी के कुछ हिस्से को भूख के अलावा कुछ दूसरी मुश्किलों का सामना करना पड़ा**



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इन आंकड़ों को दुनिया के लिए बेहद खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया में भूख और कुपोषण के फैलने की दर हमारी नियंत्रण क्षमता से कहीं अधिक है। हालांकि वैश्विक स्तर पर उत्पादित अन्न का एक-तिहाई बर्बाद हो जाता है।

एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि मानवीय जरूरतों को पूरा करने के लिए फंड में कमी होना लगातार भूखमरी जैसी वैश्विक समस्या को और जटिल बना रहा है। तीव्र खाद्य असुरक्षा आम तौर पर कई कारकों के संयोजन से उत्पन्न होती है। इसमें गरीबी, आर्थिक झटके और मौसम में असंतुलन अहम हैं। आबादी के कुछ हिस्से को भूख के अलावा कुछ दूसरी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। साल 2024 में सूडान के कुछ हिस्सों में अकाल की पुष्टि हुई थी। गाजा पट्टी, दक्षिण सूडान, हैती और माली में खाद्य असुरक्षा भयावह स्तर पर दर्ज की गई थी। गाजा पट्टी में, मानवीय सहायता में वृद्धि की वजह से अकाल की स्थिति नहीं बनी। रिपोर्ट में बताया गया है कि यदि बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान और नाकाबंदी जारी रही तो मई और सितंबर 2025 में जोखिम बढ़ सकता है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2024 में जबरन विस्थापित किए गए 12.8 करोड़ लोगों में से लगभग 9.5 करोड़ - जिसमें आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्ति, शरण चाहने वाले और शरणार्थी शामिल हैं - पहले से ही खाद्य संकट से जूझ रहे देशों में रह रहे थे। इसके अलावा, आर्थिक झटकों ने 15 देशों में खाद्य असुरक्षा को जन्म दिया, जिससे 5.94 करोड़ लोग प्रभावित हुए, मौसम में बदलाव की घटनाओं ने भी 18 देशों को संकट में डाल दिया, जिससे 9.6 करोड़ से अधिक लोग प्रभावित हुए, विशेष रूप से दक्षिण एशिया, अफ्रीका के दक्षिणी हिस्से और हॉर्न ऑफ अफ्रीका में लोग प्रभावित हुए।

## सुडोकू 6916 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 6 | 4 | 9 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 | 4 |
| 2 | 5 | 7 | 9 | 8 | 4 | 3 | 6 | 1 |
| 4 | 8 | 3 | 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 | 6 | 4 | 5 |
| 1 | 4 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 |
| 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 | 1 | 2 |

## दुनिया को जानें

### बुंदेलखंड में सरकार और जनशक्ति के अनूठे समन्वय से नून नदी को मिला पुनर्जीवन

**जालौन,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। जलसंकट से जूझ रहे उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड में जालौन जनपद में सरकार और आमजन ने एक साथ मिलकर एक ऐतिहासिक काम को अंजाम दिया है जिसके तहत क्षेत्र में लगभग मृतप्राय: हो चुकी नून नदी को पुनर्जीवित कर न केवल नदी में प्रवाह संभव किया गया है बल्कि इस क्षेत्र की एक बड़ी आबादी की जल की समस्या के समाधान की ओर एक प्रभावी कदम उठाया गया है। नून नदी को पुनर्जीवन मिलने से जल संकट से जूझ रहे बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए एक नई उम्मीद की किरण जागी है। सतोह गांव में नून नदी के पुनर्जीवन के लिए एक ऐतिहासिक पहल की गई, जिसने पूरे क्षेत्र में नई चेतना का संचार किया। यह महज एक सफाई अभियान नहीं, बल्कि नदी को उसके वास्तविक स्वरूप में लौटाने की दिशा में सामूहिक प्रयासों का सजीव उदाहरण बन गया। जिला अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि नून नदी अपने उद्गम स्थल से ही विलुप्त हो रही थी लेकिन अब प्रशासन, आमजन, सीएसआर सहयोग और स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से इसे फिर से जीवन देने का कार्य शुरू किया गया है।

# खेल जगत

## स्काई, बुमराह और अय्यर ने वानखेड़े स्टैंड सम्मान पर रोहित को बधाई दी

**मुंबई।** प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा स्टैंड के अनावरण के बाद, कई साथियों ने भारत के पूर्व टेस्ट कप्तान और दो बार के टी-20 विश्व कप विजेता को अपनी शुभकामनाएं भेजीं। मुंबई इंडियंस ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें भारतीय क्रिकेट के कई सितारों ने इस महान खिलाड़ी को अपनी शुभकामनाएं साझा कीं। रोहित के मुंबई और भारत के साथी सूर्यकुमार यादव और यशस्वी जायसवाल ने इस करिश्माई बल्लेबाज को बधाई दी, जबकि बाद वाले ने कुछ चुटकुले भी सुनाए। मैं रोहित भाई के लिए क्या कह सकता हूं? मैं वास्तव में खुश हूं। जब कोई क्रिकेटर खेल रहा होता है और उसका नाम स्टैंड पर होता है, तो मुझे लगता है कि यह बहुत बड़ी उपलब्धि है, मुंबई रणजी ट्रॉफी सेट-अप में रोहित के साथी यशस्वी जायसवाल ने कहा कि मैं आपके स्टैंड पर ढेर सारे छक्के लगाने के लिए बहुत उत्साहित हूं।



# नीरज चोपड़ा ने पहली बार 90 मीटर की बाधा का तोड़ा




## दोहा डायमंड लीग में रजत जीता

**दोहा,** 17 मई (एजेंसियां)। भारत के ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर की शानदार छलांग लगाकर अपने करियर में पहली बार 90 मीटर की बाधा को पार किया, लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर ने नाटकीय अंदाज में उन्हें जीत से वंचित कर दिया, जिन्होंने अंतिम दौर में 91.06 मीटर की छलांग लगाकर विश्व में अग्रणी स्थान हासिल किया। टोक्यो 2020 के स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा विश्व रजत पदक विजेता चोपड़ा ने ऐतिहासिक थ्रो के साथ शुरुआत में ही लय बना ली थी जिससे वह 2019 में शिवपाल सिंह द्वारा 90.10 मीटर (हवा की मदद वाली परिस्थितियों में) के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल दूसरे भारतीय बन गए। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने थ्रो के बाद जीत की खुशी में अपने हाथ ऊपर उठाए और एक बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि का जश्न मनाया। 2022 के यूरोपीय चैंपियन वेबर ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आखिरी के लिए बचाकर रखा, छठे राउंड में एक बड़ा थ्रो फेंककर चोपड़ा के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और सीजन की अपनी पहली डायमंड लीग जीत दर्ज की। ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स 85.34 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। 2025 डायमंड लीग कैलेंडर में तीसरे स्थान पर रही इस मीट में कई विश्व-अग्रणी प्रदर्शन और ट्रैक और फील्ड में ओलंपिक रीमैच देखने को मिले। जमैका की टिया क्लेटन ने महिलाओं की 100 मीटर में 10.92 सेकंड की विश्व बढ़त हासिल की, उन्होंने वापसी करने वाली शेली-एन फ्रेजर-प्राइस सहित एक मजबूत क्षेत्र को हराया, जो 2022 के बाद से अपनी पहली प्रतिस्पर्धी दौड़ में चौथे स्थान पर रही। तीन बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता फ्रेजर-प्राइस का सर्किट में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पुरुषों की 200 मीटर स्पर्धा में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बोत्सवाना के लेत्साइल टेबोगो ने यूएसए की कोर्टनी लिंडसे को मात्र 0.01 सेकंड से पीछे छोड़ दिया।

## 'शानदार उपलब्धि' पर मोदी ने नीरज को दी बधाई

**नई दिल्ली।** 'गोल्डन बॉय' नीरज चोपड़ा को दोहा डायमंड लीग 2025 में जबरदस्त भाला फेंकने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत थ्रो हासिल करने को चोपड़ा की 'शानदार उपलब्धि' बताया है। प्रधानमंत्री के ऑफिशियल 'एक्स' हैंडल से बधाई संदेश दिया गया है। भारत के 'गोल्डन बॉय' नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग में पहली बार 90 मीटर के पार भाला फेंककर इतिहास रच दिया। उन्होंने फाइनल में अपने तीसरे प्रयास में 90.23 मीटर भाला फेंककर अपना पर्सनल बेस्ट बनाया। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.94 मीटर था, जो उन्होंने 30 जून 2022 को स्टॉकहोम डायमंड लीग में फेंका था। बेस्ट थ्रो के बावजूद, नीरज चोपड़ा को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। जर्मनी के वेबर जूलियन ने 91.06 मीटर के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। नीरज छह में से पांचवें थ्रो तक नंबर एक पर थे, लेकिन छठे और आखिरी थ्रो में जूलियन उनसे आगे निकल गए। 90 मीटर की दूरी केवल एक आंकड़ा नहीं थी, बल्कि नीरज चोपड़ा के लिए यह एक चुनौती बन चुकी थी। वह कई बार इस आंकड़े के बेहद करीब पहुंचे थे, लेकिन हर बार 88 या 89 मीटर तक सीमित रह गए। नीरज चोपड़ा ने जब तीसरे प्रयास में यह ऐतिहासिक थ्रो किया, तो पूरा मैदान झूम उठा। इस प्रदर्शन में उनके नए कोच जान जेलेज्नी की भूमिका भी अहम मानी जा रही है।

# तेंदुलकर के सम्मान में बीसीसीआई ऑफिस में बना बोर्ड रूम, किया उद्घाटन



■ सीसीआई ब्रेबोर्न स्टेडियम पवेलियन के ठीक सामने एक छोटा सा कमरा था और मुझे आज भी वह जगह याद है : सचिन

**मुंबई,** 17 मई (एजेंसियां)। भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को मुंबई में अपने मुख्यालय में बोर्ड रूम का नाम उनके नाम पर रखने के लिए धन्यवाद दिया। मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय में, तेंदुलकर ने हाल ही में सभी शीर्ष पदाधिकारियों की मौजूदगी में 'एसआरटी 100' बोर्ड रूम का उद्घाटन किया। तेंदुलकर ने कहा कि सबसे पहले, रोजर बिन्नी (अध्यक्ष), (देवजीत) सैकिया (सचिव) जी, राजीव जी (उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला) और रोहन (गौंस देसाई, संयुक्त सचिव) का बहुत-बहुत धन्यवाद। बीसीसीआई के सभी पदाधिकारियों और अधिकारियों का धन्यवाद। हमने कुछ समय पहले ही बात की थी कि पहला दौरा कैसा था, जहां मैं 1989 में पाकिस्तान गया था और जहां बीसीसीआई का पहला कार्यालय था। सीसीआई ब्रेबोर्न स्टेडियम पवेलियन के ठीक सामने एक छोटा सा कमरा था और मुझे आज भी वह जगह याद है। वहां से लेकर इस जगह तक, यह एक उल्लेखनीय परिवर्तन है। जो चीज इसे और भी खास बनाती है, वह है ये अनमोल ट्रॉफियां। तेंदुलकर ने शनिवार को बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए अपने भाषण में कहा कि यह दर्शाता है कि आधिकारिक पदाधिकारियों, बीसीसीआई पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने किस तरह से योजना बनाई और उसे क्रियान्वित किया- देश को यह हासिल करने में मदद की। इसलिए ये अनमोल क्षण हैं। ये ऐसे क्षण हैं जब पूरा देश एक साथ आता है और जश्न मनाता है। 2011 के वनडे विश्व कप की ट्रॉफी को देखने के बाद, तेंदुलकर ने उस समय को याद किया जब वह अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहे थे और फिर उनके भाई के शब्दों ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और अंततः अपने छठे प्रयास में वानखेड़े स्टेडियम में खिताब जीता। 2007 में जब हम वेस्टइंडीज से वापस आए, तो थोड़ी निराशा हुई। मेरे दिमाग में कई विचार आए कि क्या मुझे खेलना जारी रखना चाहिए या अब मुझे दूसरी तरफ चले जाना चाहिए। मुझे याद है कि मैं अपने भाई से बात कर रहा था और उसने कहा कि 2011 में, विश्व कप भारत में खेला जाएगा और फाइनल मुंबई - वानखेड़े स्टेडियम में होगा। इस ट्रॉफी के साथ, क्या आप खुद को विजय की गोद में ले जाते हुए देख सकते हैं?

# गुजरात रिटर्न दिल्ली को हरा प्ले ऑफ में स्थान पक्का करने उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ दिल्ली को प्ले ऑफ पहुंचने के लिए बाकी तीन में दो मैच जीतने होंगे

■ सुदर्शन, शुभमन व बटलर को रोकना दिल्ली के गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली,** 17 मई (देशबन्धु)। शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस के लिए पांच पांच अर्द्धशतक जड़ चुके सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन, उनके सलामी जोड़ीदार कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर मौजूदा 2025 आईपीएल में समान रूप से पांच सौ पांच सौ रन बनाने के साथ सबसे ज्यादा रन बनाने में शीर्ष पांच बल्लेबाजों मे हैं। गुजरात टाइटंस 11 मैचों में आठ जीत और मात्र तीन हार के साथ कुल 16 अंकों के साथ अपने बेहतर नेट रन रेट के चलते फिलहाल शीर्ष पर है। दिल्ली कैपिटल्स अब फिलहाल11 मैचों में पांच जीत और एक मैच के बारिश के धुलने और पांच हार से कुल 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। गुजरात टाइटंस बटलर के बेहतरीन 97 रन की बदौलत अपने घर अहमदाबाद में मौजूदा सीजन के पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को चार गेंदों के बाकी रहते सात विकेट से हराया था। गुजरात टाइटंस अब मेजबान दिल्ली को रिटर्न मैच में भी रविवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में हरा प्ले ऑफ में स्थान पक्का करना उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स के लिए राहत की बात यह है कि अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस से सात विकेट से हारने को छोड़ उसने उससे पिछले पांच में तीन मैच जीते है। दिल्ली कैपिटल्स को प्ले ऑफ में पहुंचने की उम्मीद बनाए के लिए गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार के मैच सहित अपने बाकी तीन में दो मैच जीतने जरूरी हैं। मौजूदा संस्करण में रन बनाने में गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन (509 रन) मुंबई इंडियंस के सूर्य कुमार यादव से एक रन पीछे दूसरे स्थान पर शुभमन गिल उनसे एक रन पीछे तीसरे और बटलर (500 रन) पांचवें स्थान पर है। मिचेल स्टार्क के स्वदेश लौटने से दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों के लिए गुजरात टाइटंस के शीर्ष क्रम में सुदर्शन, शुभमन व बटलर को रोकना बड़ी चुनौती होगा। शीर्ष क्रम में सुदर्शन, कप्तान शुभमन गिल और बटलर के बल्ले से तथा फिलहाल 11 मैचों में 20 विकेट चटका पर्पल कैप पर कब्जा जमाने वाले लंबे कद के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर, रंगत पाने के लिए जूझ रहे लेग स्पिनर राशिद खान के गेंद से दमदार प्रदर्शन किया है।

# प्लेऑफ की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाने उतरेंगे पंजाब किंग्स

■ आरआर और पीबीकेएस के बीच अब तक 29 आईपीएल मैच हो चुके हैं, जिसमें आरआर को 17 जबकि पीबीकेएस को 12 में जीत मिली है



**जयपुर,** 17 मई (एजेंसियां)। एक सप्ताह के विराम के बाद शनिवार से आईपीएल 2025 फिर से शुरू हो रहा है। रविवार के डबल हेडर में पहला मुकाबला राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के बीच जयपुर में खेला जाएगा। जहां पीबीकेएस की टीम 11 में से सात जीत और 14 अंकों के साथ प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने के बहुत करीब है, वहीं आरआर की टीम 12 मैचों में सिर्फ तीन जीत के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो चुकी है। आरआर और पीबीकेएस के बीच अब तक 29 आईपीएल मैच हो चुके हैं, जिसमें आरआर को 17 जबकि पीबीकेएस को 12 में जीत मिली है। जयपुर में भी हुए दोनों टीमों के बीच छह मुकाबलों में आरआर 5-1 से आगे है। वहीं 2022 से हुए दोनों देशों के बीच हुए छह मुकाबलों में आरआर की टीम 4-2 से आगे है। आंकड़ों के मुताबिक आरआर का पलड़ा इस मैच में भारी रह सकता है, लेकिन फॉर्म निश्चित रूप से पीबीकेएस के साथ है।

आईपीएल 2025 रुकने से पहले यशस्वी जायसवाल शानदार फॉर्म में थे और इस सीजन वह पांच अर्द्धशतकों के साथ कुल 473 रन बना चुके हैं, जो कि इस सीजन को उनके करियर का दूसरा सबसे सफल आईपीएल सीजन बनाता है। हालांकि उन्हें पीबीकेएस के स्ट्राइक गेंदबाज अर्शदीप सिंह परेशान कर सकते हैं, जिन्होंने जायसवाल को छह आईपीएल पारियों में दो बार आउट किया है। यशस्वी, अर्शदीप के खिलाफ सिर्फ 18 की औसत और 124 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। पीबीकेएस के ऑलराउंडर मार्कस स्टॉयनिस का अभी तक आईपीएल में फिर से आना तय नहीं है, लेकिन अगर वह टीम से जुड़ते हैं तो वह भी जायसवाल को परेशान कर सकते हैं।

## सार संक्षेप

### रोस्टन चेस वेस्टइंडीज के नए टेस्ट कप्तान नियुक्त

**एंटीगुआ।** ऑलराउंडर रोस्टन चेस को वेस्टइंडीज टेस्ट टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है जबकि जोमेल वारिकन को उपकप्तान बनाया गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह घोषणा की। वेस्टइंडीज के कप्तान की भूमिका के लिए छह उम्मीदवारों जॉन कैंपबेल, टेविन इमलाच, जोशुआ दा सिल्वा, जस्टिन ग्रीव्स, चेस और वारिकन को शॉर्टलिस्ट किया गया। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का मूल्यांकन उनके टेस्ट अनुभव, नेतृत्व गुण और पूर्व कप्तानी के आधार पर किया गया। फिर उन्हें एक विस्तृत मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा, जिसमें नेतृत्व शैली, व्यवहार और भूमिका के लिए समग्र रूप से फिट होने के लिए साइकोमेट्रिक परीक्षण शामिल था। इसके बाद संरचित साक्षात्कार हुए। चयन प्रक्रिया के समापन पर, रोस्टन चेस को कप्तान नियुक्त किया गया जबकि जोमेल वारिकन को उप कप्तान बनाया गया।

### सिनर और अल्काराज़ इटैलियन ओपन के फाइनल में

**रोम।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अमेरिकी टॉमी पॉल को हराकर कार्लोस अल्काराज़ के खिलाफ़ इटैलियन ओपन के फाइनल में जगह सुनिश्चित कर ली है। तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध के बाद अपने पहले टूर्नामेंट में घरेलू मैदान पर खेलते हुए, सिनर ने शुक्रवार को 11वें वरीय खिलाड़ी को 1-6, 6-, 6-3 से हरा दिया। रोम के खचाखच भरे सेंटर कोर्ट में, 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने अपराजित अभियान को 26 मैचों तक बढ़ाया। वह 1976 में एड्रियानो पनाटा के बाद टूर्नामेंट में पहले इतालवी पुरुष एकल विजेता बनने से एक जीत दूर रह गए हैं। उतार-चढ़ाव भरे मैच में, पॉल ने पहले सेट में शानदार जीत हासिल करते हुए 5- की बढ़त हासिल की, जिसके दौरान सिनर ने 13 अनफोर्स्ड एरर किए और केवल दो विनर बनाए लेकिन दूसरे सेट के शुरू से ही मैच पलट गया।

### दिल्ली ग्रैंडमास्टर्स ओपन 7 जून से

**नई दिल्ली।** दिल्ली शतरंज संघ द्वारा दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का 21वां संस्करण 7 से 14 जून तक नई दिल्ली के छतरपुर के टिवोली गार्डन में आयोजित किया जाएगा। इसमें कुल 1.21 करोड़ की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि होगी। फिडे वर्ल्ड चैंपियनशिप सर्किट पर एक प्रमुख कैलेंडर इवेंट के रूप में इस टूर्नामेंट ने भारत के शतरंज सितारों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें पिछले विजेता अर्जुन एरिगैसी और अरविंद चिदंबरम, आर. प्रज्ञानंद और विश्व चैम्पियन गुकेश डोमाराजू शामिल हैं। इन सबने ग्रैंडमास्टर बनने के लिए अपना अंतिम जीएम मानदंड यहीं अर्जित किया। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के तत्वावधान में आयोजित, दिल्ली जीएम ओपन भागीदारी के मामले में एशिया में सबसे बड़ा क्लासिकल-फॉर्मेट शतरंज टूर्नामेंट बन गया है।


## आरसीबी-केकेआर मैच से कोहली की 18 नंबर की जर्सी खरीदने की होड़




**बेंगलुरु,** 17 मई (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच शनिवार को आईपीएल 2025 के मुकाबले से पहले प्रशंसकों के बीच विराट कोहली की प्रतिष्ठित 18 नंबर जर्सी खरीदने की होड़ मची रही।महीने की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने के बाद से कोहली का यह पहला मैच है और इस अवसर ने लीग मैच में भावनात्मक उत्साह भर दिया है। भारत और आरसीबी के इस दिग्गज खिलाड़ी के नाम वाली जर्सी पहने समर्थक शाम के मैच से कुछ घंटे पहले आधिकारिक मर्चेंडाइज काउंटरों पर कतार में खड़े देखे गए। कई प्रशंसकों ने जर्सी की खरीद को कोहली के शानदार टेस्ट करियर के लिए श्रद्धांजलि बताया, जो एक दशक से अधिक समय तक चला और जिसने उन्हें दुनिया में प्रशंसा दिलाई। स्टेडियम के अधिकारियों ने कहा कि मैच से पहले सामान की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, कोहली के टेस्ट थीम वाले गियर, विशेष रूप से भारतीय ध्वज के प्रतीक वाली सफेद जर्सी-कुछ ही घंटों में बिक गईं।

## पीकेएल की नीलामी से पहले जयदीप, असलम, सुनील सहित प्रमुख खिलाड़ी रिटेन किए गए

■ नीलामी 31 मई और 1 जून को मुंबई में होगी



**मुंबई,** 17 मई (एजेंसियां)। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) ने शनिवार को सीजन 12 के लिए 'एलीट रिटेन किए गए खिलाड़ी', 'रिटेन किए गए युवा खिलाड़ी' और 'नए युवा खिलाड़ी' की घोषणा की। नीलामी 31 मई और 1 जून को मुंबई में होगी। जहां अधिकांश फ्रेंचाइजी ने अपने प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन किया है, वहीं वे आगामी पीकेएल सीजन 12 प्लेयर नीलामी में मजबूत इकाइयों का निर्माण करना भी चाहेंगे। अपनी-अपनी टीमों द्वारा रिटेन किए गए शीर्ष खिलाड़ियों में सुनील कुमार और अमीरमोहम्मद जफरदानेश (यू मुंबा), जयदीप दहिया, सुरेंदर गिल (यूपी योद्धा) और असलम इनामदार और मोहित गोयत की पुणेरी पल्टन जोड़ी शामिल हैं। इस बीच, तीन श्रेणियों में कुल 83 खिलाड़ियों को रिटेन किया गया: एलीट रिटेन प्लेयर्स (ईआरपी) श्रेणी में 25, रिटेन यंग प्लेयर्स (आरवाईपी) श्रेणी में 23 और न्यू यंग प्लेयर्स (एनवाईपी) श्रेणी में 35। पवन सहरावत, अर्जुन देशवाल, आशु मलिक और पीकेएल 11 के शीर्ष रेडर देवांक दलाल जैसे उल्लेखनीय भारतीय खिलाड़ियों सहित 500 से अधिक खिलाड़ी नीलामी के लिए तैयार हैं। ईरानी पावरहाउस फजल अत्राचली और मोहम्मदरेजा शादलोई के साथ-साथ पीकेएल के दिग्गज मनिंदर सिंह और प्रदीप नरवाल भी पीकेएल 12 की नीलामी में प्रवेश करेंगे। ध्यान देने योग्य एक दिलचस्प आंकड़ा यह है कि स्टार रेडर नवीन कुमार पहली बार नीलामी में उतरेंगे। पीकेएल 8 के विजेता ने छह सत्रों में दबंग दिल्ली के.सी. के लिए 1102 रेड पॉइंट बनाए हैं। वह लीग के इतिहास में पहले ऐसे खिलाड़ी होंगे, जिन्होंने पीकेएल नीलामी में प्रवेश करने से पहले एक ही टीम के साथ 1000+ अंक हासिल किए हैं।

## चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारतीय हॉकी जूनियर टीम घोषित

**नई दिल्ली,** 17 मई (एजेंसियां)। अर्जेंटीना के रोसारियो में 25 मई से दो जून के बीच खेले जाने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिये हॉकी इंडिया ने 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली भाग लेंगे। यह टूर्नामेंट दिसंबर में होने वाले एफआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्व कप की तैयारी में अहम भूमिका निभायेगा। भारतीय टीम प्रत्येक देश के खिलाफ दो मैच खेलेगी। भारतीय टीम का नेतृत्व गोलकीपर निधि करेंगी जबकि फॉरवर्ड हिना बानो उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगी।चयनित टीम में दूसरे गोलकीपर के रूप में एंजिल हर्षा रानी मिंज शामिल हैं, जबकि विद्याश्री वी को स्टैंडबाय के रूप में शामिल किया गया है। रक्षात्मक इकाई में ममिता ओरम, लालथंटलुआंगी, मनीषा, पूजा साहू, पार्वती टोपनो, नंदिनी और साक्षी शुक्ला शामिल हैं।

## भारतीय जूनियर निशानेबाज साल के पहले वर्ल्ड कप के लिए सुहल रवाना होंगे



आधिकारिक आगमन की तारीख 19 मई है, जबकि मुकाबले 20 मई से शुरू होकर 26 मई 2025 तक चलेंगे

**नई दिल्ली,** 17 मई (एजेंसियां)। 40 भारतीय निशानेबाजों और सहयोगी स्टाफ का पहला दल शनिवार रात जर्मनी के सुहल में होने वाले इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) के लिए रवाना होगा। यह प्रतियोगिता जूनियर अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पर्धा कैलेंडर की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता मानी जाती है। आधिकारिक आगमन की तारीख 19 मई है, जबकि मुकाबले 20 मई से शुरू होकर 26 मई 2025 तक चलेंगे। भारत, जिसने पिछले साल तीन में से दो आईएसएसएफ जूनियर प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान हासिल किया था, इस बार 57 निशानेबाजों का सबसे बड़ा दल भेज रहा है, जिनके साथ 21 अधिकारी, कोच और सहयोगी स्टाफ भी होंगे। दूसरा दल रविवार, 18 मई को रवाना होगा जिसमें 28 निशानेबाज और 10 सहयोगी स्टाफ होंगे।

जर्मनी में स्थित सुहल, जिसकी आबादी लगभग 40,000 है, लंबे समय से जूनियर शूटिंग सर्किट का एक प्रमुख केंद्र रहा है और यहां से कई भविष्य के ओलंपिक और विश्व चैंपियन उभरे हैं।

पिछले साल ओलंपिक वर्ष होने के कारण यह प्रतियोगिता नहीं हो सकी थी, लेकिन इस बार यह पूरी ताकत के साथ लौट रही है। इस वर्ष इसमें 59 देशों के 630 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। सभी 15 ओलंपिक स्पर्धाएं शामिल की गई हैं, साथ ही 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा (जूनियर पुरुष और महिला वर्ग) से प्रतियोगिता का पहला दिन शुरू होगा। अंतिम दिन यानी 26 मई को ट्रैप मिक्स्ड टीम स्पर्धा में अंतिम पदक वितरित किए जाएंगे। भारत की मजबूत टीम में कई प्रमुख नाम शामिल हैं— ओलंपियन राइजा ढिल्लों (स्कीट) और हाल ही में समाप्त हुए निकोसिया शॉटगन वर्ल्ड कप की मिक्स्ड टीम ट्रैप कांस्य पदक विजेता सबीरा हैरिस। अन्य प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल हैं—13 वर्ष की उम्र में जूनियर विश्व चैंपियन बनी नाम्या कपूर, डबल जूनियर विश्व चैंपियन दिवांशी (25 मीटर पिस्टल), वर्तमान जूनियर वर्ल्ड चैंपियन मुकेश नेल्लावल्लि (25 मीटर पिस्टल), एशियन जूनियर चैंपियन हरमेहर लल्ली (स्कीट) और कई बार आईएसएसएफ जूनियर पदक जीत चुके शुभम बिसला व अभिनव चौधरी (एयर पिस्टल)।

## दिल्ली ग्रैंडमास्टर्स ओपन 7 जून से, रिकॉर्ड 1.21 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि

**नई दिल्ली,** 17 मई (एजेंसियां)। दिल्ली शतरंज संघ द्वारा दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का 21वां संस्करण 7 से 14 जून तक नई दिल्ली के छतरपुर के टिवोली गार्डन में आयोजित किया जाएगा। इसमें कुल 1.21 करोड़ की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि होगी। फिडे वर्ल्ड चैंपियनशिप सर्किट पर एक प्रमुख कैलेंडर इवेंट के रूप में इस टूर्नामेंट ने भारत के शतरंज सितारों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें पिछले विजेता अर्जुन एरिगैसी और अरविंद चिदंबरम, आर. प्रज्ञानंद और विश्व चैंपियन गुकेश डोमाराजू शामिल हैं। इन सबने ग्रैंडमास्टर बनने के लिए अपना अंतिम जीएम मानदंड यहीं अर्जित किया। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के तत्वावधान में आयोजित, दिल्ली जीएम ओपन भागीदारी के मामले में एशिया में सबसे बड़ा क्लासिकल-फॉर्मेट शतरंज टूर्नामेंट बन गया है। इस साल, दिल्ली जीएम ओपन में 15 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें 20 ग्रैंडमास्टर शामिल हैं।

# साहित्य

# किसी दिन भारत पर चरमपंथियों या कट्टरपंथियों का शासन होगा और वो स्वतंत्रता का गला घोंट देंगे : सलिल चौधरी

सलिल चौधरी का यह जन्म-शताब्दी-वर्ष है। उनका एक ऐसा इंटरव्यू, जो आधुनिक पॉडकास्ट के ज़माने का 'क्विक आंसर राउंड' जैसा है। छोटे-छोटे सीधे-सरल प्रश्नों का जैसा स्पष्ट उत्तर सलिल चौधरी ने दिया है, वह उनकी विचारधारात्मक प्रतिबद्धता और ईमानदारी को दर्शाता है। रोचक होने के साथ-साथ यह इंटरव्यू एक जनता को समर्पित संगीतकार की तस्वीर साकार करता है। सलिल चौधरी पर लिखी और प्रकाशित बांग्ला किताब 'आलोर पथो जात्री', संपादक धीराज साहा से इस साक्षात्कार के एक अंश का हिंदी अनुवाद छत्तीसगढ़ इप्टा के अध्यक्ष तथा गायक-संगीतकार मणिमय मुखर्जी ने किया है।

**प्रश्न : सम्पूर्ण आनंद के बारे में आप के क्या विचार हैं?**

**सलिल :** अभी जिस समय में हम जी रहे हैं, उसमें मुझे लगता है कि किसी ऐसे सुर में सृष्टि-क्षमता हो, जो हमारे देशवासियों को एकसूत्र में बाँधे और पूरी पृथ्वी के अग्रणी देशों को एक बनने के लिए प्रेरित करे।

**प्रश्न : आपको सबसे बड़ा डर किस बात का है?**

**सलिल :** किसी दिन भारत पर चरमपंथियों या कट्टरपंथियों का शासन होगा और वो स्वतंत्रता का गला घोंट देंगे एवं बुद्धिजीवियों को अलग कर गोली मारकर मार डालेंगे।

**प्रश्न : आपके जीवन पर किस चीज़ का और किस व्यक्ति का अधिक प्रभाव पड़ा?**

**सलिल :** मेरे जीवन पर सबसे अधिक प्रभाव पाश्चात्य एवं भारतीय शास्त्रीय संगीत के चुनिंदा सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड और एक पुराना ग्रामोफोन, जो मेरे पिताजी का था, उसका बड़ा प्रभाव पड़ा। इसके अलावा दर्शनिकता की बात करें तो मेरे जीवन में मार्क्स और एंजिल्स के द्वंद्वात्मक एवं ऐतिहासिक भौतिकवाद का बहुत प्रभाव पड़ा।

**प्रश्न : आपको दूसरों की कौन सी बात बिल्कुल पसंद नहीं है?**

**सलिल :** समाज के ऊपर के तबके के दिखावटी लोगों का अहंकार और उग्रता का निर्लज्ज और बेशर्म प्रदर्शन।

**प्रश्न : आपको स्वयं की कौन सी चीज़ पसंद नहीं है?**

**सलिल :** सभी में अन्याय के विरुद्ध विरोध करने की ऊर्जा की कमी और आलस।

**प्रश्न : आपके पास सबसे मूल्यवान चीज क्या है?**

**सलिल :** मेरे अंतर की आवाज़, जो मुझे श्रेष्ठ सुर-रचना करते समय सहायता करती है।

**प्रश्न : आपका हर समय का साथी कौन है?**

**सलिल :** मेरे सपने और जिन स्वरों को मैं नहीं गा पाया वो।

**प्रश्न : आपको कब सबसे बुरा लगता है?**

**सलिल :** जब एक बेसुरा और कर्कश स्वर दूसरे सुर में मिल जाता है।

**प्रश्न : आपके चेहरे में आपको क्या पसंद नहीं है?**

**सलिल :** मेरा गंजा सर, जो एक समय घने और



काले बालों से भरा रहता था। हालांकि मेरी पत्नी कहती है कि आप अभी भी बहुत अच्छे दिखते हैं।

**प्रश्न : आपके प्रिय शब्द क्या हैं?**

**सलिल :** दरअसल और असल बात।

**प्रश्न : आपके पसंद की घूमने की जगह कौन सी है?**

**सलिल :** काजीरंगा के जंगल, जहाँ हाथी पर सवार होकर बाईसन और गेंडे का अभिवादन करता था। बचपन में मैं यह करता था।

**प्रश्न : आपका प्रिय सपना क्या है?**

**सलिल :** एक दिन सभी मनुष्य समान होंगे।

**प्रश्न : आपका दुस्वप्न क्या है?**

**सलिल :** फासीवाद।

**प्रश्न : आपके जीवन का श्रेष्ठ प्रेम क्या और कौन है?**

**सलिल :** मैंने जीवन में इतना प्यार और आशीर्वाद पाया है, जो मैं गिनना भूल गया हूँ। पर मैं कह नहीं सकता कि इसमें कौन सा श्रेष्ठ था।शायद मेरी माँ का प्रेम था जिसने दुख के लोहे को भी सोने में रूपांतरित कर दिया। मैं अभी भी उसे ढूँढता रहता हूँ; जैसे रविंद्रनाथ का पारस पत्थर ढूँढता हुआ पागल।

**प्रश्न : आपके जीवन की रसद क्या है?**

**सलिल :** मेरे सामने एक विशाल लक्ष्य है, जो मैंने अपने लिए निर्धारित किया है, जहाँ मैं कभी नहीं पहुँच पाता हूँ।

**प्रश्न : क्या आप कभी झूठ बोलते हैं?**

**सलिल :** हाँ, मैं अपने पिता की तरह झूठ बोलता हूँ। वे एक डाक्टर थे। वे अपने उन मरीजों को, जिनके जीने की उम्मीद बिल्कुल नहीं रहती थी, उन्हें भी वे कहते कि तुम बिल्कुल ठीक हो जाओगे।

**प्रश्न : आपको सबसे ज़्यादा किस बात का पछतावा होता है?**

**सलिल :** आजादी के 40 साल बाद भी मेरे देश के अधिकांश लोग अशिक्षित और गरीबी रेखा के नीचे हैं और मैं स्वयं उनके लिए लगभग कुछ नहीं कर सका हूँ।

**प्रश्न : आपके जीवन में सबसे ज़्यादा खुशी आपको कब मिली थी?**

**सलिल :** जब मेरा पहला बच्चा पैदा हुआ तो मुझे ऐसा महसूस हुआ कि मैं अपना भगवान हूँ; क्योंकि मैंने एक इंसान को जन्म दिया है।

**प्रश्न : किस बात के लिए आपकी आँखों में आँसू आते हैं?**

**सलिल :** कोई बेहतरीन कविता या धुन सुनकर, बिछुड़ने का ग़म अथवा मिलन का आनंद मिलने पर और मनुष्य के प्रति सहानुभूति उमड़ने पर। जैसे मदर टेरेसा ने कहा था कि महाराष्ट्र के भूकंप के सभी अनाथ बच्चों की जिम्मेदारी मैं लूँगी।

**प्रश्न : आप सेवानिवृत होने के बाद क्या कार्य करेंगे?**

**सलिल :** संगीत, कविता या फिल्म में ध्यान केंद्रित करूँगा। शतरंज खेलूँगा और फुर्सत में कभी सुरा-पान करके भी समय बिताऊँगा।

**प्रश्न : आप दूसरों की किस बात से सबसे अधिक ईर्ष्या करते हैं?**

**सलिल :** जो इस जन्म में मेरे साथ नहीं हो सकता; जैसे ओलंपिक का खिलाड़ी होना, एक वैज्ञानिक होना, अंतरिक्ष यात्री बनना या बीथोवेन या एंजेलो बनना।

**प्रश्न : आपको लोग किस तरह से याद करें, आप चाहते हैं?**

**सलिल :** मुझे नहीं लगता कि मेरा कोई भी अधिकार है कि मैं लोगों से कहूँ कि तुम मुझे क्यों और किस तरह याद करो।

**प्रश्न : आप किस तरह की मृत्यु की कामना करते हैं?**

**सलिल :** एक स्टूल पर बैठकर पियानो के कीबोर्ड से धुन बनाते-बनाते।

---

लघुकथा

## गांव की अम्मा

■ राजेन्द्र कुमार सिंह

अंबिका प्रसाद के स्वर्ग सिधारते ही सरस्वती किसके पास रहेगी यह एक विकट समस्या दोनों बेटों के समक्ष आ गई थी। मां को कौन रखेगा। दोनों बेटों के बीच एक अंतर्द्वंद्व सा चल रहा था। लेकिन निर्णय अभी तक नहीं हो पाया था।



इसी सोचने समझने और निर्णय लेने में श्राद्ध तक का समय निकल गया। लेकिन अभी तक कुछ प्रतिफल निकल नहीं पाया।

सरस्वती अपने दोनों बेटों के मनोभाव को भली-भांति भांप कर अपना निर्णय सुनाकर दोनों के आंतरिक द्वंद्व युद्ध को समाप्त करते हुए बोली-'मुझे कहीं नहीं जाना है।मैं यही रहूंगी जब तक शरीर चल रहा है। मैं किसी पर अवलंबित नहीं होऊंगी।'

जबकि मोहल्ले के लोग यही कह रहे थे-'अब इस परिवार का नाता इस गांव से सदा-सदा के लिए टूट जाएगा।बेटे तो यहां पर आने वाले नहीं और मां जाएगी तो फिर उसका लौटना किसी मायने में संभव नहीं। अब गांव में उसका है ही कौन। जमीन के सिवाय। किंतु जब सबने सुना कि सरस्वती यही गांव में रहेगी तो चेहरों पर खुशियां तैर गई।

अगले दिन बड़ा बेटा अपने परिवार सहित जाने की तैयारी में लग गया।किंतु एक बार भी नहीं कहा कि मां चलो मेरे साथ। बड़े का देखा-देखी कुछ ऐसा ही छोटे ने भी किया।

बेटों के बेरुखे व्यवहार से सरस्वती का मन भीतर से टूट कर खंड-खंड हो गया। जिनके लालन-पालन में अपने तन के जेवर तक बेच दिए उनका ऐसा व्यवहार? दो बेटों के बीच एक मां बोझ बनकर रह गई।

बेटों को विदा होते ही सरस्वती ने अपनी सारी जमीन गांव में स्कूल बनाने के लिए दान कर दी। क्योंकि गांव में एक भी स्कूल नहीं था। तो क्यों न इस अंचल संपत्ति को नेक कार्यों में लगाया जाए।

सरस्वती की बातें सुन गांव वालों ने जी-जान से इस कार्यक्रम को पराकाष्ठा पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

अब वह दो बेटों की नहीं पूरे गांव की अम्मा है।

---

## शीर्षक : जीवन एल्गोरिथ्म के अनुसार नहीं चलता

■ ट्विंकल तोमर सिंह

- जीवन कोरस की तरह ही तो है। कोरस में किसी एक का भी सुर गलत हो जाए तो पूरा गाना बेसुरा हो जाता है।
- मोटर गाड़ी जब तक चलते हैं, सफर आसान होता है, खराब हो जाएं, तो मरे हाथी के बराबर वजन हो जाता है।
- आपदाओं के भंवर में गरीब-गुरबों की ही नाव पलटती है, सक्षम तो किनारे लग जाते हैं।
- सफलताओं से अर्जित यश अगर किसी के काम न आ सके तो व्यर्थ है।
- खामोशी से दो तरंगे निकलती हैं, इकरार की और इन्कार की। पक्ष में, विरोध में।
- समंदर में भटके जहाज के कैप्टन को जब आकाश में कोई पंछी उड़ता हुआ दिखता है तो बड़ी राहत मिलती है।

किसी भी पुस्तक को पढ़ते समय मेरी उंगलियों की साथी होती है एक पेंसिल। हाल ही में एक पुस्तक मेरे हाथ में आई, उसी पुस्तक में पेंसिल द्वारा अंडरलाइन की गई कुछ पंक्तियाँ हैं ये। जो बात सुंदर लगे, वह मात्र एक बार पढ़कर भुला देने के लिए नहीं होती। ये पंक्तियां है सुनील सक्सेना जी के कहानी संग्रह 'तुम कैसी हो' से।

इस संग्रह 'तुम कैसी हो' में पच्चीस छोटी-बड़ी कहानियाँ हैं, जो समय समय पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहीं हैं। विशेष बात यह है कि किशोर वय में लिखी गयी कहानी से लेकर आज तक लिखी गयी कहानियाँ इस संकलन में सम्मिलित की गई हैं। संग्रह का शीर्षक इनकी एक कहानी 'तुम कैसी




**पुस्तक : तुम कैसी हो**
**लेखक : सुनील सक्सेना**
**प्रकाशन : न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, नई दिल्ली**
**मूल्य : 225 रुपये**
**प्रथम संस्करण : 2025**

हो' पर ही आधारित है। इस कहानी में एक पति के द्वारा आजीवन पत्नी को 'फ़ॉर ग्रांटेड' लेने के बाद, जब पत्नी जीवन संध्या में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद अपनी सेवा सुचारूरूप से नहीं दे पाती है, तब उसे पत्नी की अहमियत समझ में आती है। उसे अनुभव होता है उसने तो आजीवन पत्नी से पूछा ही नहीं 'तुम कैसी हो?'

सुनील सक्सेना जी कहानियाँ सरल, सहज, बोधगम्य भाषा में गढ़ी गयीं हैं। वह स्वयं कहते हैं कि उन्होंने कहानी के कहन को जटिलता और दुरूहता से बचाने का भरकस ख्याल रखा है ताकि रचना पठनीय बनी रहे। भूमिका में उनके द्वारा कही गयी एक बात मुझे बहुत अच्छी लगी- 'जीवन कभी भी एल्गोरिथ्म के अनुसार नहीं चलता है।'

सुनील सक्सेना जी की कहानियों एक विशेष बात जिसने मुझे प्रभावित किया वह है उनके कैनवस का विस्तृत होना। उनकी कहानियों के विषय में ताजगी और नयापन है। दूसरी बात शासकीय सेवा से रिटायर होने के बाद परिपक्व उम्र में भी उनकी समाज में घट रही सभी घटनाओं और बदलाव पर उनकी पैनी दृष्टि है। वे 'मिलेनियम जेन' से भी परिचित हैं, आज की पीढ़ी के कार्य करने के तौर तरीके के भी महीन जानकार हैं।

इस संग्रह की सबसे सुंदर कहानी मुझे 'आठ सिक्के' लगी जो कथादेश लघुकथा प्रतियोगिता में विजयी रह चुकी है। मेरे अनुसार इस संग्रह का शीर्षक यही होना चाहिए था। इसके अतिरिक्त 'खंडित व्यक्तित्व' ने भी बहुत प्रभावित किया। 'तुम कैसी हो' 'चोरी का गमला' 'दरार पर टंगा फ़ोटो' 'चिंटू का बर्थडे' 'डांस बार' 'एक अंतहीन यात्रा' कहानियाँ भी अच्छी लगीं। इसके अतिरिक्त अन्य कहानियाँ भी पठनीय हैं, समाज की कई घटनाओं को कवर करती हैं, उन पर दृष्टि डालने को मजबूर करती हैं।

न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन से प्रकाशित इस संग्रह की काग़ज़ क्वालिटी बहुत ही उम्दा है, इसके साथ ही फ़ॉन्ट, छपाई भी उत्कृष्ट स्तर की है। सालों-साल सफ़ेद बने रह सकने वाले पृष्ठ हैं। बस कहीं कहीं वर्तनी में कुछ त्रुटियाँ हैं, जिन्हें अनदेखा किया जा सकता है।

---

कविताएं

■ प्रियंका यादव

### 1 महाक्रांति'

किताबों पर पड़े
आंसुओं के निशान
अनकही कविता है
प्रेम की।
और किताबों पर लगे
हल्दी-मसाले के निशान
मौन हुंकार है, महागाथा है
संघर्ष की।

स्त्री प्रेम और संघर्ष को गांठ में बांधती है
कमर में खोंचती है
और निकल पड़ती है चुपचाप
महाक्रांति की ओर।

### 2 'बाजार का रोमांच'

देश में पानी और अनाज का स्रोत खत्म हो रहा है
नवजात शिशु का भविष्य अंधकार में है
वृद्ध भूख से कलप रहा है
स्त्रियां बेआबरू हो रही है
पिता विवश है
अपनी संतान के मृत्यु प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने को

मगर मीडिया यह बताने में लगा है कि
फलाना देश के पास असले का
कितना गोदाम भरा हुआ है।

उधर दूसरी दुनिया के देशों को
युद्ध अब असहज नहीं लगता
क्योंकि मीडिया यह बताने में लगा है कि
आसमान से गिरता बम कितना रोमांचकारी है।
हां हृदय विदारक नहीं 'रोमांचकारी'
क्योंकि युद्ध का हृदय विदारक लगना
मनुष्य के मनुष्य होने का लक्षण है
और युद्ध का रोमांचकारी लगना
मीडिया के बजारू होने का लक्षण।
और बाजार सिर्फ रोमांच बेचता है मानवीयता नहीं।

### 3 अंतिम सोपान

पुरुष प्रेम में गीत और कविता रचता है
विरह में रचता है
अपने जीवन की सबसे बेहतरीन गीत और कविता
स्त्री प्रेम में अपने को संवारती है
और विरह में घर

दरअसल रचनाएं
पुरुष की सृजनशीलता का अंतिम प्रमाण है।
और घर आज भी
स्त्री के सृजनशीलता का अंतिम सोपान ।

### 4 'हमारी किताबें'

पुरुष प्रेम में समर्पण मांगता है
और स्त्री
पुरुषवादी अहम से मुक्त
एक प्रेमी।

दरअसल प्रेम पुरुषवाद का विरोधी है
और पुरुषवाद प्रेम का
इसलिए समर्पित और अहम मुक्त प्रेमी
समाज विद्रोही बन जाते हैं

शायद यही कारण है कि हमारी किताबों में
पुरुष स्त्री का विरोधी है पूरक नहीं।

---

उर्दू व्यंग्य

## दावत - अदावत



**मूल रचनाकार - एजाज़ अली अरशद ( पटना )**

■ अनुवाद-अखतर अली

दावत और अदावत दोनों का इतिहास बहुत पुराना है। दावत का तो पता नही पर पहली अदावत की जानकारी है कि यह आदम के बेटे हाबिल और काबिल के बीच हुई थी। संभव है पहली दावत भी इसी समय हुई हो।

यह दु:ख की बात तो नही है लेकिन आश्चर्य की बात ज़रूर है कि ऐसे वैसे लोग भी कैसे कैसे विषय पर रिसर्च कर रहे हैं लेकिन आज तक किसी शोध के छात्र ने इस विषय पर पी.एच.डी. नही की।

इस विषय में लोग दो हिस्से में बटें हैं। विषय तो बस बहाना है उन्हें बटना ही था इसलिये बटें। एक पक्ष का कहना है कि दावत और अदावत का आपस में कोई संबंध नही है , ये दोनों विपरीत स्वभाव के शब्द है इनका एक दूसरे से कोई लेना देना नही है।

दूसरे पक्ष का कहना हैं इनका नज़दीकी संबंध हैं। दावत में से ही अदावत जन्मी है। नब्बे प्रतिशत से भी अधिक अदावतें दावतों से शुरू हुई है या दावतों पर खत्म हुई है। अधिकतर दावत की ही इसलिये जाती है ताकि जिससे अदावत है उसे न बुलाकर अपमानित करें और कभी दावत इसलिये की जाती है ताकि जिससे अदावत है उसे बुला कर ज़लील करें।

दावत का ऐलान होता है और अदावत गुप्त रखी जाती है। जिनसे अदावत है वो भी दावत दे तो बंदा खुशी खुशी चला जाता है और कहता है वो तो मेरे बाप दादा के इनके बाप दादा से मधुर संबंध थे इसलिये आ गया वरना मैं इसके घर कदम भी न रखू। दावत देने वाला जानता है भले दिल में कितनी भी अदावत हो स्वादिष्ट भोजन की चाह उसे खींच लायेगी। कभी दावत से अदावत खत्म हो जाती है तो कभी अदावत अदालत तक जाती है। दावत चंद घंटो में खत्म हो जाती है जबकि अदावत कई पीढ़ियों तक भी चलती है। कभी कोई छोटा आदमी अपने से बड़े आदमी की दावत करता है और अपने जैसे लोगो से अदावत मोल लेता है।

दावत में सम्मोहन है , लुत्फ़ है , ज़ायका है। दावत में वह आकर्षण है कि अदावती भी खिंचा चला आता है। जब दो विरोधी नेताओं को मिलाना होता है या दो दुश्मन अफ़सरों में दोस्ती करवानी होती है तो दावत का इंतज़ाम किया जाता है। दावतों में ही फैसला तय होता है कि क्या बात दबाना क्या बात फैलाना। खाने के टेबल पर पुरानी रंजिश खत्म और नई दुश्मनी का आरंभ होता है। यहां तक की कौमों और मुल्को के फैसले भी रात्रि भोज में लिये जाते हैं। दस्तरखान पर ही शादी और तलाक पर अंतिम निर्णय होता है।

दावत को सफ़ल केवल आदमी ही करते हैं क्योंकि दावत में आई नब्बे प्रतिशत औरतें तो डायटिंग कर रही होती है इसलिये खाने को हाथ भी नही लगाती। जो दस प्रतिशत औरतें बचती हैं वह यह तो नही कहती कि डायटिंग कर रही हूँ वह कहती है आज मेरा उपवास है , मीठा खाने के लिये डाक्टर ने मना किया है , सब्जी में मिर्च बहुत है। बहुत आग्रह करने पर वह छोटे से ग्लास में आधा ग्लास सूप ले लेती हैं।

सरकारी दावतों में अदावते भुला कर शामिल हुआ जाता है क्योंकि यहीं ठेके और टेंडर मिलते हैं। इस दावत में कहते हैं भोजन कम कमीशन ज़्यादा खाया जाता हैं। इस दावत में बिन दावत के बेरोजगार और बेरोज़दार शामिल हो जाते हैं। कमीशनखोर , चुगलखोर , आदमखोर की तरह दावतखोर लोग भी होते हैं। इनको जब किसी दिन कही की दावत नही मिलती उस दिन ये देर तक सोते है कि जल्दी उठ कर करेंगे भी क्या ? इस दिन ये ब्रश भी नही करते हैं।

यह ज़रूरी नही है कि दावत सिर्फ़ खाने पीने की ही होती है। कोई पुण्य कमाने की दावत देता है , कोई धन कमाने की दावत देता है , कोई गुनाह करने के लिये आमंत्रित करता है , बकौल मंटो - वह इश्क का दस्तरखान बिछा कर हुस्न की दावत दे रही थी।

दावत की तरह अदावत की भी कई किस्में होती हैं। कुछ अदावत लोगो को विरासत में मिलती हैं जिनका निर्वाह उनकी आने वाली नस्ले भी करती हैं। कई अदावते अदालत तक भी गई हैं। सालो साल तक मुक़दमे चले लेंकिन उन्होंने समझौता नही किया क्योंकि अगर केस खत्म हो जाता तो फिर उनका टाईम पास कैसे होता ?

पड़ोसी , दोस्त और दुश्मन की अदावत इतनी ख़तरनाक नही होती क्योंक समझदार लोग बीच में आकर समझौता करा देते हैं। दो भाइयों के बीच की अदावत सब से ख़तरनाक अदावत होती है क्योंकि इसमें कोई मध्यस्ता करने को भी तैयार नही होता। इस बात में वज़न है कि भाई - भाई में प्रेम है तो भाई से अच्छा कोई सहयोगी नही और नफ़रत है तो भाई से बड़ा कोई दुश्मन नही।

साहित्यिक अदावत भी अपनी बुलंदी पर मौजूद हैं। यहां अदावत का मुख्य हथियार उपेक्षा है। जिसने ज़रा अच्छा लिखा और उससे अदावत चालू। अदबी अदावते बेअदबी तक पहुच गई है। यहां गोष्ठी का आयोजन कर अदावत निभाई जाती है। इसमें वरिष्ठता और योग्यता का मूल्यांकन नही होता। जो दोस्त है उसे मंच पर और जिससे अदावत है उसे श्रोताओं में बिठाया जाता है।

प्रिय पाठको , मैंने अपने आस - पास दावत और अदावत का जो व्यापक दृश्य देखा तो यह रचना लिखने का विचार आया। अगर रचना पसंद आये तो भले दावत मत देना लेकिन नापसंद होने पर अदावत मत पालना। शायर कलीम आजिज़ साहब के शेर में एक शब्द परिवर्तित कर उन दो लाईनों से रचना का समापन कर रहा हूँ -

**करे हैं अदावत भी वो इस अदा से**
**लगे है कि जैसे दावत करें हैं।**
**( शगूफ़ा हैदराबाद 1996 में प्रकाशित )**

# तिरंगा यात्रा में उमड़ा देशभक्ति का सैलाब, गांव से लेकर शहर तक गूंजा जयघोष

## केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने दिखाई यात्रा को हरी झंडी

### विधायक, जनप्रतिनिधियों, कमिश्नर, कलेक्टर एवं नागरिकों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

### राष्ट्रप्रेम से सराबोर होकर जिले भर में निकली तिरंगा यात्रा





**बिलासपुर**, 17 मई (देशबन्धु)। जिले में ऑपरेशन सिंदूर अभियान के अंतर्गत देशभक्ति से ओत-प्रोत तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। जिला स्तरीय यात्रा को केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक अमर अग्रवाल, धरमजीत सिंह, धरम लाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श् राजेश सूर्यवंशी, कमिश्नर सुनील जैन, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह सहित जनप्रतिनिधि, पंचायत एवं नगरीय निकायों के प्रतिनिधि, अधिकारी, आम नागरिक, बच्चे एवं जवान बड़ी संख्या में शामिल हुए और देश के प्रति अपनी एकजुटता एवं सम्मान प्रकट किया।

तिरंगे के सम्मान में आज तिरंगा यात्रा की शुरुआत मिनी स्टेडियम गांधी चौक से शुरू होकर लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में समाप्त हुई। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने भी पूरे जोश और उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्' और 'जय हिंद' के नारों से सम्पूर्ण वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा। तिरंगा यात्रा में पूर्व सैनिक, स्कूली छात्र, एनसीसी, एनएस एस, स्काउट, खिलाड़ी, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि और प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती ललिता संतोष कश्यप, जिला पंचायत सदस्य गोविंद वैष्णव, श्रीमती हर्षिता पांडे, दीपक सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी हरिदत्त तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी, एडीपीओ रामेश्वर जायसवाल, वासुदेव पांडे, डीएमसी श ओम पांडे, जिला क्रीड़ा अधिकारी, एनएनएनएस के प्रभारी मनोज सिंहा, अरपा अर्पण अभियान के श्याम मोहन दुबे सहित अन्य लोगों ने शिरकत की।

इसी तरह जिले के सभी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में रैली यात्रा निकाली गई। जिसमें ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक लोगों ने मार्च किया। ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत पूरे जिले में एक साथ तिरंगा यात्रा आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार करना, समाज को जागरूक करना तथा जनसहभागिता के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है। इस आयोजन में नागरिकों ने अनुशासन और उत्साह के साथ सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।यात्रा के समापन पर सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थित नागरिकों ने गर्व से भाग लिया। आयोजन के अंत में जनप्रतिनिधियों ने तिरंगे के संरक्षण, संवर्धन एवं सम्मान की शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा चलाए गएऑपरेशन सिदूंर की सराहना हर देशवासी कर रहा है। भारतीय सेना द्वारा देश की रक्षा हेतु अदम्य साहस का परिचय देते हुऐ देश की सीमाओं की रक्षा अत्यन्त वीरता के साथ की जा रही है।

## यह यात्रा भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम के प्रति हमारे कृतज्ञता के भावना-अमर

ऑपरेशन सिंदूर के सफलता के उपरांत भारतीय सेना के सम्मान में पूरे देश में चल रहे भारत शौर्य तिरंगा यात्रा के क्रम में आज बिलासपुर में भी गांधी चौक से लेकर लखीराम सभागार तक भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम नगरवासियों ने विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान भारत माता के खूब जयकारे लगाए गए। अमर अग्रवाल ने सारे नगर वासियों को संबोधित करते हुए कहा, यह यात्रा भारतीय सेना के अदम्य साहस,शौर्य और पराक्रम के प्रति हमारे कृतज्ञता के भावना का प्रतीक है । सेना की इच्छाशक्ति और देश के प्रति मर मिटने के जज्बे को सम्मान देने का एक छोटा सा प्रयास है। अग्रवाल ने बताया कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सेना ने जबरदस्त सफलता प्राप्त की है । पाकिस्तान के नापाक इरादों को ध्वस्त करके देश ने दिखा दिया है की इस नए भारत में आतंकवादी ताकतों को पनपने का कोई मौक़ा नहीं दिया जाएगा।।

शहर में निकले भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में भाजपा के कई बड़े दिग्गज नेताओं के साथ साथ आम लोगों में भी ज़बरदस्त उत्साह देखा गया । बिलासपुर शहर की खूबसूरत विविधता का एक अनूठा नजारा देखने को मिला जब हर वर्ग और समाज के लोगों ने देश के प्रति अपनी आस्था को व्यक्त करते हुए तिरंगे को जमकर लहराया और देशभक्ति के गीत गाये।

## कलेक्टर-एसपी तिरंगा यात्रा में शामिल होने एक साथ पहुंचे बहतराई गांव

### महिलाओं को बताई ऑपरेशन सिंदूर की कहानी

### जल बचाने ग्रामीणों से किया प्रेरक संवाद




कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसपी रजनेश सिंह आज एक साथ तखतपुर विकासखंड के ग्राम बहतराई में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। यात्रा का आयोजन एनआरएलएम की महिला समूहों की अगुवाई में किया गया था। कलेक्टर और एसपी दोनों महिलाओं और ग्रामीणों के साथ तिरंगा रैली में शामिल हुए। कलेक्टर ने इस अवसर पर भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की कथा सुनाई। संपूर्ण गांव का वातावरण देशभक्ति मय भावनाओं से सराबोर हो गया। सबने भारतीय सेना के पराक्रम को नमन किया। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा भी इस अवसर पर मौजूद थे।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने इस पावन मौके पर ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। भू जल स्तर बढ़ाने में योगदान पर उनसे चर्चा की। उन्होंने गांव की स्वयं सहायता समूह की दीदियों और ग्रामीणजनों से चर्चा करते हुए जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि पानी की लगातार घटती उपलब्धता हम सबके लिए चिंता का विषय है। उन्होंने सुझाव दिया कि परंपरागत धान की खेती के स्थान पर ऐसी फसलें अपनाई जाएं जिनमें जल की खपत कम हो। इसके साथ ही उन्होंने वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बताते हुए कहा कि इससे न केवल भूजल स्तर में वृद्धि होगी, बल्कि भविष्य के लिए जल की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। स्व सहायता समूह की दीदियों ने इस दौरान गांव में नशे की बढ़ती समस्या और अवैध शराब की बिक्री के कारण गांव में बढ़ती नशाखोरी की शिकायत की। इस पर पुलिस अधीक्षक श्री रजनेश सिंह ने तुरंत संज्ञान लेते हुए गांव में चलित थाना प्रारंभ करने की बात कर समस्या निवारण का आश्वासन दिया और कहा कि अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और गांव को नशामुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, समूह की महिलाएं मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मोर गांव मोर पानी अभियान की शुरुआत की गई है जिसमें ग्रामीणों को वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# फीजिबिलिटी सर्वे करने वाली कंपनी बोरकर और मजूमदार बिलासपुर के सभी वर्गों से संपर्क करें

### 4सी एयरपोर्ट की संदर्भ में एक माह के अंदर सर्वे करने का काम कंपनी को मिला है

### अब तक कंपनी ने बिलासपुर में किसी से संपर्क नहीं किया

**बिलासपुर**, 17 मई (देशबन्धु)। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट को 4सी एयरपोर्ट बनाने के संबंध में हो रहे फीजिबिलिटी सर्वे करने वाली कंपनी से बिलासपुर के सभी वर्गों से संपर्क करने की मांग की है। गौरतलब है कि मुंबई की बोरकर और मजूमदार कंपनी को यह सर्वे का काम मिला है और एक महीने का समय इसके लिए दिया गया है। समिति ने मांग की कि कंपनी न केवल सकेगी। हालांकि अभी तक कंपनी ने समिति के सदस्यों से कोई संपर्क नहीं किया है। समिति ने फिर इस बात को दोहराया है कि बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट उत्तर छत्तीसगढ़ के 14 जिलों के अलावा मध्य प्रदेश के तीन जिलों और यहां तक की रायपुर और दुर्ग संभाग के बलौदा बाजार बेमेतरा जिलों के लिए सबसे नजदीकी एयरपोर्ट है। छत्तीसगढ़ राज्य के अधिकतर पावर प्लांट इसी क्षेत्र में पढ़ते हैं सारी कोयला खदानें भी उत्तर छत्तीसगढ़ में है इसके अलावा पूर्व और रायगढ़ में बड़ी संख्या में औद्योगिक संस्थान है इस सब के बावजूद बिलासपुर में एक सर्व सुविधायुक्त 4सी एयरपोर्ट को विकसित न किया जाना समझ से परे है। समिति ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण पूरे




बिलासपुर के सभी सरकारी दफ्तरों सार्वजनिक उपक्रमों निजी संस्थाओं में एयरपोर्ट के संबंध में सर्वे करें बल्कि जितने भी व्यापारिक संगठन है जैसे चेंबर ऑफ कॉमर्स उद्योग संघ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन इंजीनियर आर्किटेक्ट एसोसिएशन अधिवक्ता संघ जैसे सभी प्रोफेशनल संस्थाओं से भी संपर्क करें। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि उनके प्रतिनिधि द्वारा करीब 7 दिन पूर्व बोरकर और मजुमदार कंपनी के मुंबई ऑफिस और बिलासपुर प्रतिनिधि से चर्चा की थी और यह आग्रह किया था कि सर्वे करने के पहले समिति के सदस्यों से भी एक वार्तालाप कर किया जाए । जिससे कि समिति के सदस्य कहां-कहां से बिलासपुर से हवाई सुविधा का लाभ उठाने के लिए लोग आ सकते हैं इस संबंध में एक विस्तृत ब्यौरा दे राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए हुआ था और पिछले 25 सालों में यह विकास केवल राजधानी रायपुर के आसपास केंद्रित है इसी कारण आज भी सभी बातों के लिए लोगों को रायपुर भागना पड़ता है। यह स्थिति अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और बिलासपुर में हर हालत पर 4सी एयरपोर्ट बनाया जाना चाहिए। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा और आगमन के कम से सर्वश्री अनिल गुलहरे रवि बनर्जी बद्री यादव डॉ प्रदीप रही रवि शंकर भगत संतोष पीपलवा प्रकाश बहरानी अशोक भंडारी मनोज श्रीवास चित्रकांत श्रीवास दीपक कश्यप गोपाल दुबे परसराम कवर्थ मोहन जायसवाल रणजीत सिंह खनूजा समीर अहमद बबला आशुतोष शर्मा जसवीर सिंह चावला अखिल अली मोहसिन अली आदि उपस्थित थे।

# महमंद में बच्चों के लिए चेतना अभियान, एक माह से लगातार चल रहा जागरूकता कार्यक्रम




### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह के मार्गदर्शन में बच्चों का हो रहा चहुमुखी विकास

### 140 स्कूली व कॉलेज छात्रों ने निबंध व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में लिया उत्साहपूर्वक भाग

### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा ने उत्कृष्ट प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**बिलासपुर**, 17 मई (देशबन्धु)। पुलिस द्वारा संचालित चेतना अभियान के अंतर्गत आओ सँवारे कल अपना कार्यक्रम का सफल आयोजन ग्राम महमंद में विगत एक माह से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों व युवाओं को नशा और मोबाइल की लत से बाहर निकालकर उन्हें खेल व रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है।

इस सामाजिक मुहिम में जीवधरणी फाउंडेशन ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए सामान्य ज्ञान एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें महाविद्यालय और विद्यालय के कुल 140 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा ने पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए।

श्रीमती अर्चना झा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि एक स्वस्थ जीवनशैली व उज्जवल भविष्य की ओर मार्गदर्शन करने का सशक्त साधन है। प्रत्येक बच्चे में असीम संभावनाएं हैं, बस उन्हें सही दिशा की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच श्रीमती पूजा निर्मलकर, विक्की निर्मलकर, अभय नारायण राय, तिलक साहू, विकास चंद्र वर्मा, श्रीमती आकांक्षा जनोकर, राजा कौशिक सहित खेल प्रशिक्षकों की पूरी टीम एवं ग्राम पंचायत के सदस्यगण उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाकर बच्चों का हौसला बढ़ाया।

यह संपूर्ण आयोजन बिलासपुर पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह (भापुसे) के मार्गदर्शन में चल रहे बहु-प्रतिष्ठित चेतना अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन और बच्चों में आत्मनिर्भरता व आत्मविश्वास का विकास करना है।

### रोजगार कार्यालय कोनी में प्लेसमेंट कैंप 20 को

**बिलासपुर**, 17 मई (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोनी में 20 मई 2025 को सवेरे 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया है। कैंप में 2 निजी कम्पनियों द्वारा सेल्स मैनेजर, सेल्स एक्जिक्यूटिव, एकाउंटेंट, टेलीकॉलिंग, मशीन ऑपरेटर के 72 पदों पर भर्ती की जाएगी। 10वीं, 12वीं एवं स्नातक पास अभ्यर्थी इस कैंप में भाग ले सकते हैं। रोजगार के इच्छुक आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधी अंकसूची एवं आधार कार्ड की मूलप्रति एवं छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होकर कैंप का लाभ ले सकते हैं।

**NECC**

| 18.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 540 | 75 | 140 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 165 |
| डिलीवरी | 555 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 78 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

**CSPFA**

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

## नगरीय निकाय में चल रही पदोन्नति की कार्यवाही, भर्ती की प्रकिया भी शुरू- डिप्टी सीएम

### अधिकारियों के पास काम करके दिखाने का अच्छा अवसर, आम जन का मिलेगा आशीर्वाद




**बिलासपुर**, 17 मई (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री अरुण साव बिलासपुर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी संघ द्वारा आयोजित अभिनंदन एवं शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। समारोह में उन्होंने संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और सभी को अच्छे कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि, विभाग की जिम्मेदारी संभाली तो पहली प्राथमिकता अनुकंपा नियुक्ति, दूसरा पदोन्नति, तीसरा नई नियुक्तियां और भर्ती की रही। उन्होंने बताया कि, मेरे विभाग के सभी कार्य को प्राथमिकता में लेकर पूरा किया है। लंबित मामलों का समाधान किया है। लोक निर्माण विभाग में सारे पदोन्नति के कार्य पूर्ण हो गए हैं। मेरा मानना है कि पहले अधिकारियों और कर्मचारियों को उनका हक मिलना चाहिए। श्री साव ने बताया कि वर्तमान ने नगरीय निकाय में सभी पदोन्नति की कार्यवाही चल रही है। भर्ती की प्रकिया भी प्रारंभ की है। पी डब्लू डी और पी एच ई में भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि जब तक पर्याप्त अमले का अभाव होगा तो काम नहीं होगा।

श्री साव ने कहा कि लंबे समय से नगरीय निकाय का वर्गीकरण नहीं हुआ है। इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। सेटअप के पुनर्निधारण के लिए प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि कई ऐसे बदलाव की कोशिश की है, जिसका लाभ प्रदेश की जनता को मिला है। सुबह फील्ड में निकलने से विभाग को तो लाभ हुआ है, साथ ही अधिकारियों को व्यक्तिगत लाभ हुआ है। इससे नगर चलाने में बहुत मदद मिली होगी। श्री साव ने कहा कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीएससी के माध्यम से मेहनत और योग्यता से चयनित होते हैं। आप लोगों के पास काम करके दिखाने का सुनहरा अवसर होता है। अच्छे कार्य कर लोगों के चेहरे पर खुशियां लाएंगे तो वह आपको आशीर्वाद देकर जाएगा। आप अपने काम से उस नगर में जाने जाएंगे।

श्री साव ने संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष राजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष पूजा पिल्लई, कोषाध्यक्ष खजांची कुमार, सचिव सुशील, सह सचिव सूर्यकांत श्रीवास्तव को नवीन दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संयुक्त संचालक रायपुर लोकेश्वर साहू, राकेश जायसवाल, मिथलेश अवस्थी, संघ नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं अधिकारी गण उपस्थित थे।

# तिरंगा यात्रा, सुशासन तिहार और मां कर्मा जयंती में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू शामिल हुए

### ऑपरेशन सिंदूर' के समर्थन में भव्य 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन

**बिलासपुर**, 17 मई (देशबन्धु)। ज़िले के बिल्हा जनपद और मिनी स्टेडियम में आयोजित 'तिरंगा यात्रा' ने राष्ट्रप्रेम का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने जनसैलाब के साथ कदम मिलाकर इस आयोजन में भाग लिया। सैकड़ों की संख्या में युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और ग्रामीण नागरिकों की सक्रिय उपस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारतवासी आज देश की रक्षा और एकता के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध हैं।

श्री साहू ने अपने उद्बोधन में कहा-आज का दृश्य हर भारतवासी के हृदय को गर्व और उत्साह से भर देता है। हाथों में तिरंगा, आंखों में आत्मविश्वास और हृदय में राष्ट्रभक्ति — यही है नए भारत की पहचान। देशभक्ति, सेना के सम्मान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' को मिल रहे जनसमर्थन को जागरूक नागरिकों की राष्ट्रभक्ति का प्रमाण बताया और कहा-हर हाथ में तिरंगा, हर हृदय में भारत — यही है एकजुट भारत की सच्ची तस्वीर।



### समाधान शिविर में जनसेवा को प्राथमिकता

बिल्हा जनपद में आयोजित 'समाधान शिविर' में श्री साहू ने सीधे जनता से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से सुना और अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक जनसेवा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। समाधान शिविर जनसरोकार का प्रभावी माध्यम है, जहां जनता को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते।

### मां कर्मा जयंती पर आध्यात्मिक और सामाजिक मूल्यों का संदेश

मुंगेली ज़िले के जरहागांव में आयोजित मां कर्मा जयंती समारोह में श्री साहू ने भक्त माता कर्मा जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने माता जी को भक्ति आंदोलन की अग्रणी और सामाजिक समरसता की प्रतीक बताया। श्री साहू ने कहा-भक्त माता कर्मा का जीवन त्याग, सेवा और समता का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने उस युग में सामाजिक समरसता और वर्ण-भेद से ऊपर उठकर समता का जो संदेश दिया था, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771